2 | फरीदाबाद
11वीं कक्षा के दो छात्रों के शव फंदे पर लटके मिले, हत्या की आशंका

6 | अभिमत
निज्जर की हत्या के जिम्मेदार?

9 | देश-विदेश
राजग में वापसी कभी नहीं, विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर रहा हूं : नीतीश

11 | आध्यात्म
सेवा और ध्यान के सद्गुण

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 228
फरीदाबाद, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66,023 | ▲ | 14.54 |
| निफ्टी | 19,674 | ▲ | 0.30 |
| सोना | 60,050 | ▲ | 10 /10 gm |
| चांदी | 75,350 | ▼ | 450 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 25.00°C

## क्विक न्यूज

### पहले सी-295 विमान को वायुसेना में शामिल किया गया



**गाजियाबाद।** पहले सी-295 मध्यम सामरिक परिवहन विमान को सोमवार को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया, जिससे सेना की रसद तथा अन्य क्षमताओं में बढ़ावा होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में यहां हिंडन वायु सेना स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सी-295 को वायु सेना में शामिल किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी वायुसेना और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद रक्षा मंत्री सिंह सर्व धर्म पूजा में शामिल हुए, जो सी-295 को वायुसेना में शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।

### मालेगांव ब्लास्ट केस में दो घंटे लेट पहुंची प्रज्ञा



**मुंबई।** भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर मालेगांव ब्लास्ट मामले में आरोपी हैं। प्रज्ञा सोमवार 25 सितंबर को एनआइए कोर्ट में पेश हुईं। इससे पहले उन्होंने कोर्ट से कहा कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही हूं। इसके चलते डॉक्टर ने मुझे सुबह जल्दी उठने से मना किया है। इसके बाद प्रज्ञा करीब दो घंटे लेट दोपहर दो बजे कोर्ट पहुंचीं। कोर्ट ने कहा कि अब तीन अक्टूबर को बयान रिकॉर्ड किए जाएंगे। एक बार सबूतों की रिकॉर्डिंग हो जाए, इसके बाद कोर्ट धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान रिकॉर्ड करेगा। प्रॉसीक्यूशन ने 14 सितंबर को कोर्ट को जानकारी दी थी कि सबूतों की रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। हमारी तरफ से अब किसी भी चश्मदीद से पूछताछ नहीं होगी। प्रावधान ये है कि कोर्ट आमतौर पर मामले में अभियुक्तों से सवाल पूछता है, ताकि वह अपना तर्क दे सके।

### पांच एचपीएस अफसरों का ट्रांसफर हुआ

**चंडीगढ़।** प्रदेश में पुलिस महकमे में प्रमोशन और ट्रांसफर का सिलसिला जारी है। राज्य के होम डिपार्टमेंट ने इसी क्रम में 5 एचपीएस अफसरों की ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में एचपीएस अमित दहिया, रविंद्र सिंह तोमर, ऊषा देवी, पुष्पा और अनिल कुमार का नाम शामिल है। वहीं अंबाला रेंज के एसएसपी शिवराज कविराज ने 23 सब इंस्पेक्टरों की प्रमोशन लिस्ट जारी कर दी। यह प्रमोशन पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एक ऑर्डर पर किए गए हैं।

# राहुल गांधी ने अबकी बार ट्रेन से 117 किलोमीटर का सफर किया

## दो घंटे में बिलासपुर से रायपुर पहुंचे, स्लीपर कोच में लोगों की समस्याएं जानीं

### राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया

**एजेंसी।** बिलासपुर

**छत्तीसगढ़** दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। इस दौरान पैसेंजर्स से उनकी समस्याओं पर बात भी की। राहुल ने ट्रेन में मौजूद महिला हॉकी खिलाड़ियों से बात की। उनकी ट्रेनिंग और उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ सीएम भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम-घूमकर लोगों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।




### खिलाड़ियों ने ग्राउंड में टर्फ की भी मांग की

उन्होंने छात्रों को चॉकलेट और चिप्स भी खरीद कर दी। राहुल गांधी का रायपुर से बिलासपुर जाने का भी सफर ट्रेन से तय था। लेकिन ट्रेनों की लेट-लतीफी के चलते उनका जाने का सफर टल गया था। बताया जा रहा है कि महिला खिलाड़ी से राहुल गांधी ने पूछा की आप कौन सा खेल खेलते हैं। तो खिलाड़ी ने बताया कि मैं हॉकी खेलती हूं। तो राहुल गांधी ने पूछा कि कौन सी पोजिशन पर खेलती हैं। तब खिलाड़ी ने कहा कि, मैं सेंट्रल पोजिशन में खेलती हूं। इन खिलाड़ियों ने ग्राउंड में टर्फ की भी मांग की।

# मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी : प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल



**मध्यप्रदेश** में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मेगा शो किया। उन्होंने भोपाल के जंबूरी मैदान पर भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है। मोदी ने महिलाओं को लोकसभा-विधानसभाओं में 33 फीसद आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र किया। इसी बहाने उन्होंने विपक्ष को भी आड़े हाथ लिया। मोदी ने कांग्रेस पर कहा, कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है।

## कैथल में हुई इनेलो की ऐतिहासिक रैली, बिहार सीएम नहीं पहुंचे

# इनेलो की सरकार बनी तो हर घर सिलेंडर और 1100 रुपये पहुंचाएंगे : ओपी चौटाला

## नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख ने कहा, बिना एकजुट हुए भाजपा को नहीं हरा सकते

### पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कृषि कानूनों पर केंद्र को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**कैथल** की नई अनाज मंडी में इनेलो के पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती पर विपक्षी नेता एक मंच पर दिखाई दिए। विपक्ष के नेताओं ने अपील की कि भाजपा को हराने के लिए एक मंच पर आना जरूरी है। वहीं टीएमसी के नेताओं ने केंद्र के महिला आरक्षण बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जुमला बताया। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूख अब्दुल्ला ने विपक्ष के नेताओं को एक मंच पर आने की अपील की। जदयू की तरफ से केसी त्यागी ने रैली में भाग लिया। वहीं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं पहुंचे। वह बिहार में हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ही शामिल हुए। जबकि इनेलो की ओर से उन्हें समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया था। वहीं पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक भी रैली में नहीं पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें बुखार है। हालांकि उन्होंने अपनी शुभकामनाएं अभय चौटाला को भेज दी थी। वहीं रैली में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने किसानों के बहाने केंद्र सरकार पर रद्द हुए तीनों कृषि बिलों को लेकर अपरोक्ष रूप से हमला किया। इनेलो की रैली में भीम आर्मी से चंद्रशेखर आजाद रावण, पूर्व संसदीय सचिव रामपाल माजरा, टीएमसी सांसद ड्रेन ओ मार्क भी पहुंचे थे। इसके अलावा रैली में शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल अपनी पूरी टीम के साथ शामिल हुए। रैली के दौरान पूर्व पूर्व विधायक अब्दुल उर रहमान और नूंह के पूर्व एमएलए हबीबुर्रहमान ने इनेलो का दामन थाम लिया।

रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला ने घोषणा की कि यदि इनेलो की सरकार बनती है तो वृद्धा पेंशन 7000 रुपए की जाएगी। इसके अलावा एक सिलेंडर और 1100 रुपये हर घर में पहुंचाएंगे। हर बच्चे को निशुल्क शिक्षा देंगे। हर बच्चे को नौकरी देंगे। जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक उन्हें 21 हजार रुपया बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा। सरकार बनने के बाद नए स्कूलों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इनेलो की सरकार बना दो। मैं सब वादे पूरे कर दूंगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अभय सिंह चौटाला के हाथों को मजबूत करो। जब ये गलती करेगा तो मैं इसके कान भी खींचूंगा।

वहीं रैली को संबोधित करते हुए इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो प्रदेश में परिवर्तन करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में हम फिर से परिवर्तन करने जा रहे हैं। 2000 से ज्यादा गांव के लोगों से परिवर्तन यात्रा के दौरान मुलाकात हुई। 2024 में हर हाल में इनेलो की सरकार बनेगी। उन्होंने अन्य विपक्षी दलों से बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट होने की अपील की।

इनेलो की रैली में पहुंचे टीसमसी के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने अपने संबोधन में कहा कि ममता दीदी ने हमको यहां भेजा है। ममता दीदी उत्सुक थीं। मगर वह किन्ही कारणों से आ नहीं सकी। ममता दीदी ने बोला, कि वहां जाओ, अभय की जरूरी सभा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी चंद अमीरों के लिए काम करती है, आम लोगों के लिए काम नहीं करती। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15-15 लाख रुपये देंगे, लेकिन आज तक नहीं दिए। महिला आरक्षण बिल भी मोदी का एक और जुमला ही है। खास बात ये है कि एक तरफ इनेलो ने जहां कैथल में ताऊ देवीलाल की जयंती मनाई। वहीं, प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी ने राजस्थान के सीकर में देवीलाल की जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई।



### फारुख ने कांग्रेस के नेताओं को एक मंच पर आने को कहा

**फारुख** अब्दुल्ला ने नेताओं से कहा कि अपने झगड़े भूल जाओ। उन्होंने कहा यदि भाजपा को हराना है तो सभी का एकजुट होना जरूरी है। अकेले हम भाजपा को नहीं हरा सकते। उन्होंने ओपी चौटाला, सुखबीर सिंह बादल, कांग्रेस के नेताओं को एक मंच पर आने की अपील की। फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि एक दूसरे से शिकायतों को करने के बजाय एक साथ मिलकर चलने की जरूरत है।

### हरियाणा के आवाम की चौधर इनेलो ही ला सकती है वापस: त्यागी

**जनता** दल यूनाइटेड के महासचिव के.सी. त्यागी ने कहा कि हरियाणा के आवाम की चौधर को इनैलो ही वापस ला सकती है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने वीपी सिंह को प्रधानमंत्री, लालू यादव व मुलायम यादव को मुख्यमंत्री बनवाया। शरद यादव को केंद्रीय मंत्री बनवाया। त्यागी ने कहा कि कभी इनैलो, शिवसेना, जनता दल यूनाइटेड, अकाली दल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा थे आज नहीं हैं।

# घर की रजिस्ट्री कराने पर बिल्डर या एचएसवीपी देगा मुफ्त साइकिल



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### करनाल में साइक्लोथॉन समापन पर सीएम ने की घोषणा

### यात्रा में शामिल पुलिसकर्मियों की पांच दिन छुट्टी

**प्रदेश** में नशे के खिलाफ शुरू हुई साइक्लोथॉन का सीएम सिटी करनाल में समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा में शामिल सभी पुलिस जवानों को पांच दिन की छुट्टी दी जाएगी। साथ ही डीजीपी की तरफ से सभी जवानों को क्लास वन का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए राज्य में सभी हुक्का बारों को बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही घर बनाने वाले बिल्डर या एचएसवीपी विभाग हर घर की रजिस्ट्री पर एक साइकिल देगा। इससे पहले करनाल में मनोहर लाल मंगलवार को कार फ्री डे की घोषणा कर चुके है, जिसके बाद डीसी से लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारी साइकिल और पैदल ही अपने दफ्तर में पहुंचे थे।

हरियाणा में 25 दिन बाद नशे के खिलाफ शुरू हुई साइकिल यात्रा साइक्लोथॉन का पहिया करनाल में थम गया। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद मौजूद रहे। इससे पहले सीएम ने यमुनानगर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए पंजाब पर निशाना। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पड़ोसी राज्य के युवाओं में नशे का प्रचलन बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में नशे के खिलाफ चल रही इस मुहिम में लोगों का उत्साह चरम पर है।

मुख्यमंत्री ने यमुनानगर में कार्यक्रम के दौरान कहा कि नशे के खात्मे के लिए नशे की सप्लाई चेन तोड़नी बहुत जरूरी है। हरियाणा पुलिस इस काम को बेहतर ढंग से कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत से नशा तस्करों की प्रॉपर्टी को नेस्तनाबूद कर दिया है। जबकि पड़ोसी राज्य के युवाओं में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। सीएम ने नशे के खिलाफ युवाओं को संकल्प भी दिलाया।

विस्तृत खबर पेज नंबर-7 पर

# कनाडा के भारतवंशी सांसद बोले, हिंदू-कनाडाई लोगों में डर

## पन्नू खुलेआम धमकाता है कि भारत लौट जाओ

**एजेंसी।** ओटावा



**आतंकी** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच कनाडा की सत्ताधारी लिबरल पार्टी के सांसद का कहना है कि देश में रह रहे हिंदू-कनाडाई लोगों में डर है। भारतवंशी सांसद चंद्र आर्य ने कहा- खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू खुलेआम हिंदू-कनाडाई लोगों को धमकी देता है कि वो भारत लौट जाएं। आर्य ने खालिस्तानी आतंकियों पर लगाम न कसने के लिए अपनी ही सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आर्य ने एक न्यूज एजेंसी से कहा- प्रधानमंत्री ट्रूडो के बयान के बाद जो हुआ, उसके परिणाम को लेकर मैं ज्यादा चिंतित हूं। मेरी चिंता हिंदू-कनाडाई लोगों की सुरक्षा से जुड़ी है। ये लोग डर के साए में जी रहे हैं। दरअसल, खालिस्तान मूवमेंट का इतिहास हिंसा और हत्याओं से भरा हुआ है।

# एससी में पहली बार मूक-बधिर वकील ने केस लड़ा

### वकील के इशारों को इंटरप्रिटर ने कोर्ट को समझाया

## सीजेआइ ने वर्चुअली सुनवाई की

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट में 22 सितंबर को पहली बार एक मूक-बधिर वकील सारा सनी ने केस की पैरवी की। सीजेआइ की अध्यक्षता वाली बेंच ने वर्चुअल माध्यम से मामले की सुनवाई की। मामले में एडवोकेट सारा सनी के इंटरप्रिटर सौरभ रॉय चौधरी थे, जिन्होंने सारा के इशारों को समझकर कोर्ट के सामने उनके तर्क पेश किए। पहले कोर्ट के कंट्रोल रूम ने सारा के इंटरप्रेटर सौरभ को पूरी सुनवाई के दौरान अपना वीडियो ऑन रखने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन जिस तेजी से वे सारा के इशारों को समझकर उसे कोर्ट को बता रहे थे, उससे जाहिर ही नहीं हो रहा था कि सारा अपनी बात इशारों में कह रही हैं। ऐसे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित सुनवाई के लिए वर्चुअली जुड़े सभी लोगों को सौरभ को देखने की जिज्ञासा हुई। इसके बाद कोर्ट ने सौरभ को भी वीडियो ऑन करने की इजाजत दे दी। सुनवाई खत्म होने के बाद सभी ने सौरभ के काम की तारीफ भी की।

मामले पर एडवोकेट सारा ने मीडिया से बात करते हुए सौरभ और सीजेआइ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीजेआइ खुले विचारों वाले शख्स हैं, उनकी वजह से दिव्यांगों के लिए नए मौके पैदा हुए हैं।

## कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी



**श्रीनगर।** कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिससे घाटी में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट आई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर और गुलमर्ग सहित दक्षिण कश्मीर के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई है। घाटी के अधिकांश हिस्सों में मध्यम बारिश हुई और श्रीनगर शहर में सोमवार सुबह आठ बजकर 30 मिनट तक 18.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में काफी गिरावट आई है और श्रीनगर में न्यूनतम तापमान रविवार रात 10.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो एक रात पहले 13 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में अलग-अलग स्थानों पर बूंदाबादी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

## हरियाणा डीजीपी ने लिखी सभी एसपी-पुलिस कमिश्नरों को चिट्ठी

# भ्रष्टाचार सामने आने पर एसपी-सीपी भी देंगे अपना स्पष्टीकरण

### कंट्रोलिंग ऑफिसर की जिम्मेदारी बताई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** में पुलिसिंग को भ्रष्टाचार मुक्त करने की कवायद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने शुरू कर दी है। डीजीपी ने इसी क्रम में राज्य के पुलिस कमिश्नरों (सीपी) और जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने अधिकारियों को हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम 2016 के अनुसार नियंत्रक अधिकारी (सीओ) की जिम्मेदारी याद दिलाई है। डीजीपी ने लिखा है कि वह ऐसे सभी कदम उठाएं, जिससे अधीनस्थ सरकारी कर्मचारियों की अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी तथा निष्ठा सुनिश्चित हो सके।



चिट्ठी में डीजीपी ने लिखा है कि अक्सर यह देखा गया है कि जब कोई कर्मचारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है, या रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है, लेकिन उनके कंट्रोलिंग ऑफिसर की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। इससे भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म नहीं होगा, इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले में बड़ी पहल की जाए। चिट्ठी में निर्देश दिए हैं कि भविष्य में जब कोई भी पुलिस कर्मचारी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पर्यवेक्षण अधिकारी या नियंत्रण अधिकारी का स्पष्टीकरण लिया जाए। इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने की डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी।

# रोटरी क्लब ने आरडब्ल्यूए को बांटे 18 डस्टबिन



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सफायर द्वारा सेक्टर-11, आरडब्ल्यूए को 18 डस्टबिन विद फेब्रिकेटेड स्टैंड प्रदान किए गए। जोकि स्वछता अभियान का एक हिस्सा हैं। इन डस्टबिन को सेक्टर-11 के विभिन्न पार्कों में लगाया जाएगा। मुख्य अतिथि विद्यायक नरेंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी रजनी गुप्ता ने पूरे कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई व रोटरी की भूरी भूरी प्रशंशा की। रोटरी गवर्नर जितेंद्र गुप्ता और दीप्ति गुप्ता संपूर्ण कार्यक्रम का अभूतपूर्व हिस्सा रहे और रोटरी के विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। रोटरी सैफायर और आयोजन का संचालन क्लब प्रधान रोटेरियन धीरेंद्र श्रीवास्तव ने किया। सचिव ईशा गुप्ता, नीरज गुप्ता, नरेश मलिक, रजनीश मलिक, दलीप वर्मा, रूपा, सुनील खंडूजा, महेंद्र आहूजा, अंशु, दीपक शर्मा, विशाल जैन, प्रखर, आयुषि, हिमांशु, लक्ष्य, सभी रोटरी के सदस्यों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। सेक्टर-11 के तमाम सम्मानित सदस्यों और चांद सिंह व संदीप इत्यादि ने आयोजन के लिए पहल की और सफल बनाया।

# फार्मेसी के विद्यार्थी रोजगार के लिए विदेशों में जाएंगे : धनेश अधलक्खा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया



**एमवीएन** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल, पंचकूला के अध्यक्ष धनेश अदलक्खा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धनेश अधलक्खा, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, प्रोफेसर नरेंद्र विवेक आहूजा, डीन एकेडमिक्स डॉक्टर योगेंद्र, डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने दीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। धनेश अधलक्खा ने सभी को फार्मासिस्ट दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से हम प्रयत्नशील हैं कि फार्मेसी के विद्यार्थी रोजगार के लिए विदेशों में जाएं। उन्होंने कहा कि इस सपने को पूरा करने के लिए हमने कार्य भी शुरू कर दिया है।

हमारा सपना है कि हम फार्मेसी को इस स्तर पर लेकर जाएं कि लोग फार्मेसी प्रोफेशन में आने को तरसें। उन्होंने कहा कि फार्मेसी एक नेक प्रोफेशन हैं, जिसमें हमें दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए देश की स्वास्थ्य प्रणाली में बिन किसी स्वार्थ के अपना बहुमूल्य योगदान देना है। उन्होंने कहा की हम अपने जीवन के 22 वर्ष तक अगर मेहनत करेंगे तो आने वाले सभी वर्ष हमारे सुखमय रहेंगे। कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने सभी को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा पूरा प्रयत्न रहेगा कि हम विश्वविद्यालय से सक्षम फार्मासिस्ट बना सके, जो न केवल भारत, बल्कि विश्वभर को अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली प्रदान करने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने ये भी कहा कि इस हर बार की तरह इस बार भी फार्मासिस्ट दिवस की एक थीम है, जिसका विषय है फार्मासिस्ट स्ट्रेंथनिंग द हेल्थ सिस्टम। इसका अर्थ है कि स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में फार्मासिस्ट का मुख्य रोल है और फार्मासिस्ट के योगदान की वजह से ही भारत की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत हो रही है। विभाग के प्रोफेसर नरेंद्र विवेक आहूजा, भूतपूर्व सीनियर ड्रग कंट्रोलर ने अंगदान महादान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम ऋषि दधिची के वंशज हैं, जिन्होंने अपनी हड्डियों का दान राक्षसों के वध के लिए किया था। हम ऋषि दधिची से प्रेरणा लेकर आज वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर जीते जीते रक्तदान जाते जाते नेत्रदान और संभव हो तो देहदान का संकल्प लेना चाहिए।

अंगदान से हम मृत्यु के उपरांत भी जीवित रहते हैं। अंगदान से बढ़कर कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं हो सकता और इसका फल हमें न्यायकारी ईश्वर की न्याय व्यवस्था में अच्छी नियति किस्मत के रूप में मिलती है। विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र ने कहा कि फार्मासिस्ट होने के नाते हमारी जिम्मेवारी है कि हम समाज की भलाई के लिए कार्य करें। विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य समाज में फार्मासिस्टों के योगदान को उजागर करना है। भारत में फार्मेसिस्ट का महत्व बहुत बड़ा है। उनका मुख्य कार्य यह है कि वे दवाओं के सही उपयोग की सलाह दें और उनके साइड इफेक्ट्स के बारे में जागरूकता पैदा करें। वे डॉक्टरों और रोगियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनते हैं, जो उचित दवाओं की प्राप्ति में मदद करते हैं। इसके अलावा, वे दवाओं के सुरक्षित रूप से भंडारण और वितरण की जिम्मेदारी भी बढ़ाते हैं, जिससे समाज के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए फार्मेसी से संबधित पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली, क्विज प्रतियोगिता हुई।


# 11वीं कक्षा के दो छात्रों के शव फंदे पर लटके मिले, हत्या की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### मोबाइल लोकेशन से घने जंगल में पहुंची पुलिस, खाने के डिब्बे-सिगरेट के टोटे मिले

**सूरजकुंड** रोड पर स्थित सिद्धदाता आश्रम के पीछे घने जंगलों में करीब 16 वर्षीय दो छात्रों के शव पेड़ से लटके मिले। उनकी पहचान यश गौतम और युवराज के तौर पर हुई है। पुलिस उनके फोन की लोकेशन ट्रेस करते हुए आधी रात को मौके पर पहुंची थी। दोनों एक ही पेड़ पर लगे फंदे से लटक रहे थे। दोनों की मौत से परिजनों में मातम पसर गया। उनके शवों का सोमवार को अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ।

बताया गया है कि यश गौतम 84 बीपीटीपी एलिट प्रीमियम सोसाइटी और युवराज सेक्टर 31 में अपने परिवार के साथ रहता था। दोनों दोस्त थे और अलग-अलग स्कूलों में पढ़ रहे थे। मृतक छात्र यश गौतम के पिता विकास गौतम ने बताया कि उनका बेटा रविवार को तीन बजे के बाद घर से निकला था। कई घंटे बीत जाने के बाद घर नहीं पहुंचा, तो उनको किसी अनहोनी की चिंता हुई। उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने यश गौतम के फोन को सर्विलांस पर लगाया तो उसकी लोकेशन सिद्धदाता आश्रम के पीछे घने जंगलों में आ रही थी। पुलिस ने रात को नौ बजे मोबाइल लोकेशन का पता लगा लिया था, लेकिन पुलिस सही लोकेशन पर नहीं पहुंच पा रही थी। रात को लगभग 12 बजे क्राइम ब्रांच की टीम यश गौतम तक पहुंची। यश के साथ उसका एक और दोस्त युवराज एक ही पेड़ से फंदे लटके हुए थे। मृतक यश के पिता विकास गौतम ने बताया कि वह घटना स्थल पर क्राइम ब्रांच पुलिस के साथ थे, लेकिन पुलिस ने दोनों के शवों को पेड़ से लटका देखते ही सुसाइड करार दे दिया। जबकि यश गौतम के दोनों घुटने जमीन से टिके हुए थे और युवराज के पैर भी जमीन पर लगे थे। पुलिस ने जल्दबाजी करते हुए न तो



यश।



युवराज।

कोई फोरेंसिक टीम बुलाई और न ही वहां से कोई सैंपल लिए। जबकि वहां पर खाने के कई डिब्बे पड़े थे। सिगरेट पीने के बाद बचे टुकड़े भी वहां मिले।

विकास ने बताया कि जहां घने जंगलों में पुलिस को जाने में कई घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, वहां वे बच्चे अपनी स्कूटी लेकर कैसे पहुंचे। दोनों बच्चो ने सुसाइड किया है तो ऐसी क्या एक ही वजह थी कि दोनों को एक साथ सुसाइड करना पड़ा। दोनों अलग अलग रहते थे और उनके स्कूल भी अलग थे। उन्होंने आशंका है कि जंगल में उन दोनों के अलावा कोई और भी था, जिसने उनके साथ खाना खाया और सिगरेट पी है। फिर दोनों की हत्या कर उनके शवों को पेड़ से लटकाया है।

विकास गौतम के मुताबिक यश व युवराज पहले एक ही स्कूल में पढ़ा करते थे। लेकिन जब वह सेक्टर 84 आ गए तब से उनका बेटा दिल्ली स्कॉलर स्कूल में पढ़ रहा था। फिलहाल वह 11वीं का छात्र था। उन्होंने बताया कि युवराज भी 11वीं में पढ़ता था, लेकिन वह सेक्टर 31 स्थित एसएमएस स्कूल में था। ऐसी क्या वजह रही कि दोनों दोस्तों की एक ही समस्या हो गई और दोनों ने सुसाइड कर लिया।

पुलिस इसे सुसाइड बता रही है, जबकि उन्हें ऐसा लगता है कि किसी ने दोनों की हत्या कर पेड़ पर शवों को पेड़ से लटकाया है। वे चाहते हैं कि पुलिस गहराई से इस मामले की जांच करें, ताकि दोनों की मौत की असल वजह सामने आ सके।

युवराज के पिता ने बताया कि वह गुरुग्राम में एक कंपनी में ऑपरेशन डिपार्टमेंट संभालते हैं। उनके दो बेटे थे, जिनमें से अब युवराज इस दुनिया में नहीं रहा। युवराज के माता-पिता पानीपत के रहने वाले हैं। काफी समय ये सेक्टर 31 फरीदाबाद में रहते हैं।

# सुधा रुस्तगी कॉलेज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था और सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च फरीदाबाद के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन टीम द्वारा एक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। दुनियाभर में सर्वाइकल कैंसर का एक चौथाई बोझ भारत पर है। सर्वाइकल कैंसर के लिए इस वर्ष की थीम की जानकारी लें, टीका लगवाएं के अनुरूप रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद आस्था के अध्यक्ष और सचिव सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज और रोटेरियन दीपक गुप्ता के प्रतिष्ठित नेतृत्व में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। अतिथि वक्ता रोटेरियन वंदना भल्ला सहायक गवर्नर और सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन टीम की जिला अध्यक्ष थीं। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीएस बैजू द्वारा अतिथि रोटेरियन को सम्मानित किया गया।

# तीन पटवारी सस्पेंड, दो पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**डीसी** ने सोमवार को तीन पटवारियों को सस्पेंड कर दो को कारण बताओ नोटिस थमाया है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि उन्होंने अजरोंदा स्थित पटवार घर का पिछले सोमवार को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान फरीदाबाद शहर के पटवारी प्रतीक मंगला व अजरोंदा के पटवारी कृष्णपाल ड्यूटी से गायब मिले थे। उनपर कार्रवाई करते हुए दोनों पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं अलग-अलग मामलों में शिकायत मिलने पर तीन पटवारियों को सस्पेंड भी किया गया है।



डीसी ने बताया कि पटवारी मनोज कुमार के सहायक को रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया था। इसके बाद इस मामले में मनोज कुमार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं प्याला गांव के पटवारी रविंद्र कुमार की समय पर कार्य न करने की शिकायत मिली थी और इसी आधार पर उसे सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के पटवारी आदेश के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी। इस पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए इस मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के बाद पटवारी आदेश को सस्पेंड कर दिया गया है। डीसी ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचार, समय पर आमजन का कार्य न करना और अनुशासनहीनता जैसे मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में सभी कर्मचारी आमजन का कार्य समय से करें, ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह किसी भी समय संपर्क कर सकता है।

# धूमधाम के साथ किया गया गणपति का विसर्जन

**फरीदाबाद।** शहर में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में हर वर्ष भांति इस बार भी गणेश मंडल ओल्ड फरीदाबाद द्वारा खत्री वाडा में गणपति उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव के तहत जहां प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई, वहीं प्रसाद आदि भी वितरित किया गया। सोमवार को ढोल नगाड़ों की थाप के साथ गणपति विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा के साथ गांव मंझावली में गणपति का विसर्जन किया। विसर्जन जुलूस में ढोल नगाड़ों पर नाचते हुए सभी लोग गुलाल उड़ा रहे थे। इस दौरान सभी लोगों ने गणपति को गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विदा किया और अगले बरस तू जल्दी आने की कामना की। इस मौके पर मुख्य रूप से दीपक वर्मा, तरुण सिंघला, राजेश वर्मा, विकास वेताल, आशु कटारिया, हितेश वर्मा, हिमांशु शर्मा, समीर सिंघला, मोहित वर्मा, पंकज वर्मा, सन्नी वर्मा, बुद्धदेव मायती, सुनील वर्मा, कुशल शर्मा, रवि वर्मा, रोहित सिंघला, नितिन सिंघला, रोहित गर्ग, गौरव वर्मा, आनंद पंडितजी आदि सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शहिदी दिवस एवं सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लगा रक्तदान शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** वीर एवं शहिदी दिवस के अवसर पर देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद शाखा पलवल के संयुक्त तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के सहयोग से पलवल के नेशनल हाइवे पर स्थित वर्धमान आटोकेयर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, वर्धमान आटोकेयर के संचालक अमित जैन और भारत विकास परिषद शाखा पलवल की महिला संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद राव तुलाराम सिंह को पलवल के विधायक दीपक मंगला, समाजसेवी सुभाष जैन, सुनिता जैन,



भारत विकास परिषद शाखा पलवल के प्रधान स्वतंत्र गोयल, सुमित जैन, बिजेंद्र सौरोत, जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल की प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह, शाखा सचिव रविदत्त शर्मा, नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सरफराज, डॉ. गरिमा सिंगला, जितेंद्र सिंह, रामबाबू खंगारौत ने श्रद्धांजलि देकर किया। दीपक मंगला ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा वीर एवं शहिदी दिवस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर निश्चित ही जनमानस में इस पुनीत कार्य के लिए जनजागरण में सहायक होगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की, जिससे किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके। शिविर संयोजक विकास मित्तल, अमित जैन और अल्पना मित्तल नें अमर शहिदों को श्रद्धांजलि देते हुए बताया।

# बंद पड़े सामुदायिक केंद्र का निर्माण शुरू करने का किया स्वागत



**फरीदाबाद।** ब्लॉक डी-2, सेक्टर-10, फरीदाबाद की बैठक समाजसेवी वीरेंद्र शर्मा के निवास पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक के संरक्षक पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला ने की। बैठक में ब्लॉक से जुड़े सभी सदस्यों ने भाग लिया। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने बैठक में बोलते हुए कहा कि विदेशी तर्ज पर घरों के सामने 80-80 लीटर के दो डस्टबीन रखवाये जायेंगे, जिसमें सूखा कूड़ा एक साइड व गीला कूड़ा एक साइड होगा। उन्होंने ब्लॉक में कैमरे लगवाने की भी बात रखी। इन कैमरों को स्मार्ट सिटी के कमान सेंटर से जोड़ने का भरसक प्रयास किया जायेगा। यह भी कहा कि स्थानीय विधायक के सहयोग से पांच साल से रूका हुआ सामुदायिक केंद्र का काम शुरू हो गया है। यह कदम आरडब्लयूए की कार्यकारिणी का सराहनीय है। इसे शुरू कराने में खुद व पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ के भरसक प्रयास है। अब उम्मीद है कि यह सामुदायिक भवन बनकर ब्लॉक डी-2 के निवासियों सुपुर्द कर कर दिया जायेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि ब्लॉक डी-2 के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रधान ने कहा कि ब्लॉक डी-2 में मेन चार गेट हैं, जिन पर आरडब्लयूए द्वारा स्वागत गेट बनाये जायेंगे, जो जल्द ही लगा दिये जायेंगे। ब्लॉक डी-2 के महासचिव, इंजीनियर अनूप वशिष्ठ ने मंच संचालन करते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी पौधों की टर्मिंग हो चुकी है। इस मौके पर सुनील जिंदल, राकेश नागपाल आदि मौजूद थे।

# पंजाब स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**फरीदाबाद।** आरएंडआर फुटबाल क्लब ने पहली बार 40 प्लस के लोगों के लिए फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्लब का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में फुलबाल के खेल को चरम सीमा तक लेकर जाना है। इसके अलावा क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मानसिक और शारिरीक रूप से ताकतवर बनाना है। रविवार को आयोजित 40 प्लस फुटबाल प्रतियोगिता में दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा व फरीदाबाद की दर्जनभर टीमों ने भाग लिया। पंजाब स्पोर्ट्स क्लब ने बेहतरीन फुटबाल दिखाते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अवेजर्स फुटबाल क्लब की टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बेस्ट खिलाड़ी का पुरूषकार पंजाब स्पोटर्स क्लब के विजय गुप्ता को मिला। आरआर फुटबाल क्लब सभी उम्र के खिलाड़ियों के लिए फुटबाल की ट्रेनिंग और प्रतियोगिता का आयोजन करता है।

# डेंगू और मलेरिया रोकने के लिए सूखा दिवस मनाया



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तत्वावधान में छह वीबीडी (मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, लसीका फाइलेरिया, काला-अजार) की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल में सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग पलवल द्वारा सूखा दिवस मनाया गया। डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए जल संचयन और वायरल मोस्किटो कंट्रोल के लिए लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. मंजीत शर्मा ने बताया कि अपने कूलरों को प्रतिदिन साफ करके सुखाना चाहिए तथा कूलर के पानी बदलते रहना चाहिए। पानी की टंकी में पानी इकट्ठा न होने दें।

घरों में रबड़ के पुराने टायर, प्लास्टिक के टूटे-फूटे बर्तन, नारियल के खोल आदि को कूड़ेदान में डाल देना चाहिए। अपने घर के पास आसपास पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। ठहरे हुए पानी में मिट्टी का तेल या तारपीन का तेल डाल देना चाहिए।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**उठो, जागो, चलो, सोना था जितना सो लिये अब तो**
**किसी मजलूम के हक में जरा कुछ बोलिये अब तो**
**रहे खामोश तो कल आपकी बारी सुनिश्चित है**
**कहीं पर जुल्म हो तो आप भी मुंह खोलिये अब तो**

# एडवांस कॉलेज में धूमधाम से मनाया फार्मासिस्ट दिवस

### कार्यक्रम में अनेक अतिथियों व छात्रों का किया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विश्व** फार्मासिस्ट दिवस हर साल 25 सितंबर को वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार के लिए फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और सम्मानित करने के एक अवसर के रूप में मनाया जाता है। एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पलवल ने स्वास्थ्य अंग दान महा दान को मजबूत करने की थीम के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। इस अवसर पर ड्रग कंट्रोल ऑफिसर फरीदाबाद एवं पलवल संदीप गहलेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. सुनील दलाल, प्रशासक, एईआई, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल, एआईई, डॉक्टर आरआर पांडे, प्रिंसिपल, एआईटीएम, डॉ. अपर्णा राणा, प्रिंसिपल, एआईपी शामिल थे।

दिन की शुरुआत चार्ट/पोस्टर, पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, वर्किंग मॉडल्स, रंगोली, डिबेट, क्विज जैसी विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ हुई। पृथ्वी को हरा-भरा, जीवंत और स्वस्थ बनाने के लिए पौधारोपण किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी छात्रों तथा अध्यापकों के द्वारा फॉर्मेसी की शपथ ली गई। डॉ. पुनित गोयल, चेयरमैन एईआई, डॉ पूनम गोयल, चेयरपर्सन, एईआई ने छात्रों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया और कहा कि फार्मेसी कई कैरियर विकल्पों के साथ एक महान व्यवसाय है। प्रशासक डॉ. सुनील दलाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबने एक अच्छा व्यवसाय चुना है तथा छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि संदीप गहलेन ने अपने ज्ञान के शब्दों के द्वारा छात्रों को इमानदार फार्मासिस्ट बनने और समाज में नशीले पदार्थों और एमटीपी के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए कहा।

एआईपी की प्रिंसिपल डॉ. अपर्णा राणा ने अतिथि और गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और ज्ञानवर्धक चार्ट, रंगोली, वर्किंग मॉडल आदि का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के अन्य मुख्य आकर्षण तुषार, चंदन, मानसी, जानवी, हेमंत और मेधावी द्वारा प्रस्तुत गणेश स्तुति, एकल गीत और एकल नृत्य थे।

# संवाददाता सुनील गौड़ के पिता का निधन



**फरीदाबाद।** एनबीटी के वरिष्ठ संवाददाता सुनील गौड़ के पिता एलआर शर्मा का निधन हो गया। वे काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने सोमवार को एम्स में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गांव वजीरपुर में किया गया। अंतिम संस्कार में राजनैतिक दलों के विभिन्न नेता, जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, वकील, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं एनबीटी चीफ श्यामवीर छावड़ी, सुधीर बैसला, पत्रकार हरेंद्र नागर, दीपक पांडेय, अमित भाटिया, ओमप्रकाश पांचाल, अनिल अरोड़ा, सचिन हुड्डा, कैलाश गठावाल, संदीप गठवाल, दुष्यंत त्यागी, अनिल मेहता, चंद्रकांत यादव, फोटो पत्रकार विजय सिंह, मनीष कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# रोजगार मेले से युवाओं को प्रदान किया जा रहा है स्थाई रोजगार : कृष्णपाल गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि अमृतकाल में युवाओं के पास देश की सेवा करने का अवसर है। देशभर में रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को स्थाई रोजगार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपने हाथों में स्किल लें और और देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।

डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में सोमवार को जिला स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर पलवल विधायक दीपक मंगला, जिला उपायुक्त नेहा सिंह,

### डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, गौरव गौतम, सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मेले में फरीदाबाद एवं पलवल जिले की करीब 41 कंपनियों ने भाग लिया। अमृतकाल में युवाओं के पास देश की सेवा करने का अवसर है। देशभर में रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को स्थाई रोजगार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपने हाथों में



स्किल लें और देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारे देश की 65 प्रतिशत आबादी युवा है। देश के युवाओं के हाथों में हुनर देना का काम मोदी सरकार ने किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को स्किल प्रदान करने के लिए कौशल विकास मंत्रालय बनाया है। युवाओं को स्किल देने के लिए देश की पहली स्किल यूनिवर्सिटी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एक हजार करोड़ रुपये की लागत से पलवल जिले के गांव दुधौला में बनाई गई है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में युवाओं को उनके कार्य में निपुण किया जाएगा, ताकि देश व दुनिया में रोजगार की कोई कमी नहीं होगी। गुर्जर ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। वर्ष 2014 में देश में 100 स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या बढकर एक लाख हो गई है। युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की। जिसके अंतर्गत युवाओं को करोड़ों रुपये का ऋण प्रदान किया गया, ताकि वे अपना रोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में जर्मनी को पछाड़ते हुए तीसरे स्थान पर आ पहुंचा है। देश में लगातार औद्योगिक विकास हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिमांड और सप्लाई की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में युवाओं को स्किल प्रदान कर दक्ष बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल रोजगार अधिकारी सुनीता यादव, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. शक्तिपाल, योगेश, सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. नेहा, उपाधीक्षक सतीश कुमार चौहान भी मौजूद थे।

# कार की टक्कर ऑटो सवार चार महिलाओं की मौत, 11 घायल

### रिश्तेदारी में शोक जता घर लौट रहे थे, कार चालक फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**सोहना** मार्ग पर रविवार रात को ऑटो और कार की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें चार महिलाओं की मौत हो गई, वहीं सार साल के बच्चे समेत 11 घायल हो गए। सभी मृतक और घायल नूंह जिले के रहने वाले थे। ऑटो में सवार महिला-पुरुष जिला पलवल के चिरवाड़ी गांव में रिश्तेदारी में महिला की मौत पर शोक व्यक्त कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। गदपुरी थाना पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार को उनके परिजनों को सौंप दिया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर ने बताया कि नूंह के कालियाका गांव निवासी अजय ने दी शिकायत में कहा है कि वह ऑटो ड्राइवर है। 24 सिंतबर को कालियाका गांव से बुकिंग लेकर चिरवाड़ी गांव एक शोक के कार्यक्रम में गया था। उसके ऑटो में कालियाका गांव की रहने वाली गुलकंदी (70), रामवती



(65), कैलाशी (30), अंगूरी (68), गीता (35), राजबाला (35), पुष्पा (26), बबीता (45), हेमा (32), सविता (40), ललिता (36), राकेश (25), वीरेंद्र (48) व प्रवेश (4) घायल हो गए। घायलों में से गुलकंदी, रामवती, कैलाशी और अंगूरी को दुर्घटना में गंभीर चोटें लगीं थीं, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

ऑटो में सवार सभी चिरवाड़ी गांव से शोक व्यक्त कर वापस कालियाका गांव जा रहे थे। लेकिन जब ऑटो सोहना मार्ग पर घुघेरा गांव से आगे हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तभी एक स्विफ्ट डिजायर कार चालक ने कार को लापरवाही से चलाते हुए ऑटो में सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और ऑटो में सवार सभी सवारियों को गंभीर चोटें आईं, जो टक्कर लगने से सड़क के किनारे जा गिरा।

गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में दाखिल करा दिया। दुर्घटना में घायलों को जिले के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। घायलों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है। गदपुरी थाना पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर चारों शवों को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

**कार-बाइक की भिड़ंत से छोटे भाई की मौत, बड़ा घायल :** वहीं दूसरी तरफ पलवल-नूंह मार्ग पर कारना गांव के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने घायल के बयान पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस कार व उसके अज्ञात चालक की तलाश में जुटी हुई है।

शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, गेलपुर गांव निवासी नरेश ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई 32 वर्षीय भूषण किसी निजी कार्य से गए हुए थे। दोनों रविवार देर रात करीब साढ़े नौ बजे बाइक से वापस घर लौटकर आ रहे थे। उनकी बाइक जब पलवल-नूंह मार्ग पर कारना गांव के मोड़ के निकट पहुंची, तभी एक कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूषण बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। जबकि, वह सड़क के साथ कच्चे में जाकर गिरा। भूषण को गंभीर चोट आई तो वह तुरंत वाहन का इंतजाम कर उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने भूषण को मृत घोषित कर दिया।

# कोरियर डिलीवर करने गए युवक को मारी गोली



**पलवल।** असावटी गांव में कोरियर डिलीवरी देने पहुंचे एक युवक को गोली मार दी गई। गोली डिलीवरी ब्वॉय की पीठ में लगी और उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। गोली चलाने का शक जिम के बाहर बैठे कुछ युवकों पर है। गदपुरी थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 6-7 अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, हथीन उपमंडल के जैनपुर गांव निवासी अनिल ने दिए बयान में कहा है कि वह 11वीं तक पढ़ा है और 2-3 माह से मिसो कोरियर कंपनी में नौकरी करता है। 24 सिंतबर को असावटी गांव निवासी अर्जुन के कोरियर की डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। जब वह असावटी गांव में मलखान चौक पर स्थित विराट जिम के पास पहुंचा तो वहां जिम के बाहर 6-7 युवक बैठे हुए थे ।उनमें से किसी एक युवक ने उस पर पीछे से गोली चला दी। गोली उसकी पीठ पर लगी

### जिम के बाहर वारदात, शरीर में फंसी है बुलेट

और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद जिम के बाहर बैठे युवक वहां से भाग गए। इसके बाद घायल अनिल ने इसकी सूचना अपने भाई को फोन पर दी तो उसे इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पलवल में दाखिल करा दिया। बाद में घायल युवक की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया गया है कि गोली उसके शरीर में फंसी हुई थी। पुलिस ने उसके बयान पर अज्ञात 6-7 युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। घायल अनिल का इलाज कर रहे डॉक्टर योगेंद्र ने बताया की सीटी स्केन कराई जाने पर गोली शरीर में फंसी हुई दिखाई दे रही थी, लेकिन मरीज की हालत स्टेबल है।

# पृथला क्षेत्र के विकास को समर्पित है वर्ष 2023 : नयनपाल रावत



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र के लोगों को साढ़े आठ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान विधायक ने सीकरी से हरफला 3.09 करोड़ (1.950 किलोमीटर) चौड़ीकरण, हरफला से मोहला 2.42 करोड़ (2.200 किलोमीटर), हरफली से सेहराला 1.32 करोड़ (तीन किलोमीटर), खंदावली से भनकपुर 1.17 करोड़ (2.300 किलोमीटर) चौड़ीकरण तथा जवां से घाघोट 51 लाख (1.300 किलोमीटर) सड़कों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। विधायक ने ग्रामीणों से नारियल फुड़वाया और उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही यह सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी, जिससे हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियतें मिलेगी।

शिलान्यास कार्यक्रमों में गांवों के मौजिज लोगों ने विधायक नयनपाल रावत का सम्मानरुपी पगड़ी बांधकर ढोल नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि वर्ष 2023 विकास को समर्पित है, इस साल में वह क्षेत्र में इतना विकास करवाएंगे कि अगली पिछली सभी कोर कसर पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि

### विधायक ने किया 8.5 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास

क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधानसभा भेजकर जो मान सम्मान दिया है, उसके लिए वह ताउम्र उनके अभारी हैं और एक जनसेवक बनकर इस क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनकी जो-जो समस्याएं है, उन्हें हरसंभव प्रयास करके दूर करवाया जाएगा। इस दौरान विधायक ने गांव सीकरी में ग्राम सचिवालय तथा गलियों एवं चौपाल का उद्घाटन भी किया। इन विकास कार्यों पर करीब 51 लाख की लागत आई है। इस अवसर पर विधायक नरेंदर गुप्ता, टिपर चंद शर्मा, सरपंच विवेक, चंदरपाल चेयरमैन, अजय डागर सरपंच, सीडी शर्मा, बिज्जू नंबरदार, सहाबुद्दीन, विजय लोहिया जिला परिषद् चेयरमैन चंदरपाल ब्लॉक समिति चेयरमैन, सोहेब सरपंच, निशार पूर्व सरपंच, बसरूद्दीन, कमरल, लाला खान, जुह्दिदीन, कर्मबीर डागर, गुलशन सरपंच, अजय डागर सरपंच, सुरेश सरपंच, नरेश सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एनआईटी क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है आयुष्मान का लाभ : धर्मवीर भड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर गरीब मजदूर रहते हैं और ऐसे लोगों को कोई सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है। जबकि कई वर्षों से गरीबों से भी हर तरह का टैक्स लिया जा रहा है। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का, जो परिवार जोड़ो अभियान के तहत जवाहर कॉलोनी खंड बी के हजारों निवासियों से घर घर जाकर मिले। धर्मवीर भड़ाना ने



बताया कि भाजपा सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है। मैं कई दिन से क्षेत्र की गलियों में घूम रहा हूं, क्षेत्र के गरीब मजदूर और अन्य लोगों से मिल रहा हूं। सबने बताया कि इस योजना के बारे में वह जानते ही नहीं। उनके परिवार में किसी की तबीयत खराब होती है और अस्पताल जाना पड़ता है तो लोग घर मकान दुकान जेवर बेचकर अपना इलाज करवा रहे हैं। जिन लोगों के इस योजना के तहत कार्ड बने हैं, उनमें अधिकतर अमीर लोग हैं। भूले भटके किसी गरीब का कार्ड बन गया है तो अस्पताल वाले उसका इलाज नहीं करते और उसे धक्के मारकर बाहर कर देते है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा में इस बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और जनता को सभी सुविधा दी जाएगी।

# धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी बढ़ सकता है फेफड़े के कैंसर का खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दुनिया** भर में लोगों को फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 25 सितंबर को विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद से पल्मोनोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी डॉ. विद्या नायर ने बताया कि धूम्रपान फेफड़े के कैंसर के लिए जिम्मेवार मुख्य कारणों में से एक है, लेकिन धूम्रपान न करने वाले लोग भी फेफड़ों के कैंसर का शिकार हो सकते हैं। जिन स्थानों पर एस्बेस्टस बनता है या इस तरह के टॉक्सिक (जहरीले) केमिकल वाले वातावरण में लंबे समय तक काम करने के कारण लोगों को फेफड़ों से संबंधित एस्बेस्टॉसिस रोग हो जाता है। फेफड़ों का यह रोग तब होता है, जब कोई व्यक्ति एस्बेस्टस फाइबर को सूंघता है। इन फाइबर के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण फेफड़े के टिश्यू पर निशान पड़

**सलाह :**

- स्मोकिंग करने से बचें।
- अगर आपको लंबे समय तक खांसी, बलगम, बलगम में खून आना, अचानक से शरीर का वजन घटना, छाती में दर्द होना, सांस लेने में परेशानी आदि लक्षण हैं तो तुरंत पल्मोनोलॉजिस्ट से मिलें और ठीक से जांच कराएं, क्योंकि ये लक्षण लंग कैंसर की ओर इशारा करते हैं।
- अगर एक्सरे में फेफड़ों में कोई निशान दिखाई देता है तो इसे नजरंदाज न करें और पल्मोनोलॉजिस्ट से मिलकर ठीक से जांच कराएं।
- अपने आसपास अन्य व्यक्ति द्वारा किये जा रहे धूम्रपान यानि पैसिव स्मोकिंग (सिगरेट के धुएं) से भी बचें।
- जिन लोगों के परिवार में कैंसर की हिस्ट्री रही है, उन्हें अधिक सतर्क रहना चाहिए।
- वातावरण पर ध्यान देना है।

सकते हैं और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एस्बेस्टॉसिस रोग के कारण व्यक्ति को फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

अगर बार-बार इंफेक्शन होने के कारण फेफड़ों में टिश्यू पर निशान बन जाए या फाइब्रोस हो जाए तो ऐसी स्थिति में भी फेफड़ों में कैंसर हो सकता है। अगर किसी व्यक्ति ने पहले किसी इलाज या किसी अन्य कारण से रेडिएशन लिया है तो उन्हें भी लंग कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। अगर किसी जगह (फैक्ट्री या शिपयार्ड) पर वायु के अंदर कार्सिनोजेनिक एजेंट (कैंसर पैदा करने वाले एजेंट) हैं और आप उसे वातावरण में लंबे समय तक रहते हैं तो आपको लंग कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा हाइड्रोकार्बन नामक केमिकल वाले वातावरण में लंबे समय तक रहने से भी लंग कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। शरीर के किसी भी हिस्से में कोई भी कैंसर होने से भी लंग कैंसर का



जोखिम बढ़ सकता है। सेकेंड हैंड स्मोकिंग (धूम्रपान करने वाले व्यक्ति द्वारा छोड़े गए धुएं के संपर्क में आना) भी फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा कारण है। अगर मरीज बीमारी के शुरुआती चरण में आ जाए तो बीमारी का जल्द से पता कर ठीक से इलाज करना आसान हो जाता है। लेकिन मरीज डॉक्टर के पास जब पहुंचता है, जब बीमारी एडवांस्ड स्टेज में पहुंच जाती है। इसलिए फेफड़ों की स्क्रीनिंग कराने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए, ताकि समय रहते बीमारी का पता चल जाए और ठीक से इलाज किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टर चतुर्भुज की याद में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द की दसवीं और बारहवीं कक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त व अन्य कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा खेलों और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मेघा शर्मा को दसवीं में 94 प्रतिशत व मनीष कुमार 92 प्रतिशत अंक व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही सुपर-100 योजना में चयन होने पर स्कूल व गांव का नाम रोशन करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आरके शर्मा, एनके शर्मा छात्र-सम्मान समारोह अपने पिता स्वर्गीय मास्टर चतुर्भुज की याद में एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर हर वर्ष करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विमलेश कुमारी और सभी अध्यापकों ने अतिथियों का बेज लगाकर तथा फूल मालाओं से स्वागत किया। आरके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक बच्चा इस समारोह से संकल्प लेकर जाए कि अगले वर्ष इस सम्मान को हमें प्राप्त करना है, तभी प्रत्येक छात्र अच्छा बन सकता है। समारोह में नानक चंद, शीशराम, गोपाल शास्त्री, जगदीश, दयाचंद, देवेंद्र, दीपक, प्रदीप, भगत, राजेश, कृष्ण, पुष्पा, नीतू, दर्शन, रीतु, रचना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### गाली देने का विरोध करने पर युवक की पीठ में घोंपा चाकू

**पलवल।** गाली देने का विरोध किया तो एक युवक ने हाथ पकड़े और दूसरे ने पीठ में चाकू घोंप दिया। जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक को लहूलुहान हालत में उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, जिला गुरुग्राम के दौलताबाद निवासी तुषार कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह बचपन से ही अपने मामा धर्मेंद्र के पास अलावलपुर गांव में रहता है। वह किसी निजी कार्य से घर से जा रहा था, रास्ते में उसे गांव के ही निवासी सागर व देवेंद्र मिले। जिन्होंने उसे नजदीक पहुंचते ही गाली देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों दौड़कर उसके पास आ गए। घायल तुषार का आरोप है कि देवेंद्र ने उसके पास आते ही उसके हाथ पकड़ लिए और सागर ने पीछे से उसकी कमर में चाकू घोंप दिया। चाकू कमर में घुसने के बाद अटककर उनके हाथ से छूट गया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसका मामा उसे उपचार के लिए तुरंत जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन वहां कमर में लगे चाकू को निकालने के लिए सर्जन न होने के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे उपचार के लिए पलवल के ही एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### राजकीय महाविद्यालय हथीन में एबीवीपी की इकाई घोषित



**पलवल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल की ओर से राजकीय महाविद्यालय हथीन में जिला संयोजक सागर डागर की अध्यक्षता में इकाई की घोषणा की गई। जिसमें इकाई अध्यक्ष मनोज राजपूत, उपाध्यक्ष दीपक पंडित, सौरभ ठाकुर और जतिन राजपूत, इकाई मंत्री राहुल कोली, सचिव ऊषा देवी, सह सचिव चंचल राजपूत और सौरभ हथीन, खेलो भारत विक्रांत कुमार को बनाया गया। इसके अतिरिक्त एनएसएस संयोजक अरुण कुमार, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट सौरव स्वामिका, सोशल मीडिया संयोजक दीपांशु चौहान, कार्यकारिणी सदस्य नितिन तंवर, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक निधि राजपूत, स्टूडेंट फॉर सेवा अनिता कुमारी आदि दायित्व दिए गए। इस दौरान नगर मंत्री सुमित राणा ने विद्यार्थी परिषद के गठन, कार्यशैली, उद्देश्य और इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि एबीवीपी भारत का ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और देश के हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित राणा, समाजसेवी ललित ठाकुर, लोकेश, अंकित राजपूत, राहुल, नितिन, कपिल राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### झुग्गी के बच्चों के लिए बाल हृदय रोग जांच कैंप 27 को

**फरीदाबाद।** चाइल्ड हार्ट व एबीबी फाउंडेशन के सहयोग से महिला सेल मानव सेवा समिति 27 सितंबर को डीएलएफ जी ब्लॉक सेक्टर-10 के नजदीक की झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले बच्चों के हृदय की जांच के लिए दोपहर दो बजे अवेयरनेस कैंप आयोजित करेगी। इसके अलावा महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चे के हृदय में डॉक्टर ने अगर कोई भी हर्ट की बीमारी बताई है तो उसकी भी जांच पड़ताल की जाएगी। कार्यक्रम में चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निशुल्क जांच करके उपचार बताएंगे। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कहा है कि अवेयरनेस कैंप में राज राठी के नेतृत्व में महिला मंडल की सभी महिला सदस्य पूरा सहयोग प्रदान करेंगी। चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर व एक्सिक्युटिव डॉ. एकता व्यास व मोहम्मद यूसुफ और मनिंदर कुमार ने कहा है कि हार्ट अटैक के मामले अब सिर्फ बूढ़े और बड़ों में ही नहीं बल्कि बच्चों में भी देखने को मिल रहे हैं। जन्म के समय व उसके बाद हेल्दी दिखाई दे रहे बच्चे आज हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं। ऐसी घटनाओं का कारण जानने व उसकी रोकथाम के लिए चाइल्ड हार्ट व एबीबी फाउंडेशन कार्य कर रहा है। फाउंडेशन मानव सेवा समिति के साथ मिलकर फरीदाबाद जिले में बाल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों, खासकर झुग्गी झोपड़ी व स्लम बस्ती में रहने वालों की खोज करके उनकी निशुल्क जांच व उपचार का कैंप आयोजित कर रहा है।

### उदयभान की टिप्पणी के विरोध में निकाला पैदल मार्च



**पलवल।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पैदल शांति मार्च निकाला गया। जिसमें होडल से विधायक जगदीश नायर, हथीन विधायक प्रवीण डागर, पलवल विधायक दीपक मंगला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान और सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित बहुत भारी संख्या में अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकताः सुधीर सिंगला

**शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू ने भी की शिरकत**

**सेक्टर-5 चौक से शहीद भगत सिंह पार्क तक 500 बाइक के साथ निकाली तिरंगा यात्रा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-5 में शहीद भगत सिंह के सम्मान में तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक सुधीर सिंगला व कार्यकर्ता।

**अशोक** विहार फेज-3 में शहीद भगत सिंह की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधु ने भी शिरकत की। जन सेवा संगठन की ओर से सुरेंद्र सांगवान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम से पहले पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया की ओर से विधायक सुधीर सिंगला के साथ शहीद भगत सिंह सेक्टर-5 चौक से शहीद भगत सिंह पार्क तक करीब 500 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक सुधीर सिंगला ने आयोजकों का धन्यवाद किया।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भगत सिंह देश के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया था। ऐसे वे जांबाज थे। उनका बलिदान देश में भुलाया नहीं जा सकता। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों का बलिदान, उनके संघर्ष को कभी भूलना नहीं है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमें यह स्मरण रहना चाहिए। महापुरुषों को उनकी जयंती, पुण्यतिथि पर जरूर याद किया जाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष कुछ मांगें भी रखीं, जिन्हें जल्द पूरा करने के लिए विधायक ने आश्वासन दिया। जन सेवा संगठन की ओर से सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि शहीदों को सम्मान देना हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

उनके प्रयासों, बलिदान से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को सम्मान दिया गया है। भविष्य में भी इस तरह की यात्राएं निकाली जाएंगी। कार्यक्रम में कपूर सिंह दलाल, अतर सिंह संधु, कर्नल दलजीत सिंह, खेमचंद शर्मा, सुरेंद्र संगवान, पवन यादव, रमेश डांगी, मुकेश शर्मा, आशीष गोयल, सुरेंद्र श्योकंद, रमेश जाखड़, जुगल रैना, नरेंद्र कटारिया, रवींदार त्यागी, बलवान सैनी, भोला प्रजापति, नायब सिंह, अनिल तंवर, रामावतार यादव, अरुण कौशिक व अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## टेलीग्राम ऐप पर पार्ट टाइम जॉब के नाम पर फ्रॉड करने वाले दो काबू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**टेलीग्राम** पर पार्ट टाइम जॉब करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट करवाए और 7,97,200 रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना साइबर अपराध पश्चिम में केस दर्ज किया गया है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने सोमवार को बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि और भी केसों का पर्दाफाश किया जा सके।

22 फरवरी 2023 पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम की पुलिस टीम को पीड़ित ने शिकायत करके अपने साथ हुई ठगी की जानकारी दी थी। प्रबंधक साईबर थाना अपराध पश्चिम के निरीक्षक सवित कुमार की टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास शुरू किए गए। उनके खिलाफ केस दर्ज करके जांच को आगे बढ़ाया गया। अब पुलिस ने टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने वाले 2 आरोपियों को पालम विहार गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है।


पुलिस गिरफ्त में ठगी के दो आरोपी।

आरोपियों की पहचान पंकज त्यागी निवासी गिरधर एन्क्लेव साहिबाबाद जिला गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) व परमिश सिंह निवासी शालीमार गार्डन साहिबाबाद जिला गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई। इस केस में 23 मार्च 2023 को 2 आरोपियों मुनेश व दुष्यंत शर्मा को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी कमीशन रेट पर कार्य करते थे। और पीड़ित से ठगी गई राशि को इन्होंने अपने अन्य साथियों (मुनेश व दुष्यंत शर्मा) से लिए हुए अलग-अलग बैंक खातों में जमा करवाया था। पुलिस जांच के दौरान यह भी पता चला है कि आरोपी पंकज पर दिल्ली व सोनीपत में धोखाधड़ी के 2 केस पहले से दर्ज हैं। आरोपी पंकज त्यागी पर चोरी का 1 केस दिल्ली में दर्ज है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रगति पर है देशः जीएल शर्मा



गुरुग्राम के सरस्वती विहार में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे जीएल शर्मा।

**गुरुग्राम।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चैयरमेन जीएल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में बनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सरस्वती विहार स्थित केके क्लीनिक में मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर का शुभारंभ किया। जीएल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने निर्णायक नेतृत्व और दूरदर्शिता से भारत को विश्व पटल पर विकास और प्रगति का पर्याय बनाया है। यही कारण है कि आज मोदी देश के सर्वप्रिय नेता हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी ने भारत की सनातन संस्कृति के साथ-साथ विश्व की प्रत्येक संस्कृति को पूर्ण सम्मान देने का काम किया है। देश के कर्मयोगी प्रधानमंत्री का सेवाभाव भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए आदर्श है। जीएल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से जन कल्याणकारी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की सोच व गरीब कल्याण के संकल्प से मोदी ने असंभव कार्यों को संभव करके दिखाया है। मुफ्त जांच शिविर में हृदय रोग, किडनी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, दंत चिकित्सकों, सामान्य रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों की मुफ्त फिजियोथैरेपी भी की गई। साथ ही कान और खून की जांच भी मुफ्त की गई।

### सड़क पार कर रहे मजदूर की कार की टक्कर से मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग चालक ने लापरवाही बरतते हुए सड़क पार कर रहा युवक को कार टकरा जाने से मौत हो गई। मृतक युवक चूड़ियां बेचकर अपना और परिजनों का पालन पोषण करता था। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफमिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश का जिला फीरोजाबाद निवासी राम नरेश ने बताया कि वह पलवल मार्ग पर गांव भिरावटी मोड़ पर किराए के मकान में रहते है। वह और उसके के ही जिला के निवासी रुमान सिंह, रुमान सिंह का साला चिंता मनी और उसका दामाद मिलकर सभी क्षेत्र में चूड़ियां बेचने का काम करते है। शनिवार की रात करीब 8 बजे वह और रुमान सिंह सड़क किनारे देवेन्द्र के मकान पर बैठे हुए थे। उसी समय चिंता मनी सोहना से सामान लेकर आया था। वह पैदल सड़क पार करके उनके पास आ रहा था। तभी पलवल की तरफसे कार आई और उसके अज्ञात चालक ने चिंता मनी को अंदेखा करते हुए। चिंता मनी को टक्कर मार दी थी। चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए कार को मौके से भगाकर ले गया। घायल चिंता मनी पहले सोहना और फिर सोहना से गुरूग्राम से भी रेफर कर देने के बाद दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। लेकिन चिंता मनी के परिजन उसे आगरा उपचार के लिए लेकर चल दिए। आगरा जाते समय चिंता मनी ने बीच रास्ते में ही दमतोड़ दिया। जिससे उसकी मौत हो । मृतक चिंता मनी का फीरोजाबाद के अस्पताल में पोस्मार्टम कराया गया। सदर थाना सोहना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद उसकी पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

### स्कूल की समस्या लेकर लघु सचिवालय पहुंचे टीचर व बच्चे


गुरुग्राम के हरसरू गांव के पास सेंट पॉल स्कूल में भरे पानी को निकलवाने के लिए डीसी ऑफिस के बाहर बैठे स्कूल के बच्चे।

**गुरुग्राम।** हरसरू गांव के पास स्थित एक निजी स्कूल में तीन महीने से भरे पानी का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। स्कूल में भरे ड्रेन के पानी के कारण स्कूल में बच्चे नहीं आ पा रहे। दूसरे स्कूलों में बच्चों को शिफ्ट किया गया है। सोमवार को स्कूल के काफी बच्चे और टीचर लघु सचिवालय पहुंचे। डीसी को ज्ञापन देकर इस समस्या के समाधान की मांग की। गुरुग्राम-रेवाड़ी रोड स्थित हरसरू गांव से पहले द्वारका एक्सप्रेस-वे किनारे सेंट पॉल स्कूल के साथ से गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की तरफ से मानेसर, बादशाहपुर के गंदे पानी की निकासी के लिए एक ड्रेन बनाई गई है। इस ड्रेन को स्कूल के पास लाकर खुला छोड़ा गया है। इस कारण से स्कूल में पानी भरा है। 24 जून 2023 को यहां पानी भरना शुरू हुआ था। पिछले तीन महीने से स्थिति ऐसी ही है। पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। मजबूरी में स्कूल प्रबंधन को स्कूल बंद करना पड़ा। बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो, इसलिए उन्हें दूसरे स्कूलों में शिफ्ट करना पड़ा। अब सवाल है कि ऐसा कब तक चलेगा। इसकी कोई समय सीमा नहीं। पानी भरने से स्कूल की इमारत को भी खतरा है। स्कूल के निदेशक वीनू कैलविन भट्टी के मुताबिक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्कूल के बच्चे, टीचर डीसी को ज्ञापन देने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर दे तो बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से हो सकेगी। करीब 600 बच्चों का भविष्य स्कूल में पानी भरने के कारण अधर में है। ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम ने कहा कि यह समस्या उनके संज्ञान में हैं। जीएमडीए के अधिकारियों से इस बारे में बात करके समस्या का जल्द से जल्द समाधान करा दिया जाएगा।

## गुरुग्रामः पांच साल की बच्ची से मुंहबोले मामा ने किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में उस समय रिश्ते तार-तार हो गए जब एक मुंहबोले मामा ने 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उसने बच्ची को अश्लील वीडियो भी दिखाई। बच्ची के माता-पिता काम पर गए हुए थे। इसी दौरान मौका पाकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। महिला थाना पश्चिम की सब इंस्पेक्टर मुकेश ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शहर के सेक्टर-15 पार्ट-2 में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि मूल रूप से इटावा यूपी के रहने वाले हैं। अपने पति व बच्चों के साथ गुरुग्राम में रहती है। वह और उनका पति काम करते हैं। उनके ससुर बच्चों को संभालते हैं। शनिवार को जब वह अपने काम से घर आई तो उनकी 5 साल की बेटी ने कहा कि उसे दिक्कत हो रही है। महिला के अनुसार उसने इस पर ध्यान नहीं दिया। रात को बच्ची के सोते समय उसने देखा कि बच्ची के साथ गलत काम हुआ है। बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची को नींद से जगा कर उसने पूछा कि क्या हुआ है तो बच्ची ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसने बच्ची को पुलिस का डर दिखाया कि अगर नहीं बताएगी तो मैं पुलिस को बता दूंगी। तब बच्ची ने सारी बात अपनी मां को बताई। बच्ची ने बताया कि साथ वाले घर में रहने वाले उसके मुंहबोले मामा सतेंद्र कुछ दिन पहले अपने फोन में गंदी वीडियो देख रहे थे। तब वह उनके कमरे में चली गई थी। तब मामा सतेंद्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

बच्ची से रेप की शिकायत लेकर परिजन थाने पहुंचे। वहां से उनको महिला थाना पश्चिम भेज दिया गया। पुलिस ने परिवारजनों के बयान पर मामला दर्ज किया। बच्ची को अदालत में पेश करके मेडिकल कराया गया, जिसमें रेप की पुष्टि हुई है। इस बारे में महिला थाना पश्चिम की सब-इंस्पेक्टर मुकेश ने बताया कि आरोपी सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## समाजसेवा की बदौलत वजीराबाद में नवीन गोयल का किया गया भव्य स्वागत

**गुरुग्राम।** नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय को साकार करते हुए जनसेवा में जुटे रहने वाले पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल का वजीराबाद में भव्य स्वागत किया गया। बिना किसी औपचारिक कार्यक्रम के नवीन गोयल को गांव में आमंत्रित किया गया। उन्हें करीब 70 गाड़ियों के काफिले के साथ गांव में ले जाया गया। बड़े-बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

इस दौरान निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा, जगमोहन यादव, भजन लाल, सेक्टर-57 के प्रेसिडेंट आरडब्ल्यूए समय सिंह, दीपचंद फौजी, कृष्ण, सुरेंद्र, महेंद्र, अशोक सोलंकी, सुनील, छोटेलाल, चंदन लाल, देवेन्द्र सोलंकी, जिले सिंह, भारत, किशन, नम्बरदार जयपाल, चंदन, निशांत समेत अनेक लोगों ने नवीन गोयल का सदैव तन-मन-धन से साथ देने का आश्वासन दिया। अपने स्वागत से अभिभूत नवीन गोयल ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर कहा कि उनका कर्म क्षेत्र समाज और राजनीति दोनों हैं। समाज के बिना राजनीति नहीं और राजनीति समाज को जोड़ने का माध्यम है। राजनीति में आने का मकसद कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं, बल्कि समाज सेवा को और भी बेहतर ढंग से करना है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और राजनीति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अपने गुरुग्राम वासियों की सेवा में हम सदैव तत्पर हैं। नवीन गोयल ने कहा कि जब व्यक्ति पर कोई जिम्मेदारी होती है तो वह समाजसेवा में कोई कसर नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि जनसेवा के लिए कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से गुरुग्राम की सेहत का ख्याल रखने की जिम्मेदारी उठाई। सभी के सहयोग और आशीर्वाद से कैनविन के पॉलिक्लीनिक और कैनविन आरोगय धाम नाम से अस्पताल भी बनाया है।


वजीराबाद गांव में स्वागत के लिए नवीन गोयल को सम्मानपूर्वक गाड़ियों के काफिले के साथ लेकर जाते ग्रामीण।

## जींद संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज करेगा भागीदारी

**चंडीगढ़।** एक अक्टूबर 2023 को जींद में आयोजित की जा रही संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज की भागीदारी रहेगी। यह निर्णय गूगल मीट पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक में संगठन की सभी इकाई के अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला ने बताया कि समाज के हर स्तर पर लोग रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे व विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी करेंगे।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज ने सदा देश हित में काम किया है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में समाज की अहम भूमिका है। आजादी के आंदोलन से ही वैश्य समाज के पुरोधाओं ने तन-मन-धन से सहयोग किया था। राजनीतिक दलों ने वैश्य समाज के दोहन का काम किया है। युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के साथ राजनीति में भी प्रवेश करें। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज राजनीति में भागीदारी के लिए प्रेरित करने वाल संगठन है। पिछले 15 साल से हम प्रयासरत हैं कि समाज के लोग आगे आएं। जींद सम्मेलन में समाज की भागीदारी बढ़े, इसी उद्देश्य को लेकर हम यह समर्थन दे रहे हैं। हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी ताकत भी दिखानी है।


अशोक बुवानीवाला।

## हरियाणा रोडवेज से छात्राओं को मिली 52 सीटर बस की सुविधा

**मिन्नी बस में 20 से 25 छात्राओं को रोजाना 25 किलोमीटर का सफर खड़े होकर करना पड़ रहा था**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोमवार से गुरुग्राम सामान्य बस में बैठकर जाती हुई छात्राएं।

**गुरुग्राम** से सोहना के बीच छात्राओं के लिए चल रही हरियाणा रोडवेज मिन्नी बस को सामान्य सीटर कर दिया है। जिसकी शुरुआत सोमवार से कर दी गई है। मालूम रहे कि सोहना से गुरुग्राम-दिल्ली शिक्षा प्राप्ती के जाने वाली छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री के आदेश हरियाणा रोडवेज ने 30 सीटर मिन्नी बस को चलाई हुई थी। लेकिन सोहना से गुरुग्राम-दिल्ली जाने वाली छात्राओं की संख्या वर्तमान समय में 70 से 80 तक है। जिन्हे मिन्नी बस में 20 से 25 छात्राओं को रोजाना 25 किलोमीटर का सफर खड़े होकर करना पड़ रहा था। इतनी ही छात्राओं को अन्य वाहनों में किराया देकर जाना पड़ रहा था। चार दिन पहले छात्राओं के अभिभावकों ने मिन्नी बस की संख्या एक से दो या सामान्य बस चलाएं जाने की मांग की थी। उक्त मांग को सोशल मिडिया के माध्यम से सोहना विधायक संजय सिंह, प्रदेश परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और प्रदेश मुख्यमंत्री तक पहुंचाई गई थी। अभिभावकों की उक्त मांग को 48 घंटा में पूरा करते हुए रोडवेज विभाग ने सोमवार से मिन्नी बस के स्थान पर 52 सीट वाली बस की शुरुआत कर दी है।

**छात्राओं में खुशी** : गुरुग्राम-दिल्ली शिक्षा प्राप्ती के लिए जाने वाली छात्राओं को जब सामान्य बस सफर करने को मिली। उस समय छात्राओं के खुशी जताते हुए अभिभावकों से लेकर विधायक संजय सिह, प्रदेश परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया है। छात्रा अंशुल मावी ने कहना है कि सभी कॉलेज, आईटीआई और यूनिवर्सिटी में दाखिला पूरे हो जाने के बाद ब समें जाने वाली छात्राओं की संख्या दिन प्रति दिन बढती जा रही है। जिसको कारण 30 सीट वाली बस में सफर करना बहुत ही मुश्किल हो रहा था। स्वाति का कहना है कि जिन छात्राओं की कक्षा दोपहर बाद चलती है।

> “ **अभिभावक** व छात्राओं की मांग को उन्होने शनिवार को ही उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया था। मिन्नी बस के स्थान पर सामान्य बस को जिला अधिकारियों के आदेश पर ही शुरु कर दिया है। जरुरत पड़ने पर बस की संख्या में बढाई जा सकती है।
> **( गोविन्द सिंह-सुपरवाइजर सामान्य बस स्टैंड )**

## उदयभान के अपमानजनक शब्दों के कारण पूरे समाज का सिरे नीचे झुकाः सत्यप्रकाश जरावता

**कांग्रेस की केवल गाली देने की संस्कृति**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


मानेसर स्थित अपने आवास पर किसानों से बात करते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**भाजपा** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने हरियाणा प्रदेश के कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष उदयभान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे में अपमानजनक शब्दों की कड़ी निन्दा की। यह बात उन्होंने अपने निवास पर कार्यकर्ताओं के बीच कही। इसके अलावा उन्होंने पंचगांव की 1128 एकड़ जमीन को लेकर भी ग्रामीणों से मुलाकात करके अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने मर्यादा की सभी हदें पार कर दी हैं। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा गाली देने, परिवारवाद, भाई-भतीजावाद की रही है। विधायक जरावता ने कहा कि राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा की जनता के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें राक्षस कहा। अब उनसे दो कदम आगे बढ़कर प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने जो शब्द कहे, उससे हमारे दलित समाज का सिर शर्म से नीचे हो गया। उदयभान जैसों के कारण ही अशोक तंवर की गर्दन तोड़ी गई और कुमारी सैलजा को अपमानित किया गया।

**कांग्रेस सरकार ने किसानों के साथ किया था धोखा** : विधायक के मानेसर कार्यालय पर पंचगांव की 1128 एकड़ जमीन के सेंकड़ों किसान अपनी मांग को लेकर विधायक जरावता से मिले। जरावता ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा 5200 एकड़ जमीन अधिकरण की गई थी। 1810 एकड़ जमीन के लिए एचएसआईआईडीसी नो-लिटिगेशन पॉलिसी मनोहर लाल ने लागू करके किसानो को तीन गुना फायदा देने का काम किया है। 1128 एकड़ जमीन के किसानों के साथ पूर्व सरकार ने 2011 में अवार्ड के समय किसानों के साथ धोखा किया था।

## बाल श्रम को रोकने के लिए धरातल पर काम करे जिला टास्क फोर्सः अनिल कुमार



**गुरुग्राम।** शहर के चौराहों और ट्रैफिक लाईटों पर कोई बच्चा भीख मांगता हुआ दिखाई दे तो उसको बाल संरक्षण कार्यालय में ले जाकर समझाया जाए। इसके लिए पुलिस एंटी ह्यूमन ट्रैफिक टीम को भी प्रभावी कार्रवाई कर भिखारी बच्चों के माता-पिता के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। यह निर्देश हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने सोमवार को बाल कानूनी अधिकारों के लिए स्थानीय रेस्ट हाऊस में बैठक में निर्देश। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे चौराहों पर नट का खेल दिखाते हुए मिलते हैं तो कुछ धूप में घूम कर सामान बेचते हुए मिल जाते हैं। इन बच्चों के मां-बाप या भीख मंगवाने वाला आदमी आसपास ही रहता है। ऐसे आदमियों को पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला में कहीं भी बाल मजदूरी का मामला मिलता है तो फौरन उसके नियोक्ता के विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। जिला में एक भी बाल श्रम का केस नहीं होना चाहिए।

**स्कूल बदलने वाले बच्चों से एसएलसी फीस नहीं ले सकते** : हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि किसी भी छात्र की परीक्षा मार्च में होती है। दो-तीन महीने बाद बोर्ड का रिजल्ट आने पर वह अपना स्कूल बदलना चाहे तो कोई भी स्कूल संचालक उससे एसएलसी के नाम पर फीस नहीं ले सकता। यह शिक्षा के अधिकार आरटीई एक्ट की अवहेलना है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी और शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि स्कूल में बच्चों का टायलेट साफ हो और पानी की टंकी की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए।

## नप सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर शुरु की पांच दिन की भूख हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में भूख हड़ताल को शुरु करते हुए सफाई कर्मी।

**नगर** परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरु कर दी है। यह हड़ताल 29 सितम्बर तक चलेगा। हर दिन पांच सफाई कर्मी भूख हडताल पर रहेंगे। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार से पांच दिन की भूख हड़ताल शुरु कर दी है। सफाई कर्मियों ने सोमवार की सुबह परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर अपनी दरियां बिछाकर भूख हडताल शुरु कर दी है। यह भूख हड़ताल यूनियन प्रधान विक्रम की अध्यक्षता में शुरु की गई।

भूख हड़ताल पर बैठने के बाद प्रधान विक्रम ने बताया कि यूनियन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के आदेश पर भूख हड़ताल को शुरु किया है। यूनियन के जो भी आदेश होंगे। उनकी पालना करनी होगी। उन्होने बताया कि हर दिन पांच कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर रहेगे। प्रदेश सरकार की बार-बार यूनियन को पुरानी मांगों के पूरा करने का झूठा आश्वासन देकर उनके आंदोलन को तोड़ने का प्रयास करती रही है। लेकिन इस बार मांगों पूरा होने तक यह अभियान जारी रहेगा। प्रधान ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था पर इस भूख हड़ताल को कोई असर नही आने दिया जाएगा। क्योंकि शहर लोगों को सफाई को लेकर किसी प्रकार से परेशन नहीं होने दिया जाएगा।


**क्या है कर्मचारियों की मांगें** : भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों की पुरानी मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, कर्मचारियों का पीएफ समय पर जमा होना। मृतक कर्मचारियों को परिजनों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। पुरानी पेंशन नियम को लागू करना। कर्मचारियों को समय पर चिकित्सा सुविधा केशलैस दी जाए। कर्मचारियों को सफाई के लिए उपकरण उपलब्ध कराएं जाए। कर्मचारियों को तेल, साबून और अन्य सामान हर माह दिया जाए।



सेक्टर-12 सेंट्रल थाने में फरीदाबाद की करीब एक हजार आशा वर्करों ने अपनी गिरफ्तारी दी। मेवात में आशा वर्कर ने भीषण गर्मी में बैनर व पोस्टर लेकर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर लघु सचिवालय पहुंचकर अपनी गिरफ्तारी दी मौके पर मौजूद पुलिसबल।

# अवैध खनन को लेकर सख्त मंत्री मूलचंद

रिजवान कासिम। मेवात



**परिवहन** एवम खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के जनसंवाद कार्यक्रम में हिरवाडी गांव में अवैध खनन की शिकायत करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। अवैध खनन कारोबार से जुड़े लोगों को यह खबर पता चली तो उन्होंने शिकायतकर्ता साजिब निवासी रवा की पिटाई कर दी। शिकायतकर्ता की पिटाई की खबर कैबिनेट मंत्री को पता चली तो उन्होंने मोर्चा संभाला।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर से तुरंत फोन पर बातचीत की गई। इतना ही नहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। मामला खनन मंत्री मूलचंद शर्मा से जुड़ा था तो पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। ना केवल फिरोजपुर झिरका पुलिस ने आनन - फानन में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया बल्कि खबर यह मिल रही है कि इस मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

जब इस बारे में खनन मंत्री मूलचंद शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। राजस्थान - हरियाणा सीमा पर जो अवैध माइनिंग की शिकायत कई सालों से मिलती रही है। उससे सख्ती निपटा जाएगा। एसडीएम, तहसीलदार इत्यादि को जमीन की खासकर पहाड़ की पैमाइश के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि भविष्य में अवैध खनन को किसी सूरत में भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सबसे खास बात तो यह है कि इस सीमा विवाद को देखते हुए अब हरियाणा के खनन मंत्री मूलचंद शर्मा राजस्थान सरकार के खिलाफ भी केंद्र सरकार को एक पत्र लिखने जा रहे हैं ताकि राजस्थान में चल रही लीज को बंद किया जा सके और हरियाणा - राजस्थान की सीमा का लाभ उठाकर खनन माफिया अवैध खनन को अंजाम नहीं दे सके। कुल मिलाकर अवैध खनन को लेकर अब मंत्री जी एक्शन मोड में दिख रहे हैं। यही कारण है कि न केवल आनन - फानन में एफआईआर दर्ज कर दी गई बल्कि कुछ लोगों को हवालात की हवा भी चंद घंटे बाद खानी पड़ गई। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इन दिनों कड़क मूड में दिखाई दे रहे हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में जब उन्होंने पुनहाना विधानसभा के गांव के दौरा किया था तो अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई थी।

आज फिरोजपुर झिरका विधानसभा के पांच गांव का दौरा किया तो खनन कारोबार से जुड़े लोगों की नींद उड़ा दी। कुल मिलाकर लंबे समय से मोटी कमाई कर रहा खनन माफिया अब सकते में है और मंत्री जी सख्त मूड में हैं।

# आशा वर्कर का गुस्सा उबाल पर, गिरफ्तारियां दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/ मेवात

**फरीदाबाद।** अपनी मांगों को लेकर पिछले डेढ़ महीने से हड़ताल पर बैठी आशा वर्करों ने जेल भरो आंदोलन किया। सेक्टर-12 सेंट्रल थाने से फरीदाबाद की करीब एक हजार आशा वर्करों अपनी गिरफ्तारी दी। आशा वर्करों का कहना है कि पिछले डेढ़ महीने से अपनी मांगों के लिए हड़ताल पर बैठी है।

सरकार सुनने को राजी नही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही पंचकूला में बैठे उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई थी, लेकिन उस बैठक में भी अधिकारियों ने हमारी बातों पर सहमति नहीं जताई। 27 तारीख को शहीद भगत सिंह की जयंती पर भी आंदोलन किया जाएगा और यह हड़ताल आगे भी जारी रहेगी।

**वहीं दूसरी ओर मेवात में** आशा वर्कर का गुस्सा उबाल पर है। गुस्साई आशा वर्कर अब सड़कों पर उतर आई हैं। हरियाणा में दो आशा वर्कर की मौत तथा कई जगह आशा वर्कर की गिरफ्तारी को लेकर नूंह जिले की सैकड़ों आशा वर्कर अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा परिसर में पिछले कई दिन से हड़ताल पर बैठी हुई हैं। लेकिन सोमवार को सैकड़ों की तादाद में आशा वर्कर गांधी पार्क नूंह में एकत्रित हुई और वहां से करीब 1 किलोमीटर दूर भीषण गर्मी में बैनर व पोस्टर लेकर सरकार के विरोध में नारेबाजी करती हुई लघु सचिवालय नूंह तक पहुंची। आशा वर्करों ने इस दौरान जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आशा वर्कर ने लघु सचिवालय पहुंचकर अपनी गिरफ्तारी दी। पुलिस पहले से ही हरियाणा रोडवेज की बसों को लेकर तैनात थी।

## संक्षिप्त समाचार

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में किया जागरूक




**फरीदाबाद।** दिल्ली एनसीआर के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च ने अपने बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी सत्र के 21वें बैच के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम और व्हाइट कोट समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, सीईओ डॉ. विशाल जुनेजा, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीएस बैजू, उप प्राचार्य डॉ. गुरकीरत सिंह, विभिन्न विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य, बीडीएस प्रथम वर्ष के छात्र और उनके माता पिता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नए बैच को कॉलेज के विभिन्न विभागों, संकाय सदस्यों और पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### 50 लाख से बनेंगी गांव भुआपुर की सड़क : राजेश नागर



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने गांव भुआपुर में 50 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों एवं गलियों के निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर उन्होंने गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाया। बुजुर्ग ग्रामीणों ने विधायक राजेश नागर को आशीर्वाद देकर कहा, राजेश हमारी आंखों का तारा है। नागर ने कहा कि आज हमें पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम मनोहर लाल के रूप में कुशल नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की विधायिका में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण को लागू करने के लिए कानून बनाया है, वहीं उनकी उज्ज्वला योजना ने भी करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया है।

### आचार्य श्री के आशीर्वाद से मिला सिद्धि जैन को पदक



**फिरोजपुर झिरका।** आल इंडिया ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप हाल ही में 15 से 24 सितंबर 2023 रोहतक में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में नगीना (जिला नूह) निवासी सिद्धि जैन सुपुत्री श्री हरीश जैन ने रजत पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है , वहीं सिद्धि जैन ने अपनी इस कामयाबी को अपने गुरुदेव आचार्य श्री 108 ज्ञानभूषण जी मुनिराज का आशीर्वाद बताया । रजत पदक जीतने के बाद सिद्धि जैन सपरिवार सीधे गुरुदेव से आशीर्वाद लेने फिरोजपुर झिरका पहुंची जहां गुरुदेव का जैन मंदिर में ससंघ वर्षायोग चल रहा है । सिद्धि जैन ने बताया कि कॉम्पिटिशन से पहले उन्होंने ने गुरुदेव से आशीर्वाद लिया था कि उन्हें कामयाबी मिले । सिद्धि जैन ने बताया कि गुरुदेव के आशीर्वाद के बिना यह संभव नही था । गुरुदेव ने मंगल आशीष देते हुए सिद्धि जैन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर बहुत सारे जैन समाज के लोग उपस्थित थे ।

### धूमधाम के साथ निकाली श्री ठाकुर जी महाराज की पालकी




**फिरोजपुर झिरका।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जलझूलनी ग्यारस के उपलक्ष्य में शहर के श्री सीताराम जी मंदिर से श्री ठाकुर जी महाराज की पालकी मशहूर बैंड बाजों की धुन के साथ शोभा यात्रा के रूप में शहर के मुख्य बाजारों से निकल गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आपको बता दें कि जलझूलनी ग्यारस के उपलक्ष्य में निकल जाने वाली शोभायात्रा को लेकर युवा सनातन धर्म सभा के युवाओं द्वारा लगभग एक सप्ताह से शहर के मुख्य बाजारों को रंग बिरंगी लडियो तोरण द्वारों से सजाया गया। दिल्ली के मशहूर बैंड वृंदावन की मशहूर झांकियां के साथ श्रद्धालुओं द्वारा भजनों का आनंद लिया गया। शहर के मुख्य बाजारों से युवा बैंड की मधुर धुन पर थिरकते नजर आए । वही महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया।

# ठेकेदार की लापरवाही से शहर में पेयजल आपूर्ति चरमराई

**सोहना।** बिजली की लाइन में आए दिन होने वाले फाल्ट से शहर की करीब 12 कॉलोनियों में पिछले 15 दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। सड़क निर्मा के दौरान ठेकेदार की बरती जा रही लापरवाही से बार-बार बिजली की लाइनों में फाल्ट हो रहे है।

शहर के दमदमा चौक से नूंह जाने वाले मार्ग पर परिष्द का आखिरी गांव रायपुर तक सर्विस रोड़ पर निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले करीब दस दिन से शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से दमदमा चौक के बीच निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस दौरान सड़क की खुदाई और रोढ़ी-निर्माण सामग्री बिछाने का कार्य ठेकेदार के कर्मचारी रात के समय में करते है।

इस दौरान चलने वाली जेसीबी, हाई ड्रा और 16 से 22 टायर वाले ट्राला चालक द्वारा लापरवाही बरतने से बिजली की लाइनों में फाल्ट हो जाता है। हाई ड्रा से लेकर जेसीबी मशीन व ट्राला आगे पीछे होने से सड़क किनारे खड़े बिजली की लाइनों के पोल से टकरा जाते है। जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। बिजली की लाइन ठप होने से शहर की 12 से भी ज्यादा कॉलोनियों में सुबह के समय पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाती है।



**कौन-कौन सी कॉलोनियों होती है प्रभावित :** आए दिन होने वाले फाल्ट या लाइन लिकेज से शहर के वार्ड 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, और 16 की 12 से 15 कॉलोनियों के निवासियों को पेयजल आपूर्ति में बार-बार आ रही रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है।

**लाइन होती है लीक :** सड़क निर्माण के दौरान खुदाई के दौरान जेसीबी या हाई ड्रा से लाइन लिक हो जाने से भी पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। लाइन टूट जाने या उसका जोड़ खुल जाने से पेयजल आपूर्ति का प्रेसर टूट जाता है। जिससे लाइन टूटने या बिजली की लाइन में फाल्ट होने का असर शहरवासियों को मिलने वाली पेयजल आपूर्ति पर पड़ रहा है।

आए दिन हो रहे बिजली फाल्ट या लाइन लिकेज की समस्या से निपटने के लिए बीएंडआर विभाग को पत्र लिखकर ठेकेदार की लापरवाही को सुधारे जाने को कहा जाएगा। ताकि पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। **( खुशीर्द अहमद-जेई जनस्वास्थ्य विभाग )**

# ससुराल में पत्नी को लेने पहुंचे पति को बनाया बंधक

**तावडू।** उपमंडल के गांव धुलावट में पत्नी को लेने पहुंचे पति को बंधक बनाकर जबरन तलाक दिलवाने का मामला सामने आया है।बंधक बनाने की सूचना पर गांव में पुलिस ने पहुंचकर सभी को सुरक्षित निकाल लिया।पीड़ित पति ने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जबकि ससुराल वालों ने आरोपों को निराधार बताया है।नूंह जिले के रानीका गांव के रहने वाले सलमान ने बताया कि गत जून माह में मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उसकी शादी गांव धुलावट में तबस्सुम पुत्री सिराजु के साथ हुई थी।

उन्होंने बताया की रविवार को शादी के बाद दूसरी बार अपने साथियों और कुछ रिश्तेदारों के साथ पत्नी को लेने के लिए गांव धुलावट में पहुंचे थे।आरोप है कि इस दौरान ससुराल वालों ने सभी को बंधक बना लिया।इस दौरान उससे जबरन मर्जी के खिलाफ पत्नी से तलाक करवाया।सलमान ने बताया की शादी में दी गई मोटरसाइकिल और आभूषणों को भी ससुराल वालों ने ले लिया है।बन्धक बनाने की सूचना पर धुलावट में पुलिस ने पहुंच सभी को सुरक्षित तरीके से छुड़ा लिया।

# युवाओं को मिल रही पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां : मूलचंद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**परिवहन** मंत्री एवं खनन मंत्री हरियाणा मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत नूंह जिला के करीब एक हजार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को शिक्षा अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। पूरे हरियाणा में अब युवाओं को नौकरियां पारदर्शी तरीके से मिल रही हैं।

परिवहन मंत्री सोमवार को विधानसभा क्षेत्र फिरोजपुर झिरका के गांव हिरवाड़ी, अखनाका, कोलगांव, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण व मल्हाका में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि अब परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से लोगों के राशन कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, चिरायु कार्ड सहित अनेक योजनाओं का स्वत: ही सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान व चिरायु योजना में गांव हिरवाड़ी में 1559, गांव अखनाका में 1037, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण में 132, मल्हाका में 770 लाभपात्र हैं और अब ये लाभपात्र सालाना 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करवा सकते हैं। विभिन्न पैंशन योजनाओं के तहत गांव हिरवाड़ी में 371, अखनाका में 174, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण में पांच व मल्हाका में 173 लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। जिला की जनता को बिजली की समस्या से लोगों को निजात दिलाई गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने नूंह में पानी पहुंचाने का काम किया है। नूंह की अन्य जिलों से क्रेटिविटी बहुत अच्छी बनाई है। सरकार ने दिल्ली से मुम्बई तक 10 लेन का एक्सप्रेस-वे, जोकि नूंह मेवात के क्षेत्र से गुजरता है, बनाया है और ऐसा एक्सप्रेस-वे सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी स्वयं जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत गांवों में पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है तथा संबंधित विभाग को कार्यवाही के लिए भेजा जाता है। जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति का योजनाओं का लाभ पहुंचे और लोगों की समस्याओं को समाधान उनके गांव में आकर किया जाए।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला के 7 हजार 670 लोगों ने करवाया अपना ईलाज

## सरकार ने जिला के लाभार्थी मरीजों के इलाज पर खर्च किए 26 करोड़ 43 लाख 72 हजार 180 रुपये

### जिला के सवा पांच लाख नागरिक हैं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात





**आयुष्मान** भारत योजना के तहत एक सितंबर तक जिला नूंह के 7670 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपना ईलाज करवाया है, जिनमें 1340 लोगों द्वारा सरकारी अस्पतालों में व 6330 लोगों द्वारा निजी अस्पतालों में मुफ्त ईलाज करवाया गया है। उनके ईलाज पर सरकार द्वारा लगभग 26 करोड़ 43 लाख 72 हजार 180 रुपये की राशि खर्च की गई है। नूंह जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 सरकारी व 2 निजी अस्पताल पैनल पर शामिल है। उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक स्वास्थ्य योजना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर, 2018 को इस योजना की शुरूआत की थी।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना जिसको आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तान से भी जाना जाता है। आयुष्मान भारत योजना का मुख्य उद्देश्य वंचित और शोषित गरीब परिवार जोकि इसके दायरे में आते हैं उनको प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाना है।

ऐसे पात्र परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये है, वे इस योजना के तहत लाभार्थी है। ऐसे लाभार्थी कार्ड धारक किसी भी आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में जाकर अपना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज करवा सकते हैं। इस योजना में यह पाबंदी नहीं है कि अगर लाभार्थी हरियाणा का है तो हरियाणा के ही किसी आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में ईलाज करवाए वह किसी भी राज्य में जाकर अपना ईलाज आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में करवा सकता है और इसमें परिवार के सदस्यों की भी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। परिवार में जितनें भी व्यक्तियों के नाम योजना में शामिल होंगे उन सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है और वे सभी आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि अगर जिला में उस सूची के अनुसार 6 लाख 81 हजार 24 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनने है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक 2 लाख 86 हजार 901 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और लगातार यह प्रयास है कि इस सूचि में शामिल व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाए। उन्होंने बताया कि सरकार की गाइडलाइन अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भव अभियान 17 सितंबर से 31 दिसंबर, 2023 तक मनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनने लंबित है उनके लिए आयुष्मान भव अभियान में हर हैल्थ वैलनेंस सैंटर पर कैम्प लगाए जा रहे हैं ताकि उन शेष लाभार्थियों को भी आयुष्मान भारत योजना का पूर्ण लाभ मिल सकें।

### आयुष ग्राम उजीना व रा.क.व.मा.वि. घासेडा में लगाया गया पोषण कैम्प- डा. अजीत सिंह यादव

**मेवात ।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डा. साकेत कुमार, महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार डा. अजीत सिंह यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, नूंह द्वारा आयुष ग्राम उजीना व रा.व.मा.वि.घासेडा में पोषण कैम्प का आयोजन किया गया। आयुष ग्राम उजीना में आयोजित पोषण कैम्प में डा. हेमराज, एच.एम.ओ. डा. मनोज कुमार, ए.एम.ओ. व डा. अब्दुल सलाम, यु.एम.ओ. द्वारा उपस्थित महिलाओं, पुरुषों व बच्चों का होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व यूनानी पद्वति द्वारा उपचार किया गया तथा उपस्थित आमजन को उचित खान-पान व रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। राजेश योग सहायक द्वारा लागों को योगा कराया गया तथा बताया गया कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त डा. असलम अली यु.एम.ओ, डा. शशांक, ए.एम.ओ., डा. असलम एच.एम.ओ. द्वारा रा.क.व.मा.विद्यालय घासेडा में स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा जरुरतमंद बच्चों को आयुर्वेदिक यूनानी व होम्योपैथिक औषधिया वितरित की गई तथा बच्चों को पोषक खान-पान के बारे में जानकारी दी गई।

राजेश शास्त्री आयुष योग सहायक द्वारा बच्चों को योगा कराया गया तथा योग के लाभ के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए शरीर के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने के लिए, थकान को कम करने के लिए मस्तिष्क के विकास के लिए, तनाव को कम करने के लिए योग सबसे ज्यादा लाभकारी है। जब किसी छात्र का अच्छा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य होता है तो वह हर चीज़ में अपना सौ प्रतिशत देता है और ज्यादातर चीजों में उत्कृष्टता प्राप्त करता है।

# भाजपा सांसद के ब्यान को लेकर 29 सितंबर शुक्रवार को नूंह में सौंपा जाएगा ज्ञापन



**मेवात।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष तैयब हुसैन घासेडिया के नेतृत्व में आगामी 29 सितंबर शुक्रवार को उनके कार्यालय से लघु सचिवालय नूंह तक प्रोटेस्ट किया जाएगा और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के द्वारा दिए गए बयान से नाराज हजारों लोग उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के माध्यम से राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। यह खुलासा जननायक जनता पार्टी के नेता तैयब हुसैन घासेडिया ने पत्रकारवार्ता में किया है।

पूर्व प्रत्याशी जजपा नूंह विधानसभा तैयब हुसैन घासेडिया ने कहा कि यह प्रदर्शन पार्टी के बैनर के तले नहीं होगा। मेवात के जागरूक नागरिक की हैसियत से गहन चिंतन करने के बाद मेवात की आवाम की तरफ से यह ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए सुबह करीब 11 बजे अपने कार्यालय से लघु सचिवालय नूंह तक पहुंचकर डीसी नूंह के मार्फत राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उसमें मांग की जाएगी की जिस मानसिकता के लोग संसद में पहुंचे हुए हैं। यह सब उन पर ही लागू होता है। जो जैसा इंसान होता है, वैसा ही बर्ताव दूसरे लोगों से करता है। आतंकवादी, कटवा , मुल्ला जैसे शब्द सब बताते हैं कि उनके अंदर जहर भरा हुआ है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे, पूरे मेवात की आवाम की तरफ से। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सबसे उच्च मंदिर में इस तरह के घिनौने शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। बड़े अफसोस की बात है कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ आज तक सरकार व भाजपा पार्टी ने कोई संज्ञान नहीं लिया है।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मै, अनिता देवी (आधार नम्बर 3683 4646 1082) पत्नी श्री सतप्रकाश डांगी निवासी मकान नम्बर 158, गांव रायपुर, सोनीपत ब्यान करती हूँ, कि मैंने अपना नाम अनिता डांगी से बदलकर अनिता देवी कर लिया है, भविष्य मे मुझे अनिता देवी के नाम से जाना जाये।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023



# पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

## आईएमएफ की सलाह

**पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था** की बदहाली को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने उसे अमीरों पर टैक्स लगाने तथा गरीबों को बचाने की सलाह दी है। लेकिन इसका क्रियान्वयन आसान नहीं होगा। पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था इतनी बुरी स्थिति में पहुंच गई है कि आईएमएफ जैसे बाहरी विशेषज्ञों के सहायक व तार्किक दिशानिर्देश भी लागू करना उसके लिए आसान नहीं है। हाल ही में आईएमएफ प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जिर्योजियेवा ने पाकिस्तान को सलाह दी कि देश का आर्थिक संकट दूर करने के लिए वह अमीरों पर टैक्स बढ़ाए तथा गरीबों का बचाव करे। मुद्रासंकट का सामना कर रहे देश ने आईएमएफ से जुलाई में 'बेलआउट' की मांग की थी। वह दहाई अंक में मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है तथा वहां अनेक ढांचागत मुद्दों का तत्काल समाधान जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में बैठक के समय क्रिस्टलीना की मुलाकात कार्यकारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से हुई जिससे पाकिस्तान के सामने मौजूद अनेक गंभीर आर्थिक मुद्दे उजागर हुए। क्रिस्टलीना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को अमीरों से ज्यादा टैक्स वसूलने के साथ ही देश की संकटग्रस्त जनसंख्या की सहायता करनी चाहिए। आईएमएफ पाकिस्तान में आर्थिक सुधारों की पैरवी करता रहा है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति से कराह रही है जो आईएमएफ द्वारा दिए 3 बिलियन डालर बेलआउट पैकेज के साथ जुड़ी शर्तों से और संकटग्रस्त हो गई है। इस बीच आम जनसंख्या के लिए स्थिति बद से बदतर हुई है। बिजली और पेट्रोल कीमतों में भारी वृद्धि के कारण पिछले महीने मुद्रास्फीति असाधारण रूप से 27.4 प्रतिशत पहुंच गई थी जिससे नागरिकों पर बहुत भारी बोझ पड़ रहा है।



आईएमएफ के बेलआउट से आर्थिक स्थायित्व व प्रगति के वादे का अभी बहुसंख्य पाकिस्तानियों के लिए कोई अर्थ नहीं है। आईएमएफ ने राजस्व संग्रह तथा समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त हिस्सों को बचाने की बात कही है जो उसके संतुलित दृष्टिकोण का महत्व स्पष्ट करता है। लेकिन विडंबना है कि इस बेलआउट या इसके पहले के बेलआउट से कुछ भी नहीं बदला है। आम पाकिस्तानी लगातार परेशानियों का सामना कर रहा है, जबकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग व खासकर सेना विशेषाधिकारों का आनन्द ले रहे हैं। ये कदम न केवल राजकोषीय स्थिरता, बल्कि गंभीर आर्थिक संकटों का सामना कर रहे देश में सामाजिक एकजुटता बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। आईएमएफ ने 3 मिलियन डालर बेलआउट पैकेज मंजूर किया है जो देश को कर्ज अदायगी के संकट से बचाने के लिए जरूरी है। फिलहाल इससे भले ही संकट टल गया हो, पर यह पाकिस्तानी व्यवस्था में गहराई तक व्याप्त है। उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगी होने के लिए उद्योग-व्यापार को अद्यतन बनाने पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन वह 10 सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण जैसे मामूली कदम उठा रहा है। हालांकि, यह कदम घाटे में चल रहे राज्य स्वामित्व वाले उद्योगों के लिए आईएमएफ की सलाह के अनुसार है, पर यह स्थाई समाधान नहीं है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को ऐसे ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है जो बिजनेस परिवेश बेहतर बना सकें। आईएमएफ की सलाह लागू करना आसान नहीं है क्योंकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग जनवरी के अंत में होने वाले आम चुनाव के पहले इसका भारी विरोध करेगा। अल्पकालीन रूप से ऐसे कदम पाकिस्तान को डूबने से बचा सकते हैं, पर आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण है क्योंकि पाकिस्तान का राज्य के रूप में अस्तित्व इस पर निर्भर होगा।

# निज्जर की हत्या के जिम्मेदार ?

## खालिस्तान-समर्थक निज्जर की हत्या के बाद भारत-कनाडा संबंध खराब हो रहे हैं। क्या इसके पीछे खालिस्तानियों के आंतरिक मतभेद हैं ?



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)




कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है। कनाडा में 18 जून, 2023 को निज्जर की हत्या हो गई थी। कहा जाता है कि ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों पर ये आरोप उनको उपलब्ध खुफिया सूचनाओं के आधार पर लगाए हैं। हालांकि, अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने इन कथित 'खुफिया सूचनाओं' पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि वे कितनी विश्वसनीय हैं। इस बारे में कोई अंतिम निर्णय उस समय तक नहीं दिया जा सकता है, जब तक निज्जर की हत्या से जुड़े सबूतों को सार्वजनिक नहीं किया जाता है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अचानक जल्दबाजी में व राजनीतिक कारणों से यह आरोप लगाया है। हालांकि, कनाडा की खुफिया व सुरक्षा अवस्थापना की प्रभावशीलता व विश्वसनीयता पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। कनाडा की धरती से अब तक हुई सबसे बड़ी आतंकी घटना एयर इंडिया के बोइंग 747 विमान 'इम्परर कनिष्क' में उड़ान के दौरान हुआ विस्फोट था। एयर इंडिया की यह उड़ान मांट्रियल होकर कनाडा के टोरंटो से मुंबई जा रही थी। 23 जून, 1985 को इस विमान में सवार सभी 329 यात्री व विमान के कर्मचारी उड़ान के दौरान हुए भयानक विस्फोट में मारे गए थे और केवल 131 लाशें ही बरामद हो सकी थीं।

एयर इंडिया के इस विमान में विस्फोट के पीछे खालिस्तान आतंकियों का हाथ था। लेकिन समय पर विमान में विस्फोट की आशंका की समुचित जांच न करने के कारण कनाडा सरकार की लापरवाही, उसकी खुफिया व्यवस्था की विफलता, समय पर कार्रवाई न करना तथा कनाडाई अधिकारियों की ओर से सुरक्षा व्यवस्थाओं में व्याप्त लापरवाही भी इसका प्रमुख कारण थी। विस्फोट के काफी पहले से ही यह भय व्याप्त था कि कनाडा में खालिस्तानी आतंकी किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं। भारत के इंटेलीजेंस ब्यूरो ने 1 जून, 1985 को एयर इंडिया के प्रबंधन तथा कनाडाई अधिकारियों को एक टेलेक्स संदेश भेज कर कहा था कि वे विमान पर सिख आतंकियों के संभावित हमले को रोकने के लिए समुचित सुरक्षा उपाय करें। उस समय 'रायल कनाडियन माउंटेड पुलिस'-आरसीएमपी के एक अधिकारी ने कनाडा के इंटेलीजेंस ब्यूरो के प्रमुख जेम्स बार्टलमैन का ध्यान एक अत्यधिक गोपनीय संदेश की ओर आकर्षित किया था जो 'कम्युनीकेशन्स सिक्यूरिटी इस्टैब्लिशमेंट'-सीएसई को प्राप्त हुआ था। इस दस्तावेज में कहा गया था कि सिख अतिवादी एयर इंडिया 182 उड़ान को निशाना बना सकते हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि जेम्स बार्टलमैन ने इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

आरसीएमपी के अधिकारी से कहा गया कि अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। लेकिन इस अत्यधिक महत्वपूर्ण गोपनीय सूचना के बावजूद कनाडा में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई और लापरवाही बनी रही। आश्चर्य की बात है कि उस समय सभी कनाडाई हवाईअड्डों से सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'स्निफर डाग', यानी विस्फोटकों या नशीले पदार्थों का सूंघ कर पता लगाने वाले कुत्ते भी गायब थे क्योंकि उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसके साथ ही एयर इंडिया विमान की उड़ान वाले दिन टोरंटो के पियरसन हवाईअड्डे पर एक्सरे स्क्रीन भी 'काम नहीं कर रहे' थे।

एयर इंडिया के विमान इम्परर कनिष्क में बम विस्फोट के कुछ दिनों पहले ही पता चला था कि आतंकी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल-बीकेआई का संस्थापक और नेता तलविंदर सिंह परमार ने एक जंगल में विस्फोटकों का परीक्षण किया था। उस समय कनाडाई खुफिया विभाग इस आतंकी के बारे में जानकारियां जुटा रहा था और उसकी लगातार निगरानी कर रहा था। लेकिन खुफिया विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस सूचना पर भी समुचित ध्यान नहीं दिया और उसे 'गनशाट' या बंदूक की आवाज बता दिया। बताया जाता है कि इसी आतंकी तलविंदर सिंह परमान ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्टीफेन हार्पर ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए 2006 में एक आयोग का गठन किया था।

देश के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर की अध्यक्षता में इस आयोग ने पूरे मामले की गहराई से जांच कर अपनी रिपोर्ट 2010 में पेश की थी। जान मेजर ने कनाडाई अधिकारियों की अनेक भयानक गलतियों और अनेक सुरक्षा विफलताओं का उल्लेख किया था जिसके कारण विमान में बम धमाका संभव हो सका। रिपोर्ट के अनुसार, आरसीएमपी व कनाडाई सुरक्षा इंटेलीजेंस सर्विस-सीएसआईएस के पास ऐसी अनेक महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध थीं जिनको एकसाथ रख कर देखा जाना चाहिए था।

रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि ऐसा किया जाता तो 'एक सक्षम विश्लेषक यह नतीजा निकाल सकता था कि जून 1985 में ज्ञात सिख आतंकवादियों द्वारा एयर इंडिया की उड़ान 182 में बम धमाका करने की पूरी संभावना है।' लेकिन कनाडा की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी के कारण इन महत्वपूर्ण सूचनाओं पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर की अध्यक्षता में गठित इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सुरक्षा कमियों को 'क्षमा योग्य नहीं' माना था और उसने तत्कालीन कनाडाई सुरक्षा व्यवस्थाओं को 'पूर्णत: अक्षम' कहा था। विडंबना है कि इस भयानक विस्फोट के बाद भी कनाडा के अधिकारियों ने इस भयानक व जघन्य हत्याकांड के मामले पर गंभीर दुःख भी नहीं जताया।

उन्होंने विस्फोट के पीड़ित परिवारों से भी संपर्क नहीं किया, जबकि उनको कम से कम ऐसा करना चाहिए था। इस मामले में जांच करने वालों ने भी भयानक संवेदनहीनता का परिचय दिया जिससे जनता का उनके प्रति गुस्सा होना स्वाभाविक है। जांचकर्ताओं की लापरवाही इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि 300 से अधिक लोगों की जान लेने वाले एयर इंडिया विमान में विस्फोट के लिए केवल एक व्यक्ति इंदरजीत सिंह रेयात को दोषी ठहराया गया और वह भी विस्फोट के दशकों बाद। भारत में वापस लौटे तलविंदर सिंह परमार को पंजाब पुलिस ने 1992 में एक मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मामले में दूसरे आरोपी रिपुदमन सिंह मलिक को रिहा कर दिया गया था, हालांकि बाद में 14 जुलाई, 2023 को उसकी कनाडा में हत्या हो गई थी। अपनी कठोर टिप्पणी में सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर ने कहा था कि कनाडा ने सबसे बड़े आतंकी हमले को पृष्ठभूमि में डाल कर अपने देश को पीछे धकेला है। उन्होंने कहा था, 'मैं जोर देकर कहना चाहता हूं कि यह कनाडा का अत्याचार है। बहुत लंबे समय से आतंकियों के हाथों कनाडाई लोगों की मौतों से होने वाले सबसे बड़े नुकसान को कनाडाई जनता की चेतना से बाहर रखा गया है।' इस पृष्ठभूमि को देखते हुए किसी का भी कनाडा की उन खुफिया एजेंसियों की क्षमता पर संदेह करना स्वाभाविक हो जाता है जिन्होंने यह नतीजा निकाला है कि भारतीय एजेंटों ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की है।

यह खासकर रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या को देखते हुए और महत्वपूर्ण हो जाता है। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 17 जनवरी, 2022 को एक पत्र लिख कर सिखों की कुछ लंबित मांगों का समाधान करने की उनकी पहल का स्वागत किया था। उसने ब्लैक लिस्ट से कुछ सिखों के नाम हटाने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया था जो उनको भारत यात्रा से रोकती थी। उसने आरोप लगाया था कि सिख समुदाय के कुछ 'भारत-विरोधी सदस्य' मोदी के खिलाफ 'सुनियोजित अभियान' चला रहे हैं। ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में मोदी की प्रशंसा करने के कारण कुछ सिखों ने उस पर सिख कौम से गद्दारी का आरोप लगाया था। क्या उसकी हत्या भारत और मोदी के बारे में उसके विचार-परिवर्तन के कारण हुई थी? ऐसा लगता है कि खालिस्तानी आतंकियों की दुनिया परस्पर दोस्ती व साथीपन वाली दुनिया न होकर 'गुटबाजी व ईर्ष्या' की दुनिया है। क्या हरदीप सिंह निज्जर इस आंतरिक टकराव के कारण मौत का शिकार हुआ तथा आरसीएमपी, सीएसआईएस व सीएसई इस पूरे मामले से उसकी तरह अनजान हैं, जैसे वे एयर इंडिया विमान में विस्फोट के मामले में अनजान थीं? इस सवाल का जवाब गंभीरता से तलाशा जाना चाहिए।

# आस्था, शांति और एकता का आह्वान

> ईश्वर में आशा और विश्वास की सकारात्मक भावना हमारी भलाई के लिए आवश्यक है।



**राधानाथ स्वामी महाराज**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)

भागवत गीता श्लोक (बीजी 8.15) में कहा गया है, कि दुनिया जीवित प्राणियों के लिए अग्निपरीक्षा और बेचैनी का स्थान है। इसके अलावा, यह प्रकृति (आदि-देविका), समाज (आदि-भौतिक), और शरीर और मन (अध्यात्मिक) द्वारा उत्पन्न होने वाली परेशानियों की शैलियों को रेखांकित करता है। क्या असुविधा का कारण आक्रोश, कड़वाहट और क्रोध उत्पन्न होता है? क्या यह पीड़ित मानसिकता का आह्वान करता है? क्या दुनिया की जन्मजात परेशानियों के पास हिंसा करने, पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता पैदा करने और दुश्मनी फैलाने का लाइसेंस है?

मनुष्य शांति और सद्भाव में रहने के लिए तत्पर हैं, लेकिन फिर भी हम व्यक्तियों, परिवार, दोस्तों और राष्ट्रों के बीच झगड़े देखते हैं। ऐसे झगड़ों/युद्ध के पीछे अंतर्निहित कारण किसी भी संभावित संवाद की स्पष्ट विफलता को दर्शाता है, लेकिन इससे भी अधिक यह इस लड़ाई/युद्ध में सीधे तौर पर शामिल किसी व्यक्ति या नेताओं के असली चरित्र को उजागर करता है। भगवद गीता 16.4 में कहा गया है; पाखंड, अहंकार, दंभ, क्रोध, कठोरता और अज्ञानता अज्ञान से ग्रस्त व्यक्ति के लक्षण हैं। और, ये झगड़े/युद्ध व्यक्तियों/नेताओं के दिलों में बैठे गहरे काले गुणों को उजागर करते हैं, जो मानवता के दुर्भाग्यपूर्ण अमानवीयकरण का कारण बनते हैं।

ऐतिहासिक, वैश्विक और पीढ़ीगत रूप से हर लड़ाई/युद्ध अच्छे इरादे वाले और गैर-अच्छे इरादे वाले लोगों या समूहों के बीच परस्पर विरोधी विचारधाराओं के कारण लड़ा गया है। परन्तु लोग आध्यात्मिक ज्ञान से रहित हैं; बिना ज्यादा सोचे-समझे अपनी स्वार्थी विचारधाराओं को आगे बढ़ाने के लिए मनमौजी, सहज



और भावनात्मक रूप से कार्य करें। इसके अतिरिक्त, जब लोग दिन में 20 बार यह विश्वास करने लगते हैं कि वे %सही% हैं, तो यह बात उनके दिमाग में बैठ जाती है। वे (छद्म) भगवान के रूप में कार्य करते हैं और अपनी अज्ञानता को बेशर्मी से प्रदर्शित करते हैं, जिससे कई लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वे यह पहचानने में असफल रहते हैं कि, मूल रूप से, प्रत्येक प्राणी आध्यात्मिक पहचान (नास्ततमनो) में समान है। अहंकार और अज्ञानता में डूबे हुए वे जीवन की पवित्रता को समझने में विफल रहते हैं, और इस प्रकार गैर-लाभकारी, विनाशकारी कार्य (अग्र कर्म) में संलग्न होते हैं, जिससे सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक बर्बादी (क्षय जगत) होती है। सच्ची महानता क्षमा, त्याग और जीवन के उच्च उद्देश्य, शांति और सद्भाव के लिए समझौता करने में निहित है। यदि ये वे मूल्य नहीं हैं जो हमें प्रेरित करते हैं; यह अन्यथा कैसे हो सकता है? लचीलापन और क्षमा को बढ़ावा देने वाली आध्यात्मिकता के अभाव में, लोग स्वाभाविक रूप से अंतहीन प्रतिशोध के खूनी चक्र में फंस जाते हैं। एक सामाजिक विचारक के प्रश्न के रूप में, पार्टियों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए प्रति मील कितने जीवन अंतत: काम आएंगे? यदि दांत के बदले दांत और आंख के बदले आंख की नीति अपनाई जाए तो पूरा समाज अंधा और दांत विहीन हो जाएगा।

कृष्ण चेतना का सर्वोत्कृष्ट संदेश, महत्वपूर्ण समय में ईश्वर में आशा, अर्थ और विश्वास की सकारात्मक भावना का आह्वान करता है। ऐतिहासिक रूप से, कंस ने एक ईश्वरविहीन राज्य चलाया और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए छल, भय और बल का उपयोग करके समाज में कहर बरपाया। पीड़ा को शांत करने के लिए, भगवान कृष्ण दुनिया के अंधेरे के बीच बिजली के रूप में प्रकट हुए और कंस को निष्क्रिय कर दिया, जो मोक्ष से परे अज्ञानता की भावना से ग्रस्त था। वर्तमान में, भगवान की यह विद्युत शक्ति गीता के ज्ञान के रूप में, हमारी पहुंच के भीतर अभी भी सुलभ है। सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक विविधताओं के बावजूद, गीता का आध्यात्मिक ज्ञान हमें अपने जीवन को स्वार्थी और अदूरदर्शी उद्देश्यों से परे एक उच्च उद्देश्य की ओर उन्मुख करने की शक्ति देता है। इस उच्च उद्देश्य को विश्व नेताओं और नागरिकों के दिल में रखने की जरूरत है, जो क्षमा, धैर्य, सादगी, अहिंसा, सच्चाई और क्रोध से मुक्ति जैसे सार्वभौमिक गुणों द्वारा निर्देशित हों।

ज्ञान से प्रेरित होकर और व्यक्तियों के रूप में अपने जीवन में ऐसी अनुकूल विशेषताओं को एकीकृत करके, हम एक सकारात्मक शक्ति बनने के लिए आध्यात्मिक रूप से सशक्त महसूस करते हैं, जो ईश्वरविहीन सभ्यता की अराजकता के बीच व्यवस्था लाती है और विश्वास, शांति और एकता के साथ मानव दिलों के बीच विभाजन को पाटती है।

# आप की बात

## जेलेन्स्की की हिम्मत

**यूक्रेन के राष्ट्रपति** जेलेन्स्की की हिम्मत एवं साहस को सलाम करना चाहिए जिन्होंने अपने से 20 गुना बड़े रूस की आक्रामकता एवं अत्याचार का न सिर्फ डट कर सामना किया है, बल्कि अंतिम सांस तक लड़ने का हौसला उनमे कूट-कूट कर भरा हुआ है। विगत डेढ़ साल से उन्होंने बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में रुसी निष्ठुरता एवं कत्लेआम का सामना निडरता के साथ किया है। उनकी इसी हिम्मत के कारण आज समूचा पश्चिमी समुदाय एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। राष्ट्रसंघ की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करने के बाद व्हाइट हाउस पहुंचकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बैठक की और उसके बाद कनाडा की संसद को संबोधित किया। तीनों स्थानों पर उन्होंने कहा कि अगर इस धरती पर लोकतंत्र एवं आज़ादी को बचाना है तो मास्को को एक बार और हमेशा के लिए हारना ही होगा। उसकी पराजय इसलिए जरूरी है ताकि दुनिया में किसी भी बेकसूर राष्ट्र को नरसंहार जैसी ज्यादतियों से बचाया जा सके। रूस, चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती एकजुटता से स्पष्ट है कि आज तानाशाही शक्तियां पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को उसी प्रकार चुनौती दे रही हैं जिस प्रकार हिटलर ने दी थी। इस स्थिति से निपटना सबके लिए जरूरी हो गया है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## कांग्रेस का दुःख

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मुझे दुःख है कि कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं को आरक्षण नहीं दे सकी। पहली बात तो यह है कि आखिर कांग्रेस क्यों सोती रही बरसों तक? फिर अब चिड़ियाँ चुग गई खेत तो प्रलाप करने से क्या होगा? मोदी सरकार जागी और उसने महिला आरक्षण बिल खुद के साथ ही विपक्ष से भी पास करवा लिया। जहाँ आपका 70 साल का अनुभव काम न आया वहां 7-8 की साल की अवधि में ही मोदी सरकार ने अनेक अटके हुए दुर्लभ कामों को चुटकी में निपटा दिया। जहां तक जातीय गणना की मांग का सवाल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जातियों के नाम पर कुछ लोग अमीर बनते हैं और आरक्षण के लाभ अपनी ही जातियों के गरीबों को नहीं पहुंचने देते हैं। अलग-अलग जातियों के पैरोकार रहे अनेक भ्रष्टाचार में गले तक डूबे नेताओं की असलियत जनता को पता चल गई है। अब जातीय जनगणना की मांग कर रही कांग्रेस दशकों तक मंडल रिपोर्ट पर कुंडली मारे बैठी रही, जबकि मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। भारत में जातीय अलगाव व भेदभाव समाप्त करने की जरूरत है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## चुनाव सुधार

**टी.एन. शेषन** द्वारा किए चुनाव सुधार और उनकी कार्यशैली आज भी कुछ लोगों के मन पर अंकित है। शेषन ने चुनाव में होने वाले खर्च पर काफी अंकुश लगा दिया था। लेकिन अब फिर से प्रत्याशी चुनाव में अनाप-शनाप खर्च के हथकंडे अपनाने लगे हैं। ग्राम पंचायत सदस्य बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। अब सामान्य जन में अवधारणा घर कर गई है कि अनेक लोगों के लिए अपनी काली कमाई का निवेश करने हेतु चुनाव एक अच्छा माध्यम है। सवाल केवल असीमित खर्च का ही नहीं प्रत्याशियों के चरित्र और शिक्षा का भी है। एक आठवीं पास विधायक जब कर्तव्यनिष्ठ आईएएस का अपमान करता है तो लगता है कि लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की जरूरत है। इसके साथ ही एक व्यक्ति के द्वारा एक से अधिक स्थानों से चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। विधायिकाओं को अपराधियों व धनपशुओं से मुक्त कराने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि नए संसद भवन में बैठने वाले सांसद इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाएंगे।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

## भारत-कनाडा संबंध

**खालिस्तानी** नेता की हत्या को लेकर नई दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों में तनाव के बीच कनाडा में पढ़ने या काम करने वाले भारतीयों के परिवार चिंतित हैं। उन्होंने मांग की है कि दोनों देश इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाएं। उत्तरी अमेरिकी देश में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट आ रही है। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार भारत की वास्तविक चिंताओं का समाधान नहीं कर रही है। कनाडाई नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएँ निलंबित होने से उनके लिए भारत में अपने मूल स्थान पर जाना मुश्किल हो जाएगा। भारत में सिखों के अलावा अन्य धार्मिक समूहों के भी बहुत से लोग कनाडा में पढ़ने या काम करने गए हैं। निश्चित रूप से खालिस्तानी व चरमपंथी विचारों के समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, पर इससे बेगुनाह लोगों को यथासंभव कष्ट नहीं होना चाहिए। कनाडा सरकार को भी चरमपंथियों को पालने-पोसने के खतरे समझने चाहिए। उसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

–**मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# नशे का कारोबार करने वालों पर की जा रही है सख्त से सख्त कार्यवाही : मुख्यमंत्री

## नशे के खात्मे के लिए नशे की सप्लाई चेन तोडऩी होगी

### नशे के खिलाफ हमें युवाओं को जागरूक करना होगा- मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

नशामुक्त हरियाणा के संदेश को लेकर 22 जिलों से होती हुई साइक्लोथॉन यात्रा को आज मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जिला यमुनानगर में अग्रसेन चौक जगाधरी से झंडी दिखाकर करनाल के लिए रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने का प्रण दिलाया और कहा कि नशे का कारोबार करने वालों पर सरकार सख्त से सख्त कार्यवाही कर रही है। नशे के खात्मे के लिए नशे की सप्लाई चेन को तोडऩा आवश्यक है। साथ ही, हमें युवाओं को भी जागरूक करना होगा, ताकि वे नशे की तरफ न जाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

साइक्लोथॉन यात्रा करनाल से टिविन सिटी यमुनानगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। आज मुख्यमंत्री ने झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद यह साइक्लोथॉन यात्रा अग्रसेन चौक जगाधरी से शुरू होकर फव्वारा चौक, आईटीआई चौक, विश्वकर्मा चौक, गढ़ी मोड़ टी प्वाइंट ओल्ड सहारनपुर रोड, हमीदा हैड, पांजुपुर, नैशनल हाईवे सहारनपुर चौक, खंडवा,



### नशा तस्करों की अवैध प्रॉपर्टी को नष्ट कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की चेन को तोडऩा बहुत जरूरी है, बड़े-बड़े तस्कर पैसों की लालच में यह कुकृत्य करते हैं और उस पैसे का उपयोग देशद्रोही कार्यों में करते है। जो देश विरोधी गतिविधियों में लगे हुए हैं, सप्लाई चेन टूटने से उनकी कमर भी टूटेगी। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सैकड़ों लोगों की अवैध प्रॉपर्टी को नष्ट करने का काम सरकार कर रही है। नशे को खत्म करने के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की जानकारी मोबाइल नम्बर 90508-91508 पर दी जा सकती है, जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं वन मंत्री कंवर पाल, मेयर मदन चौहान, विशेष अधिकारी, कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच पंकज नैन, उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसपी मोहित हाण्डा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर मदन चौहान, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका,पूर्व विधायक बलवंत सिंह,जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला,अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमाद्रि कौशिक, जगाधरी के एसडीएम अमित गुलिया, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन बहमनी, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता, रोजी मलिक आनन्द, राम निवास गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अलाहर, मंधार, गुमथला राव होते हुए करनाल में पहुंचेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ साइकिल चलाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

**साइक्लोथॉन यात्रा से एक विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा एक विषय नशामुक्त हरियाणा को लेकर 1978 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण करेगी। इस साइक्लोथॉन यात्रा में कुल 1 लाख 15 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिल चलाई है। उन्होंने बताया कि 3 साइक्लिस्ट शुरू से अब तक चल रहे है, जिनमें सोनीपत के जयपाल 66 वर्ष, रोहतक के सहदेव सिंह 65 वर्ष और रोहतक के 64 वर्ष की कमलेश राणा हैं, जो लगभग 2 हजार किलोमीटर लगातार चल रहे हैं। इस यात्रा में किसी न किसी रूप में लगभग 4 लाख लोग शामिल हुए हैं। यह निश्चित रूप से विश्व रिकार्ड बनने जा रहा है, जहां इतने लोगों के साथ, इतनी साइकिलों के साथ किसी एक उद्देश्य को लेकर 25 दिन लगातार विश्व में कभी कोई यात्रा नहीं चली होगी।

उन्होंने कहा कि जब यह यात्रा चली तभी से इसका उद्देश्य साफ था कि हमें अपना भविष्य सुधारना है। देश-प्रदेश के लोगों विशेषकर युवाओं में मादक पदार्थों का सेवन बढ़ता जा रहा है, यदि इसे समय पर न रोका गया तो हमारा भविष्य अंधकारमय हो सकता है। नशे की लत किसी एक व्यक्ति को ही नुकसान नहीं पंहुचाती अपितु पूरे समाज को नुकसान पंहुचाती है। समाज की आगे बढने् की गति धीमी हो जाती है। इस जन जागरण को समाज में बहुत ज्यादा समर्थन मिला है। यह साइक्लोथॉन यात्रा आज करनाल में विधिवत्त रूप से सम्पन्न होगी। यह जन जागरण अभियान 5 मई 2023 से शुरू हुआ और 5 मई 2024 तक किसी न किसी रूप में चलता रहेगा। श्री मनोहर लाल ने बताया कि इस साइक्लोथॉन यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं और जगह-जगह इकट्ठे होकर यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा में एनजीओ, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आईटीआई के विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इसके अतिरिक्त धार्मिक संस्थानों, प्रशासन और सरकारी विभागों ने भी एकजुट होकर सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि लगभग 4 महीने पहले हरियाणा में 100 करोड़ रुपये के पकड़े गए मादक पदार्थों को सार्वजनिक रूप से जला कर नष्ट किया था। जिन लोगों को नशे की बुरी लत लग गई है उनको नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कर मुख्यधारा से जोड़ना है।

# भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई नहीं की तो कार्यालय पर ताला जड़ दिया जाएगा : त्रिलोचन

### जिला सचिवालय में अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**करनाल** कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिले में राशन वितरण प्रणाली दुरुस्त करने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिला सचिवालय में अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं की अगुवाई पूर्व विधायक एवं करनाल प्रभारी लहरी सिंह ने की।

जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि जिला खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राशन वितरण प्रणाली व्यवस्था पिछले तीन वर्षों से ठीक नहीं है। गरीब व मजदूर लोगों के कभी कार्ड काट दिए जाते हैं और कभी राशन बंद कर दिया जाता है। बीपीएल के नाम पर सरसों का तेल बंद कर दिया गया। सीएम सिटी में कुछ अधिकारी और कुछ डिपो होल्डर भ्रष्टाचार की बड़ी गेम खेल रहे हैं। दो-दो महीने लोगों को राशन नहीं दिया जाता और बाद में इसी राशन को खुले बाजार में बेचकर अधिकारी अपनी जेबें भर लेते हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेताया कि अगर जल्द सीएम ने राशन वितरण प्रणाली दुरुस्त करने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई नहीं की तो खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय पर ताला जड़ दिया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम को काले झंडे दिखाकर अपना विरोध जताएंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं करनाल प्रभारी लहरी सिंह, जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, वरिष्ठ नेता रघबीर संधु, पूर्व कार्यकारी प्रधान अशोक खुराना, वरिष्ठ नेता कृष्ण शर्मा बसताड़ा, सतपाल जाणी, महिला प्रधान उषा तुली, रानी कांबोज, गुरविंद्र कौर, डा. गीता, सुषमा नागपाल, अंशुल लाठर, युवा कांग्रेस प्रवक्ता रजत लाठर, अमरजीत धीमान, सूरज लाठर, एडवोकेट अमनदीप, सुरेंद्र नंबरदार कटाबाग, राजिंद्र पप्पी, राज भारद्वाज, रोहित जोशी, जागीर सैनी सेवादल, जोगा अघी, पूर्व एमसी हरद्वारी लाल, सागर चड्ढा, जरनैल सिंह, पृथ्वी भाट, अविनाश कौर आदि मौजूद थे।

### फेस्ट नैवेद्यम 2.0 उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन

**जालंधर।** सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट द्वारा आयोजित सीटी ग्रुप के वार्षिक इंटर-कॉलेज उत्सव, नैवेद्यम 2.0 में उल्लेखनीय प्रतिभा, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के कॉलेजों से प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह शैक्षणिक कैलेंडर का मुख्य आकर्षण बन गया। नैवेद्यम 2.0 ने छात्रों के लिए हंकी ब्रेन्स, क्रिस्प द क्रश्ड, फैशन एंड सस्टेनेबिलिटी, स्टीवर्ड साल्वर रेस और ट्रेजर हंट सहित विभिन्न डोमेन में अपने कौशल और नवीन विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारी मुख्यमन्त्री के आवास का घेराव करेंगे



रेस्ट हाउस में यूनियन कार्यालय पर नारेबाजी करते कर्मचारी नेता।

**सोनीपत।** स्थानीय रैस्ट हाऊस स्थित यूनियन कार्यालय में हरियाणा कर्मचारी महासंघ सोनीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान हरपाल सिहं भनवाला की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जिला सचिव रामलाल ने विधिवत ढंग से किया। आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 सितम्बर 2023 को उप मुख्यमन्त्री के आवास का घेराव का कार्यक्रम है। इस आयोजन को सफल बनाने, ब्लाक, तहसीलों के पदाधिकारियों की इस घेराव को कामयाब बनाने के लिये ड्यूटी लगाई गयी। मिटिंग में आल हरियाणा पीडब्ल्यडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के राज्य चैयरमेन व 681 यूनियन के जिला प्रधान रणबीर दलाल, हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश बिड्डा, जिला चैयरमेन व तहसील गोहाना के प्रधान संजीव स्वामी, सह- सचिव मंजीत, जिला आडिटर सन्दीप लठवाल, गोहाना बिजली बोर्ड के अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष अनिल देशवाल व उनके सचिव प्रदीप नरवाल, गोहाना तहसील के सचिव व 681 यूनियन, जन स्वास्थ्य विभाग शाखा गोहाना के प्रधान सुभाष भट्टी, गोहाना तहसील के उपाध्यक्ष समुन्द्र मलिक, गन्नौर से प्रधान ओमपाल राठी, मुण्डलाणा ब्लाक के प्रधान अनिल मलिक, कथूरा ब्लाक के प्रधान प्रवीण मलिक, सुनील सिन्धु, गोहाना तहसील के वितिय सचिव भगत सिहं, राजेश मलिक, सुभाष डागर, 681 यूनियन जन स्वास्थ्य अभि0 विभाग के प्रधान रामचन्द्र, बिजली बोर्ड सब यूनिट के प्रधान सतीश चहल, बिजली बोर्ड से राजकुमार, सचिव जन स्वास्थ्य शाखा गोहाना के सचिव गीतेश रोहिल्ला, जन स्वास्थ्य शाखा के चैयरमेन विनोद योगी, बीएण्डआर के चैयरमेन रामनिवास, विनित, आदि उपस्थित रहे।

### गणित से विद्यार्थियों को डरने की जरूरत नही हैं रामपाल

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में गणित के विद्यार्थियों ने गणित विभाग द्वारा आयोजित चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों में लिया उन्होंने मैट्रिक्स, टिग्नोमैट्रिक्स, सेट थ्योरी, ज्योमेट्रीक्ल सेप्स, फ्लुड कॉम्प्लेक्स इत्यादि विषयों को मॉडल और चार्ट के जरिये प्रस्तुत किया । प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों बताया कि गणित संसार की अर्थव्यवस्था को जोड़ता है, जो दैनिक जीवन के हर कार्य और क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जो सारे विश्व की अर्थव्यवस्था का आधार है, गणित के आविष्कार,शुत्र,थ्योरी,फार्मूले मददगार हैं। इनके बगैर बहुत सारे जरूरी,तकनीकी, लेखे- जोखे, हिसाब- किताब, और अन्य कार्य पुरे नहीं किए जा सकते, इसलिए यह जरूरी है कि हम इसके महत्व को समझें, उन्होंने कहा कि गणित से विद्यार्थियों को डरने की जरूरत नही हैं, बल्कि अपने जीवन में इसको अपनाएं।और इसी क्षेत्र में आगे बढ़े। प्रतियोगिता के परिणाम अनुसार मॉडल निर्माण में एमएससी की शिवानी प्रथम, प्रिति द्वितीय तथा बीएससी की दिव्या को तृतीय पुरस्कार मिला। चार्ट मेकिंग में बीएससी के पारस व बीसीए के निखिल को प्रथम ,आषिमा व आरजू को द्वितीय तथा आकांक्षा को तीसरा पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### पंजाबी गौरव संघ के पदाधिकारियों ने दिए त्यागपत्र

**सोनीपत।** पंजाबी गौरव संघ के संरक्षक तिलकराज सेतिया, प्रधान पवन तनेजा, महासचिव राजेश बवेजा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार डेम्बला, कार्यकारिणी सदस्य गुलजार बक्शी, महिला प्रभारी दिव्या डेम्बला सहित अन्य सदस्यों ने संयोजक पवन बत्रा के तानाशाही व बदतमीजी का आरोप लगाकर त्यागपत्र दे दिए। प्रधान पवन तनेजा ने कहा कि पंजाबी बिरादरी को एकजुट बनाए रखने के लिए प्रधान पद पर मूक बधिर बन कर कार्य करना पड़ा, ताकि सोनीपत में पंजाबी समाज की कोई ओर नई ईकाई का जन्म ना हो। साथी पदाधिकारियों ने भी पिछ्ले कई महीनों से संयोजक पवन बत्रा की बदतमीजी के कारण संघ से अलग होने की बात कही, किन्तु मैनें उन्हें कहा कि कोई बात नहीं सुधार आ जाएगा, आप सभी एकजुट होकर काम करो। आखिरकार, मजबूरन, पवन बत्रा से तंग आकर कार्यकारिणी सदस्यों को यह फैसला लेना पड़ा। प्रधान पवन तनेजा ने आरोप लगाते हुए कहा कि संयोजक पवन बत्रा ने महासचिव राजेश बवेजा को आज तक कार्यवाही रजिस्टर तक नहीं दिया। कोषाध्यक्ष अशोक डेम्बला को आज तक रसीद बुक, चैक बुक, मोहर, बैंक स्टेटमेंट आदि नहीं दिए गए। संरक्षक तिलकराज सेतिया से वसूले हजारों रुपए की कोई रसीद नहीं दी गई। पवन बत्रा ने काफी परिवारों से 11 सौ रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से बगैर कार्यकारिणी की मंजूरी के बिना कुछ नहीं होगा।

## कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा



**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

### अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध समय पर करने के निर्देश

**पंजाब** के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने 28 सितंबर को आयोजित होने वाले श्री सिद्ध बाबा सोढल मेले की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को मेले से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आज यहां मंदिर में पहुंचकर प्रबंधो का जायजा लेने के बाद कैबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मेले में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा ताकि मेले के दौरान श्री सिद्ध बाबा सोढल मंदिर में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो उन्होंने जालंधर नगर निगम के अधिकारियों को मेले के दौरान मंदिर के आसपास सफाई सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात करने को कहा।

उन्होंने कहा कि कूड़े-कचरे के लिए नियमित रूप से कूड़ेदान रखे जाएं तथा कूड़ा उठाने के लिए कर्मचारी तैनात किए जाएं। इस दौरान उन्होंने पीने वाले पानी की आपूर्ति, अस्थायी शौचालय की स्थापना, स्ट्रीट लाइट की मुरम्मत का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। इसके इलावा मंत्री ने मेले के दौरान उचित यातायात प्रबंध और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने श्री सिद्ध बाबा सोढल मंदिर में भी माथा टेका।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान चरण 2 हमारे शहीदों को समर्पित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास

### हमारे देश के वीरों के प्रति एकता और समर्पण की भावना को प्रतिस्थापित करता है

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर




उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन मे नेहरू युवा केंद्र द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिले के हर गांव से मिट्टी इकट्ठा की जा रही है। जिला युवा अधिकारी, ओमकार स्वामी ने बताया की इसी कड़ी मे इस अभियान का आयोजन जिला यमुनानगर के जगाधरी ब्लॉक के विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, परवीन कुमार, पदमा देवी, रवि कुमार, विजय कुमार, सरिता, परमजीत प्रतिभागियों और समुदाय के सदस्यों ने किया। विभिन्न समुदायों के बीच एकता और देशभक्ति के भावना को बढ़ावा देने के प्रयास, हमारे देश के वीरों के प्रति एकता और समर्पण की भावना को प्रतिस्थापित करता है। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान के चरण 2 के अंतर्गत, जो हमारे बहादुर शहीदों के बलिदान को समर्पित करने का एक महत्वपूर्ण पहल है। इस चरण का मुख्य प्रयास सभी जिलों के हर ग्राम पंचायत के हर परिवार से मिट्टी जमा करने पर होगा। इस मिट्टी के एकत्रित करने की यह प्रक्रिया हमारे विभिन्न राष्ट्रीय यादगारों के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र के स्वरूप को एक साथ लाने का उद्देश्य है, और इसे राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। यह प्रयास हमारे देश के शहीदों के समर्पण और उनकी वीरता को सम्मानित करने के रूप में एक श्रद्धांजलि है। उन्होने बताया कि नेहरू युवा केंद्र सभी वर्गों के लोगों से जुड़ने और हमारे देश के शहीदों को समर्पण करने के इस महान प्रयास में हाथ मिलाने और अपना योगदान देने के लिए आमंत्रित करता है ताकि हम वो बंधन मजबूती से जोड़ सकते हैं जो हमारे देश को एक साथ बांधते हैं और हमारे स्वतंत्रता के लिए अपनी जान की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### शादी का झांसा देकर नबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार

**कैथल।** एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगाने तथा दुराचार के मामले में आरोपी को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह ने इस मामले में गांव गलाड़ी जिला संगरूर पंजाब निवासी मोहन उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर दर्ज मामले के अनुसार 18 सितंबर को उसकी करीब 17.5 वर्षीय नाबालिग बेटी को अज्ञात युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। इस बारे में थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

## सर्वोकॉन ने विस्तार की घोषणा की उत्तर प्रदेश के हापुड में नई फैक्टरी का होगा निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा

सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिजली संशोधन उपकरण और ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी, ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के मौके पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करने का मौका चुना है, जो भारत एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा, 21 से 25 सितंबर को हो रहा है। कंपनी अब हापुड़, उत्तर प्रदेश में एक नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक बड़े पैमाने पर निवेश का चयन किया है, जिसमें 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है।

इस नई नवीनतम सुविधा के लिए मूल स्तंभ का शिलान्यास जल्द ही किया जाने वाला है, जो सर्वोकॉन के 35 साल के उद्घाटन के



महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताता है। नई फैक्टरी, जिसका आकार लगभग 25,000 वर्ग मीटर है, सर्वोकॉन की उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को रोजगार के अवसर पैदा करके योगदान करेगी। इस रणनीतिक विस्तार से कंपनी की क्षमताएँ मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे 220 किलोवोल्ट क्लास तक के ट्रांसफार्मर्स का निर्माण किया जा सकेगा और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण के लिए एक नई प्लांट का मार्ग बनेगा। सर्वोकॉन बिजली संशोधन और वोल्टेज स्थिरकरण के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम जारी रख रहा है।

सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री हाजी कमरुद्दीन ने विस्तार और क्षमता में अपनी उत्साहज भावना व्यक्त की और बताया, यह विस्तार सर्वोकॉन के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा का परिचय करके खुशी है, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता को 220 किलोवोल्ट क्लास ट्रांसफार्मर्स तक निर्माण करने की समर्थना मिलेगी और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण की जा सकेगी।

## गौड़ ब्राह्मण में होगा तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**गौड़** ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक में आज क्षेत्रीय युवा महोत्सव के संदर्भ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से संबंधित रोहतक व सोनीपत महाविधालय के प्राचार्यों की मीटिंग का आयोजन हुआ। मीटिंग की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा ने की।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ प्रताप राठी ने मीटिंग के दौरान बताया कि इस बार का क्षेत्रीय युवा महोत्सव 29,30,31 अक्टूबर को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक में आयोजित किया जाएगा। इसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से संबंधित रोहतक व सोनीपत जोन के महाविधालय के विधार्थी अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव का इस बार का थीम नशा मुक्त भारत रहेगा। कॉलेज प्राचार्य व कार्यक्रम संयोजक डॉ जयपाल ने गौड़ कॉलेज को आयोजन की जिम्मेदारी देने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कुलपति डॉ राजबीर सिंह, युवा कल्याण विभाग निदेशक डॉ जगबीर राठी,युवा कल्याण विभाग उप निदेशक डॉ प्रताप राठी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव से संबंधित विभिन्न प्राचार्यों की कमेटी गठित कर दी गई है।

आयोजन सचिव डॉ अंजू शर्मा ने बताया कि 18 अक्तूबर तक कॉलेज अपनी टीम व प्रतिभागियों के नाम भेजेंगे। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

## आकाश बायजूस के 35वें स्थापना दिवस पर 978 रक्तवीरों ने डोनेट किया बल्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक / हिसार



**परीक्षण** तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी, आकाश बायजूस ने उत्तर भारत में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान राज्यों की 46 शाखाओं में अपने 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिन शहरों में भारी संख्या में रक्तदाता आए उनमें जम्मू, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, रोहतक, हिसार, करनाल, जयपुर, जोधपुर और सीकर शामिल हैं। यहां कुल 978 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

इस कार्यक्रम में आकाश के समर्पित स्टाफ सदस्यों सहित बड़े पैमाने पर लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। नीट, आईआईटी जेईई और ओलंपियाड की तैयारी के लिए देश के प्रमुख संस्थान के रूप में आकाश को सामाजिक जिम्मेदारी की मजबूत भावना के लिए भी जाना जाता है। संस्था के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर समाज को वापस लौटाने की आकाश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आकाश एजूकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने कहा, हम अपना 35वां स्थापना दिवस मनाने को लेकर रोमांचित हैं।हमारा मिशन हमेशा छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाना रहा है। लेकिन हम यह भी मानते हैं कि शिक्षा पाठ्यपुस्तकों से परे है।

## राजस्थानी युवाओं को सेना में अफसर बनाने

# विदेश में रोजगार और स्थानीय नौकरियों में आरक्षण के लिए काम करेंगे : दुष्यंत चौटाला

### गांवों का तेज़ी से विकास, किसानों को तुरंत भुगतान, महिलाओं को राशन डिपो राजस्थान की जरूरत - दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** सीकर/चंडीगढ़



राजस्थान में जननायक जनता पार्टी की सरकार में हिस्सेदारी होने पर राजस्थान के युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने के लिए अलग से विभाग का गठन, फौज की तैयारी करने वाले युवाओं को अफसर बनाने के लिए यूनिवर्सिटी की तर्ज पर चार बड़े ऑफिसर ट्रेनिंग केंद्रों का निर्माण, हरियाणा की तर्ज पर प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय युवाओं के लिए नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण, हर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी, किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ फसल खराबे का मुआवजा, विश्व स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए के इनाम, महिलाओं की राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने सहित तमाम वर्गों के कल्याण के लिए हरियाणा की तरह अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। यह घोषणाएं सोमवार को सीकर में देश के उपप्रधानमंत्री चौ देवीलाल की 110वीं जयंती पर आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में जेजेपी ने की। जेजेपी ने चौ देवीलाल की कर्मभूमि सीकर में ऐतिहासिक विशाल रैली करके राजस्थान में चुनावी बिगुल बजाया।

जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि उन्होंने दाता रामगढ़ से विधानसभा का चुनाव लड़कर अपनी राजनीति की शुरुआत की थी और जनता के आशीर्वाद से वे राजस्थान में दो बार विधायक बने। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव होंगे और चुनाव में मात्र दो महीने ही बाकी बचे है इसलिए पार्टी कार्यकर्ता आज से पार्टी के प्रचार-प्रसार में जुट जाएं। अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता जन-जन को पार्टी की नीतियों और मौजूदा कांग्रेस सरकार की विफलताओं से अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि जेजेपी हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में विकास करवाना चाहती है और इसके लिए प्रदेश के लोग जेजेपी उम्मीदवारों को जीताकर राजस्थान की विधानसभा में भेजे। डॉ. चौटाला ने राजस्थान के लोगों से आह्वान किया कि वे किसान-कमेरे वर्ग के हित में बदलाव लाने के लिए इस बार राजस्थान विधानसभा का ताला जेजेपी की चाबी से खुलवाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यहां की जनता कांग्रेस सरकार के काले कारनामों से परेशान है।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जननायक चौधरी देवीलाल और वीर तेजाजी महाराज को नमन करते हुए कहा कि देवीलाल की कर्मभूमि सीकर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम करके जेजेपी ने राजस्थान में बदलाव की मजबूत नींव रख दी है। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में उमड़े जनसमूह ने यह साबित कर दिया कि राजस्थान के विधानसभा का ताला जेजेपी की चाबी से खुलने जा रहा है और जेजेपी राजस्थान में कमाल करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बदलाव के लिए जेजेपी इसी मजबूती के साथ आगे बढ़े।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने राजस्थान के लोगों से कहा कि जेजेपी ने हरियाणा में बदलाव लाने का काम किया है और अब राजस्थान में भी लोगों के हित में बदलाव लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की प्रदेश सरकार में जेजेपी की हिस्सेदारी होने पर यहां के युवाओं के लिए हरियाणा की तर्ज पर प्राइवेट नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण, सभी गांवों में सरकारी नौकरी की तैयारी करने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी, विदेशों में युवाओं के रोजगार के लिए अलग से फोर्न कॉर्पोरेशन विभाग का गठन, महिलाओं के लिए पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, डिपो संचालन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत हिस्सेदारी, राजस्थान में फौज की तैयारी करने वाले युवाओं को अफसर बनाने के लिए चार बड़े ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर, किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर बेहतर खरीद प्रणाली के तहत खरीद और सीधा किसानों के खाते में उसका भुगतान, भावांतर भरपाई योजना की तरह फल-सब्जियों के नुकासन पर किसानों की भरपाई की व्यवस्था, फसल खराबे पर 15 हजार रूपए प्रति एकड़ किसानों को मुआवजा, खेतों की सिंचाई के लिए बेहतर नहरी सिस्टम, शहर की तर्ज पर गांवों का विकास, हरियाणा की तरह राजस्थान के खिलाड़ियों के सम्मान के लिए ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी को छह करोड़ रूपए, सिल्वर विजेता को 4 करोड़, ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले को 2 करोड़ रूपए और चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 50 लाख रूपए का नगद इनाम, आदिवासी वर्ग के उत्थान के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से आदिवासी विकास बोर्ड के गठन करने जैसे बड़े कदम उठाए जाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने जहां देवालय, वहां पुस्तकालय के नारे को पूरा करने के लिए राजस्थान में खरनाल, नोखा आदि स्थानों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का काम किया है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीकर रैली की भारी भीड़ ने चौ. देवीलाल और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह के राजस्थान के साथ मजबूत रिश्ते को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल और अजय चौटाला के साथ राजस्थान के लोगों का विशेष लगाव है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जेजेपी यहां 25 से 30 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कर्यकर्ता राजस्थान की सरकार में हिस्सेदारी और प्रदेश में बदलाव लाने के लिए चुनाव तक कड़ी मेहनत करें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी चाहती है कि राजस्थान में किसान-कमेरे वर्ग का मुख्यमंत्री बने। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि चौधरी देवीलाल की वानर सेना मजबूती से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विधानसभा का ताला खोलने के बाद पार्टी दिल्ली की तरफ कदम बढाएगी।

# सोनीपत में आशा वर्कर का जेल भरो आंदोलन

## हजारों आशा वर्कर ने लघु सचिवालय पर पहुंचकर दी गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



पुलिस लाइन में नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी देने जाती आशा वर्कर।

**पिछले** 49 दिन से हड़ताल पर चल रही आशा वर्करों ने आंदोलन तेज करते हुए आज हरियाणा के सभी जिला मुख्यालयों पर जेल भरो आंदोलन के तहत गिरफ्तारी दी। प्रदर्शनकारी आशा वर्करों ने कहा कि अगर जल्द उनकी वेतनमान में वृद्धि सहित अन्य मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आशा वर्कर कड़े फैसले लेने पर मजबूर होगी, जिसकी सरकार जिम्मेवार होगी। पिछले 49 दिन से हड़ताल पर चल रही आशा वर्कर्स ने आज जमकर सरकार के विरोध में रोष जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिले भर की आशा वर्करों ने पंचायत भवन से प्रदर्शन की शुरुवात करते हुए छोटूराम चौक होते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर रोष मार्च निकाला। हजारों की तादाद में प्रदर्शन का हिस्सा बनी आशा वर्कर्स ने इस दौरान गिरफ्तारियां भी दी।

प्रदर्शनकारी आशा वर्कर्स ने कहा कि उनकी लंबित मांगे सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, इंसेंटिव में 50 प्रतिशत कटौती को बहाल करना, ईपीएफ एवं ईएसआइ की सुविधा, सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष, रिटायरमेंट पर सम्मानजनक पेंशन व ग्रेच्युटी की सभी मांगे अभी तक सरकार ने नहीं मानी है और लगातार आशा वर्कर का प्रदर्शन जारी है। आशा वर्कर यूनियन के जिला प्रधान ने इस दौरान सरकार पर अनदेखी के आरोप भी लगाए। आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान अनीता, उपप्रधान सविता आदि ने कहा कि पिछले 49 दिन से आशा वर्कर का धरना लघु सचिवालय पर चल रहा है।

आशा वर्कर से सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम तो ले रही है, लेकिन उनके बदले उन्हें उचित वेतन नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा भी आशा वर्कर्स की सुरक्षा और अन्य कई मांगी है, जिन पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही और आशा वर्कर्स में इसको लेकर रोष है।

### विभिन्न संकायों में अव्वल दर्जे का प्रदर्शन कर रही आईजी कॉलेज की छात्राएं

**कैथल।** इंदिरा गांधी पी.जी. महिला महाविद्यालय के बीए चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने पांचवें, आठवें, नौवें व ग्यारहवें स्थान पर स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज की छात्रा अनु व सुष्मिता ने 86.05 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। साथ ही किरण ने 84.05 प्रतिशत अंकों के साथ नौंवा स्थान व नवीन शर्मा ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ ग्यारहवां स्थान हासिल कर कॉलेज को गौरवान्वित किया।

## संक्षिप्त समाचार


### लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी ने जीते पदक




प्रतियोगिता के विजेता मेडल के साथ।

**सोनीपत।** हरियाणा के रोहतक ज़िले में सब जूनियर व जूनियर खेलो इंडिया आरईसी नॉर्दर्न ओपन टैलेंट हंट बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने भाग लेते हुए 3 पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर से 11 सौ से भी अधिक बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें जूनियर वर्ग में 52 क़िलो भार वर्ग में हर्षित शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में हरियाणा के पीयूष को हराकर स्वर्ण पदकए 54 किलो भार वर्ग में जतिन ने अपने फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड के शिवम् ठाकुर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं सब जूनियर वर्ग में 70 किलो भार वर्ग में खेलते हुए युग पुनिया ने कांस्य पदक पदक प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### अपने हकों के लिए कुर्बानी देने में पीछे नहीं हटेंगी आशा वर्कर्जः सुषमा



धरने को संबोधित करते हुए सुषमा जडोला।

**कैथल।** जिले भर की आशा वर्कर्स ने राज्य कमेटी के आह्वान पर भारी तादाद में जिला सचिवालय परिसर में एक सभा करके प्रदर्शन करते हुए सचिवालय के मुख्य गेट को घेरा व गिरफ्तारियां दी। लगभग 600 आशा वर्कर्स ने यूनियन की प्रधान सुषमा जडौला के नेतृत्व में गिरफ्तारी दी। सभी वर्करों को पुलिस लाइन के कम्युनिटी सेंटर पर उतारा गया। सुबह से भूखी प्यासी वर्करों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तार करके रिहा करने के आदेश दोपहर बाद 3.30 बजे दिए। आशा वर्करों की नेताओं मेनका, रीना खेड़ी, सुमन सीवन, सुरेंद्र कौर चीका, रीना तितरम, ममता सिरसल, सुदेश पाई, कविता राजौंद, प्रकाशो कौल, सुमन पांचाल कैथल ने कहा कि पुलिस प्रशासन के प्रबंध अधूरे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस 27-28 अगस्त व 13-14 सितंबर को तो आशाओं को भाग-भाग के गिरफ्तार कर रही थी व आज जब आशाओं ने अपने आपको गिरफ्तारी के लिए प्रस्तुत किया तो प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने कहा कि सरकार की हर चाल का वे मुहतोड़ जबाव देंगी व मांग मुद्दों की लड़ाई के लिए हर प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं। इस अवसर पर आशा वर्करो का सहयोग करने व समर्थन जताने बड़ी संख्या में सीटू, मजदूर संगठन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, खेत मजदूर यूनियन, किसान सभा व अन्य जनवादी संगठनों के नेता भी उपस्थित थे।

# सम्मान दिवस रैली की सफलता से मिला अभय को अभय-दान

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

### जजपा ने किया एक तीर से दो निशाने साधने का प्रयास

**चौधरी** देवीलाल के सम्मान दिवस के बहाने अपना राजनैतिक वर्चस्व स्थापित करने की गर्ज से कैथल व सीकर में इनेलो व जजपा द्वारा आयोजित की गई रैलिया दोनों ही पार्टियों के लिए लिए मजबूती प्रदान करने वाली साबित हुई है। इनेलो की कैथल में आयोजित रैली मे जहां अभय को अभयदान मिलता दिखाई दिया वहीं जजपा भी अपने गठन के बाद चौधरी देवीलाल के नाम इनेलो के समांतर बड़े स्तर की सीकर में सफल रैली करके अपना कद बढ़ाने में कामयाब रही रैली में मई 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनावों में भाजपा के विजय रथ को रोकने की कवायद से बनाये गठबंधन के नेताओं के मच सांझा करने की चर्चाओं के चलते कैथल रैली पर पहले से ही पूरे देश की निगाहें टिकी हुई थी। साथ ही अभय चौटाला की पिछले छह महीनों की परिवर्तन यात्रा ने पार्टी को मजबूत करने का जो काम किया था उसका प्रभाव जानने के लिए भी प्रदेश के राजनैतिक लोगों की कड़ी नजर थी। इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा मंच सांझा करने व अभय चौटाला की पदयात्रा में की मेहनत के फलस्वरूप रैली उमड़ी भीड़ हरियाणा की राजनीति में हाशियें पर पड़ी इनेलो पार्टी व उसके नेता अभय को अभय दान देती दिखाई दी। दुसरी ओर अपने गठन के साथ ही चर्चाओं में रही जजपा ने हरियाणा की राजनीति में धमाकेदार इंट्री करते हुए भाजपा से गठबंधन करके प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान करने में सफलता प्राप्त कर सबको चौका दिया था।

लेकिन पिछले एक साल से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जजपा की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए जजपा का विरोध शुरू कर दिया था जिसके लिए जजपा के लिए बनी असहज स्थिती ने उसे बार चुनाव से पहले ही खुद को साबित करने का दबाब मान लिया था। जजपा ने खुद को साबित करने वास्ते सीकर में इस रैली के आयोजन का फैसला लेते हुए इनेलो के समांतर सफल रैली का आयोजन कर अपना शक्ति प्रदर्शन कर दिया। जजपा ने इस रैली से एक तीर से दो निशाने साधने का प्रयास किया है। सीकर रैली में बड़ी संख्या में पहुंची भीड़ के माध्यम से जजपा ने भाजपा हाईकमान को संदेश देने का काम किया है

### सरकार ने हरियाणा की अर्थव्यवस्था को तहस नहस कर दिया हैः अनीता

**कैथल।** कांग्रेस नेत्री अनीता ढुल बड़सीकरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा जजपा सरकार ने हरियाणा की अर्थव्यवस्था को तहस नहस कर दिया है। वे कलायत हलके के गांव बालू में ग्रामीण सभा को सबोधित कर रहीं थीं। मौजूदा प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को घेरा। उन्होंने कहा कि नौटंकीबाजी में भाजपा से आगे कोई नहीं है। भाजपा ने हमेशा से जनता की आवाज को दबाया है। आज प्रदेश कर्ज में डूब चुका है। किसान, मजदूर, मेहनतकश, व्यापारी समेत सभी वर्ग सरकार से परेशान हैं। प्रदेश की जनता अब भाजपा को सत्ता से बाहर करने का पूरा मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन के कगार पर ला कर खड़ा किया है। ईडी, सीबीआई से डरा कर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। देश में महंगाई चरम सीमा पर है। आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। युवा बेरोजगार घूम रहा है। जनता से नौकरियां छीनी जा रही हैं। अनीता ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले आधे-अधूरे कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए जा रहे है।

# कर्मचारियों का हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

### सोनीपत नगर निगम कार्यालय में भूख-हड़ताल पर बैठे कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



नगर निगम में भूख हडताल पर बैठे कर्मचारी।

**सोनीपत** में शहरी स्थानीय निकाय कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सोनीपत नगर निगम कार्यालय पर आज से 5 दिन की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करते हुए धरना दिया और सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। इस दौरान भूख हडताल पर बैठे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की।

सोनीपत नगर निगम कार्यालय में धरने पर बैठे शहरी निकाय कर्मचारियों ने आज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने इस दौरान नगर निगम कार्यालय पर धरना दिया और 5 दिन की क्रमिक भूख हड़ताल भी शुरू कर दी। 25 सितंबर से 29 सितंबर तक प्रदेश भर में क्रमिक भूख हड़ताल होगी। धरने पर बैठे फायर कमेटी के जिला प्रधान संदीप ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में शहरी स्थानीय निकाय कर्मचारियों ने मांगों को लेकर 11 दिन तक हड़ताल की थी। हड़ताल के बाद 29 अक्टूबर को सरकार के साथ कुछ मांगों पर सहमति बनी थी और सरकार ने मांगों को लेकर पत्र भी जारी कर दिया था। इस साल एक बार फिर कर्मचारियों और सरकार के बीच बातचीत हुई, लेकिन अभी तक इनकी मांगों को लागू नहीं किया गया है। जिससे कर्मचारियों में रोष है।

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी दीपक ने बताया कि 5 दिन की क्रमिक भूख हड़ताल के बाद भी अगर सरकार ने कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना तो कर्मचारी अपने आंदोलन को तेज करेंगे। इसके लिए सरकार जिम्मेवार होगी। भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों ने सरकार पर सीवरेज व सफाई के काम में लगे कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है। इसके विपरीत सरकार सफाई के काम को अलग-अलग ठेकों पर दे रही है। क्रमिक भूख हड़ताल जिला के प्रधान राजा भाई की अध्यक्षता में शुरू हुई।

सरकार से बार-बार अपील करने के बाद भी समझौता न लागू होने के कारण नगर पालिका कर्मचारी खासा विरोध है। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने सरकार को चेतावनी है कि समय रहते कर्मचारी की मांगों का समाधान किया जाए तो नगर पालिका कर्मचारी संघ एक बड़े आंदोलन की तरफ जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी शासन प्रशासन की होगी।

# ऋषिहुड युनिवर्सिटी ने अपने दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को डिग्री से किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**हरियाणा** के सोनीपत में स्थित भारत की पहली इम्पैक्ट युनिवर्सिटी ऋषिहुड युनिवर्सिटी ने 23 सितम्बर 2023 को अपने परिसर में दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर युनिवर्सिटी ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों एवं पोस्टग्रेजुएट प्रोग्रामों के छात्रों को डिग्री से सम्मानित किया। विभिन्न कोर्सेज जैसे एम.डिजाइन, एमबीए, पीजीडीपीएल, बीबीए और बीए ऑनर्स इन एजुकेशन एवं बीए ऑनर्स इन साइकोलोजी के छात्रो को डिग्री दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व भारतीय सेना अधिकारी मेजर जनरल इयान कार्डोजो एवीएसएम एसएम (सेवानिवृत) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। वे एक बटालियन और एक ब्रिगेड की कमान संभालने वाले भारतीय सेना के पहले युद्ध-विकलांग अधिकारी हैं तथा पहले एनडीए कैडेट हैं जिन्हें गोल्ड और सिल्वर दोनों मैडल्स से सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर श्री सुरेश प्रभु, सह-संस्थापक एवं चांसलर तथा पूर्व केबिनेट मंत्री एवं संसद सदस्य श्री शोभित माथुर, वाईस चांसलर और, गायत्री, परिवार, सह-सस्थापक तथा अन्य गणमान्य दिग्गज भी मौजूद रहे।

सभा को सम्बोधित करे हुए श्री शोभित माथुर, वाईस-चांसलर ऋषिहुड युनिवर्सिटी ने कहा, "युनिवर्सिटी के दूसरे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। मुझे युनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली युवाओं पर गर्व है।

# भाजपा ने 9 साल में हरियाणा को लाइनों में लगा दिया: अनुराग ढांडा

## कहा: बेरोजगारी की वजह से जान जोखिम में डाल कर अवैध तरीके से विदेश जा रहे युवा

**पायनियर समाचर सेवा।** कैथल



गांव पाडला में सभा को संबोधित करते हुए अनुराग ढांडा।

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा को बने 56 साल हो गए और 25 साल कांग्रेस राज करके चली गई, लेकिन न सरकारी स्कूल अच्छे हुए, न अस्पताल, न 24 घंटे बिजली मिली और न बच्चों को रोजगार मिला। ढाडा गांव पाडला में परिवारा जोड़ो अभियान के तहत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को बदलने में 25 साल नहीं लगते। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को पांच साल मिले पूरे दिल्ली के सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार बना दिए। दिल्ली में 4 लाख बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में दाखिला ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने डेढ़ साल हो गया, अब पंजाब में 90 प्रतिशत घरों का बिजली बिल जीरो आता है और दिल्ली में महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त है। उन्होंने कहा सीएम मनोहर लाल कहते हैं कि आम आदमी पार्टी वाले मुफ्त की रेवड़ी बांटते हैं। सीएम की 4000 यूनिट बिजली फ्री, गाड़ी और बंगला फ्री, रेल और जहाज में फ्री चले वो तो ठीक है लेकिन जब जनता को 300 यूनिट बिजली दें तो वो फ्री की रेवड़ी है। उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी की बिजली फ्री होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 2024 में प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। भाजपा ने 9 साल में पूरे हरियाणा को कागज लेकर लाइनों में लगा दिया। कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिल रही, पूरे हरियाणा में हर वर्ग हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नौ साल से प्रदेश को लूट रही है, अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।

आम आदमी पार्टी दिल्ली में बिजली फ्री देने, स्वास्थ्य सुविधा फ्री देने, शानदार स्कूलों में शिक्षा फ्री देने, बस में महिलाओं को फ्री यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा फ्री देने और शहीदों के परिवारों को 1 करोड़ की सम्मान राशि देने का काम करती है। आजाद भारत में कोई भी पार्टी शहीदों के परिवार का सम्मान नहीं कर पाई। आम आदमी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो शहीदों के परिवार को एक करोड़ रूपया सम्मान राशि देती है। दिल्ली में सब कुछ मुफ्त देने के बाद भी आम आदमी पार्टी की सरकार मुनाफे में है।

# उमा भारती ने महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी कोटा की मांग उठाई

## कहा, ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है

एजेंसी। भोपाल



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन से पहले वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता उमा भारती ने सोमवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हाल में पारित महिला आरक्षण विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए कोटा तय करने के बारे में सकारात्मक संकेत देंगे। पिछले हफ्ते की शुरुआत में भारती ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले संवैधानिक संशोधन विधेयक में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) कोटा शामिल नहीं करने पर निराशा व्यक्त की थी। भारती ने प्रधानमंत्री के भोपाल दौरे से कुछ घंटे पहले सोमवार सुबह एक्स पर पोस्ट किया, भोपाल की धरती पर प्रधानमंत्री का स्वागत है। वह गरीबों और पिछड़ों के मसीहा हैं, मुझे यकीन है कि वह महिलाओं के लिए ओबीसी आरक्षण पर सकारात्मक संकेत देंगे। मोदी यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करेंगे। भारती ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह इस बात से खुश हैं कि महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया गया, लेकिन कुछ हद तक निराशा महसूस कर रही हैं क्योंकि इसमें ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

विभिन्न मुद्दों पर अपनी नाराजगी व्यक्त करती रहीं वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस बात से इनकार किया था कि उन्होंने राजनीति छोड़ दी है।

उन्होंने सागर जिले में एक रैली में कहा था, मैंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था क्योंकि मुझे काम करते हुए कई साल हो गए थे। मैंने पांच साल का ब्रेक लेने के बारे में सोचा। लोगों को लगा कि मैंने राजनीति छोड़ दी है। मैं यह कहते-कहते थक गया हूं कि मैंने राजनीति नहीं छोड़ी है। भारती आखिरी बार उत्तर प्रदेश के झांसी से लोकसभा सदस्य चुनी गईं थीं। इस महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भारती ने जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी, जिसे तीन सितंबर को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा शुरू किया गया था।

भारती ने मध्य प्रदेश में कड़ी शराब नीति की मांग को लेकर एक अभियान भी चलाया था और कथित तौर पर विरोध स्वरूप कुछ दुकानों पर पथराव किया था। शराब नीति में संशोधन की मांग को लेकर वह एक मंदिर में भी रुकी थीं। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से मां की मौत, बेटा घायल

एजेंसी। मुजफ्फरनगर



**मुजफ्फरनगर** जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांधला रोड पर सोमवार को सुबह तेज रफ्तार से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुढ़ाना थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बृजेश शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि कांधला रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक महिला राजेश शर्मा (45) पत्नी सुरेंद्र शर्मा की मौत हो गई और उसका बेटा अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। शर्मा ने बताया कि यह घटना तब हुई जब पीड़ित मदावर गांव से मोटरसाइकिल पर सवार होकर शाहदरा, दिल्ली लौट रहे थे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राजग में वापसी कभी नहीं, विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर रहा हूं : नीतीश

## कहा, मुझे किसी पद की लालसा नहीं है

एजेंसी। पटना



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में अपनी वापसी के बारे में चल रही अटकलों को सोमवार को फालतू बात कहकर खारिज कर दिया और कहा कि उनका पूरा जोर विपक्षी दलों के गठबंधन को मजबूत करने पर है। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने, राजग की तरफ उनके झुकाव की अटकलों को लेकर पूछे गए सवाल पर अनभिज्ञता जाहिर की और कहा इस तरह की फालतू बातें क्यों करते हैं? हम तो विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हुए हैं।

जदयू नेता महेश्वर हजारी द्वारा उन्हें पीएम मैटीरियल बताए जाने से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे किसी पद की लालसा नहीं है। मैं सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने पार्टी सहयोगियों को इस तरह के बयान न देने के लिए कह चुके हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की अगली बैठक के समय और रणनीति के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समितियां बन गई हैं, बैठक हो रही है। उन्होंने कहा हम इस काम में उन लोगों को सुझाव दे रहे हैं, सभी लोग जुटे हुए हैं। आगे सबकुछ तय कर लिया जाएगा।

हाल ही में संपन्न संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों पर नीतीश ने कहा, इस विषय को छोड़ दीजिए। हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए काम कर रही है। बिहार मंत्रिमंडल की बुलाई गई बैठक के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक कल होनी थी, लेकिन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को बाहर जाना है, इसलिए बैठक बैठक बुलाई गई है और कोई विशेष बात नहीं है।

उनसे पूछा गया कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना की रिपोर्ट कब सार्वजनिक की जाएगी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि काम लगभग पूरा कर लिया गया है, और रिपोर्ट के तैयार होते ही उसे सार्वजनिक कर दिया जाएगा। पटना जिले के खुसरूपुर में एक दलित महिला के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की कथित घटना से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के साथ भी कोई अप्रिय घटना होती हैं तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी गड़बड़ करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खुसरूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दलित महिला को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर पीटने और उसके मुंह पर पेशाब करने का मामला सामने आया है।

## संजय गांधी अस्पताल खोलने की मांग कर कांग्रेस ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**अमेठी।** अमेठी में इलाज में कथित लापरवाही के चलते एक महिला की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने और सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव के विरोध में कांग्रेस नेता और विधान परिषद के पूर्व सदस्य दीपक सिंह ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के कार्यालय पर धरना दिया तथा अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू किया है।

गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भी संजय गांधी अस्पताल पर कार्रवाई की निंदा की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल खोले जाने और सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के बहाल होने तक उनका सत्याग्रह और धरना जारी रहेगा। धरने में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित पार्टी के कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हैं।

धरना स्थल पर दीपक सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया भाजपा सरकार ने ईर्ष्यावश संजय गांधी अस्पताल को बंद कर दिया, पर अपने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की। अस्पताल खुलने, उनकी व्यवस्था में सुधार, डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती किए जाने तक सीएमओ आफिस पर हमारा अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना जारी रहेगा।

# पटना में दलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटा, पेशाब किया

## साहूकार की अनुचित मांग को लेकर पुलिस में कराई थी शिकायत

एजेंसी। पटना



पटना जिले में खुसरूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक साहूकार और उसके सहयोगियों द्वारा एक दलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटने और उसके मुंह पर पेशाब करने का वीभत्स मामला सामने आया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला ने ऋण का पूरा भुगतान करने के बाद भी और धन दिए जाने की साहूकार की अनुचित मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह घटना हुई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी प्रमोद सिंह और उसका बेटा अंशु सिंह फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। अस्पताल में भर्ती पीड़िता ने दावा किया कि उधार ली गई रकम ब्याज समेत चुकाने के बावजूद उसे यह प्रताड़ना सहनी पड़ी। पीड़िता ने कहा, मेरे पति ने कुछ महीने पहले प्रमोद सिंह से 1500 रुपए उधार लिए थे और हमने ब्याज सहित पैसे वापस कर दिए थे, लेकिन उसने (प्रमोद सिंह ने) और पैसों की मांग की। हमने इस मांग को मांगने से इनकार कर दिया। यह घटना शनिवार की रात पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। प्रमोद सिंह ने पीड़िता को फोन पर कथित तौर पर धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने उसे और पैसे नहीं दिए तो वे उसे गांव में निर्वस्त्र करके घुमाएंगे। पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने मोबाइल फोन के जरिए पुलिस से की।

पीड़िता के परिवार के एक सदस्य ने संवाददाताओं से कहा, पुलिस का एक दल शिकायत के बारे में पूछताछ करने के लिए शनिवार को गांव आया था, जिससे प्रमोद और उसके सहयोगी नाराज हो गए। वे शनिवार रात करीब 10 बजे उसके (पीड़िता के) घर गए और उसे जबरन प्रमोद के घर ले गए। उसने कहा कि वहां महिला को कथित तौर पर निर्वस्त्र किया गया और मुक्कों एवं लाठियों से पीटा गया। महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा, प्रमोद ने अपने बेटे से मेरे मुंह पर पेशाब करने के लिए कहा। उसने वैसा ही किया। उसके बाद, मैं किसी तरह भागने में सफल रही और घर लौट आई। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने सोमवार को बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमने पांच पुलिस दल बनाए हैं और हम आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। इस संबंध में मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है और आगे की जांच जारी है।

# अजित पवार धड़े में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया : खड़गे

एजेंसी। मुंबई



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य एकनाथ खड़गे ने दावा किया है कि राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के एक करीबी ने उनसे उनके धड़े में शामिल होने को कहा, लेकिन खडसे ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। खडगे ने संवाददाताओं से कहा, मुझे अजित पवार की ओर से राकांपा नेता एवं विधान पार्षद अमोल मिटकरी ने फोन किया और उनके धड़े में शामिल होने को कहा। मैंने उन्हें साफ-साफ कह दिया कि मैं शरद पवार का वफादार हूं। मैं उनका साथ नहीं छोड़ूंगा।

पूर्व मंत्री खड़गे ने 40 साल तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ रहने के बाद 2020 में पार्टी छोड़ दी थी। राकांपा में शामिल होने के बाद वह महाराष्ट्र विधान परिषद में निर्वाचित हुए। जलगांव जिले से खडसे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरीश महाजन ने इस मामले पर कहा, मुझे यह पता चला कि खडसे अजित पवार धड़े में शामिल होने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मेरी उन्हें सलाह है कि वह शरद पवार को नहीं छोड़ें। उन्हें वरिष्ठ पवार (शरद पवार) के साथ ही रहना चाहिए।

# न्यायालय ने दिव्यांगजनों के संबंध में दाखिल एक याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्र से उस यचिका पर सोमवार को जवाब मांगा, जिसमें अनुरोध किया गया है कि दिव्यांग जनों को मिलने वाली सहायता, समान सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत अन्य लोगों को मिलने वाली सहायता की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली के संगठन भूमिका ट्रस्ट द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा और मामले को चार सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने साथ ही अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एश्वर्य भाटी से इस मामले में उच्चतम न्यायालय का सहयोग करने का अनुरोध किया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 24 (1) के नियम को आधार बनाया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। संगठन के अध्यक्ष जयंत सिंह राघव ने पीठ को बताया कि अधिनियम की धारा 24 (1) के नियम के अनुसार समान सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली सहायता अन्य लोगों की तुलना में 25 प्रतिशत अतिरिक्त होनी चाहिए। पीठ ने कहा, कौन सी योजनाएं हैं जिनके संदर्भ में आप 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुरोध कर रहे हैं। इस पर राघव ने विभिन्न राज्यों द्वारा दी जा रही दिव्यांगजन पेंशन का जिक्र किया। पीठ ने कहा, फिलहाल सभी राज्यों को नोटिस जारी करने के बजाय हम केवल भारत संघ को नोटिस जारी करेंगे और फिर देखते हैं कि केंद्र सरकार क्या जवाब देती है।

## महाराष्ट्र के ठाणे में ट्रक चालक की पीट-पीट कर हत्या

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण टाउनशिप इलाके में दुर्गाडी किले के पास सोमवार सुबह कुछ लोगों ने 25 वर्षीय एक ट्रक चालक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह करीब चार बजकर 40 मिनट पर हुई। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान झारखंड के बोलाकुमार दीपक महतो के रूप में हुई है। महतो नवी मुंबई में रहता था। अधिकारी ने बताया कि हमले में शामिल लोगों की सही संख्या का पता लगाया जा रहा है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# निजी बस खरगोन जिले में ट्रक से टकराई, 39 लोग घायल

एजेंसी। खरगोन



भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए लोगों को लेकर जा रही एक निजी बस खरगोन जिले में एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे कम से कम 39 लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात कसरावद पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। प्रधानमंत्री सोमवार को दोपहर के आसपास मध्य प्रदेश की राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करने वाले हैं। अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस (एसडीओपी) मनोहर गवली ने कहा कि गोपालपुरा गांव के पास निजी बस सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। खरगोन जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अमर सिंह चौहान ने बताया कि 39 घायलों को अस्पताल लाया गया था। उन्होंने कहा, ज्यादातर घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। चौहान ने कहा कि घायल व्यक्तियों ने चिकित्सकों को बताया कि वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई।

# परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर की साझा

एजेंसी। उदयपुर



**आम** आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने शादी के बंधन में बंधने के एक दिन बाद सोमवार सुबह अपने विवाह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। परिणीति (34) और राघव (34) रविवार शाम उदयपुर के द लीला पैलेस में आयोजित एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधे। दोनों की शादी की पोशाक और मुख्य समारोह की थीम पर्ल व्हाइट थी। इस दौरान बारात सजी हुई नावों में सवार होकर द लीला पैलेस पहुंची। दंपति ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर शादी की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, नाश्ते की मेज पर पहली बातचीत के बाद से हमारे दिलों को पता था... इस दिन का लंबे समय से इंतजार था... आखिरकार श्रीमान और श्रीमति बनने का सौभाग्य मिला। एक दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे... हमारा जीवन भर का सफर अब शुरू होता है।


तस्वीर में परिणीति के दुप्पटे पर सुनहरे रंग से हिंदी में राघव लिखा नजर आ रहा है। अभिनेत्री का शादी का लहंगा और राघव की शेरवानी दोनों हाथीदांत के रंग की थी। दंपत्ति ने अपनी शादी को बेहद निजी रखा।

## मेरठ में पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन गो तस्कर गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि आज तड़के थाना दौराला की पुलिस और विशेष संचालन समूह (एसओजी) की टीम थाना दौराला क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से गौ-तस्करों द्वारा गोकशी करने की तैयारी की सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम रूहासा से ग्राम चकबन्दी के बीच जंगल में छापेमारी की।

# छापा मारने गए पुलिसकर्मी तो कुत्तों की फौज से हुआ सामना

एजेंसी। कोट्टायम



**कोट्टायम** पुलिस के मादक पदार्थ रोधी दस्ते ने तस्कर होने के संदेह में एक व्यक्ति के घर पर औचक तलाशी की। हालांकि इस दौरान खाकी पोशाक पहने किसी भी व्यक्ति को काटने के लिए प्रशिक्षित कई हिंसक कुत्तों की मौजूदगी के कारण पुलिसकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुत्तों की मौजूदगी के कारण रविवार रात को तलाशी प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य आरोपी कुत्तों के हमलों से बचने की कोशिश में लगे पुलिसकर्मियों की नजर बचा कर भाग निकला।

पुलिस ने कहा कि कुत्तों को काबू में कर लिया गया और घर से 17 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया। कोट्टायम के पुलिस अधीक्षक के. कार्तिक आईपीएस ने पत्रकारों को बताया कि आधी रात के करीब यह घटना घटित हुई।

# राजनाथ ने हिंडन एयरबेस में भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम का उद्घाटन किया

एजेंसी। गाजियाबाद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां हिंडन एयरबेस पर आयोजित एक ड्रोन प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारत ड्रोन शक्ति 2023 प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन भारतीय वायु सेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) संयुक्त रूप से कर रहे हैं। सिंह ने ड्रोन प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन किया और ड्रोन के कुछ हवाई प्रदर्शन भी देखे। बाद में, उन्होंने प्रदर्शनी क्षेत्र और कुछ स्टॉल का भी दौरा किया। डीएफआई के एक अधिकारी ने बताया कि 75 ड्रोन का स्थैतिक प्रदर्शन किया जा रहा है और 50 से अधिक ड्रोन का हवाई प्रदर्शन किया जाएगा।

# तेलंगाना भाजपा प्रमुख किशन रेड्डी महिला विरोधी से मित्रता पर बरसे

## दुर्भाग्य से संसद में महिला आरक्षण विधेयक के खिलाफ मतदान करने वाली एकमात्र पार्टी एआईएमआईएम थी

एजेंसी। हैदराबाद



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि वह जानना चाहते हैं कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) संसद में महिला आरक्षण विधेयक के खिलाफ मतदान करने वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के साथ मित्रता कैसे बरकरार रख सकती है। रेड्डी ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी वह नेता हैं, जिन्होंने पिछले नौ वर्षों में अनुच्छेद-370, राम जन्मभूमि, गरीबों के लिए शौचालयों के निर्माण और कर से संबंधित तमाम लंबित मुद्दों पर क्रांतिकारी फैसले लिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र के महत्वपूर्ण निर्णय के बदौलत महिलाओं के लिए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में एक तिहाई सीटें आवंटित करने के प्रावधान वाला विधेयक नए संसद भवन में पारित हो चुका है। रेड्डी ने कहा कि दुर्भाग्य से संसद में महिला आरक्षण विधेयक के खिलाफ मतदान करने वाली एकमात्र पार्टी एआईएमआईएम थी। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का गुरु बताते हुए रेड्डी ने कहा कि राव को लोगों को जवाब देना चाहिए कि वह (बीआरएस) उस पार्टी (एआईएमआईएम) के साथ मित्रता कैसे रख सकते हैं, जो महिलाओं की विरोधी है।

विधेयक की मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वाले तेलंगाना के तीन कांग्रेस सांसदों का परोक्ष संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है कि एआईएमआईएम और तीन कांग्रेस सांसद तेलंगाना राज्य से हैं। तेलंगाना से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य कोमतीरेड्डी वेंकट रेड्डी ने किशन रेड्डी की टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। वेंकट रेड्डी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि किशन रेड्डी कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि मतदान के समय कई भाजपा सांसद भी संसद में मौजूद नहीं थे। वेंकट रेड्डी ने सफाई दी कि कांग्रेस सांसद उस समय इसीलिए सदन में मौजूद नहीं थे क्योंकि वह यातायात जाम में फंस गए थे।

## उत्तर पूर्व दिल्ली में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्व दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में रविवार को देर रात एक ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया कि दुर्घटना की सूचना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक बजकर 39 मिनट पर मिली। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बाकी चार लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शास्त्री पार्क पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 337 (दूसरों के जीवन को या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर चोट पहुंचाना) और 304 ए (लापरवाही के चलते मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रक चालक की पहचान की जा रही है। हादसे के शिकार पांचों व्यक्ति ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे। पुलिस उपायुक्त टिर्की ने बताया कि मृतक की पहचान की जा रही है। वह कश्मीरी गेट अंतरराज्ईय बस अड्डे से ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार हुआ था। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी अनिल (40), सलीम (55), अमन (17) और झारखंड निवासी हरि लाल (30) के रूप में हुई है।

# ड्रोन शक्ति में भारत ने दुनिया को दिखाई ताकत

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहले सी-295 विमान का किया अनावरण, दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

● हिंडन एयरबेस पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह और वायुसेना अध्यक्ष वीआर चौधरी ने भी लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय ड्रोन शक्ति कार्यक्रम में वायुसेना के पहले सी-295 विमान को वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी को सौंपते हुए। इस अवसर पर हाइटेक ड्रोनों का प्रदर्शन भी किया गया। फोटो : रंजन डिमरी

हिंडन एयरबेस पर दो दिवसीय भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम-2023 का शुभारंभ हो गया है। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफइंडिया की तरफसे किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी हिंडन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हैं। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद वीके सिंह भी हैं। वहीं, भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए मेक्सिको और अन्य देशों के सैन्य अधिकारी हिंडन एयरफ ोर्स स्टेशन पहुंचे हैं।

हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित भारत ड्रोन शक्ति 2023 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के पहले सी-295 विमान का अनावरण किया और इसे वायुसेना को सौंपा। इसके बाद रक्षा मंत्री ने अत्याधुनिक तकनीकी से लैस ड्रोन की जानकारी ली और हवाई प्रदर्शन को देखा। इस अवसर सर्वेक्षण ड्रोन, कृषि ड्रोन, आग दमन ड्रोन, सामरिक निगरानी ड्रोन, हेवी लिफ्ट लाजिस्टिक्स ड्रोन, लोटरिंग मूनिशन, ड्रोन समूह और काउंटर ड्रोन ने भी प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में पांच किलो सामान लेकर 120 किलोमीटर की रफ्तार से उडने् वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। भारत में ड्रोन प्रौद्योगिकी क्षेत्र का दोहन करने के लिए भारतीय वायुसेना ने देश की ड्रोन क्षमताओं में अपना विश्वास दिखाते हुए मेहर बाबार स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता शुरू की। हिंडन एयरबेस पर ड्रोन शक्ति का प्रदर्शन किया गया। देशभर की कंपनियों ने अपने हाईटेक ड्रोन का प्रदर्शन किया।


उच्च तकनीक से लैस ड्रोन का प्रदर्शन करते हुए।

इस दौरान किसी ड्रोन ने आसमान में ही संदिग्ध चीज को कैप्चर किया तो किसी ड्रोन ने आतंकियों के डमी ठिकानों पर बम गिराकर उसे नेस्तनाबूद किया। सिर्फ यहीं नहीं, भारत ड्रोन शक्ति शो की शुरुआत में एयरबेस पर सिंबॉलिक तौर पर 2 संदिग्ध आतंकी दिखाई दिए। पहले एक ड्रोन ने उनकी तस्वीर कैप्चर की। जबकि तुरंत वहां पहुंचे दूसरे ड्रोन ने ऑटोमैटिक वैपन से फ ायरिंग करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। इसके अलावा, शो में 50 तरह के ड्रोन का प्रदर्शन हुआ।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के पहले सी-295 विमान का अनावरण किया करते हुए इसे वायुसेना को सौंपा। यह सेना का ट्रांसपोर्ट विमान है। सी. 295 विमान 480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ सकता है। विमान का उपयोग किसी हादसे के पीड़ितों और बीमार लोगों को निकालने के लिए भी किया जा सकता है। सैनिकों और साजो.सामान को तेजी से पहुंचाने के लिए रियर रैंप डोर से लैस है विमान। यह विमान विशेष अभियानों के साथ.साथ आपदा की स्थिति और समुद्री तटीय क्षेत्रों में गश्ती कार्यों को पूरा करने में सक्षम है। सी 295 विमान पैराशूट के सहारे सैनिकों को उतारने और सामान गिराने के लिए काफी उपयोगी हो सकता है। यह विमान शार्ट टेक.आफऔर लैंडिंग कर सकता है। लैंडिंग के लिए इसे महज 670 मीटर की लंबाई चाहिए। यह लद्दाख, कश्मीर जैसे पहाड़ी इलाकों में निर्णायक भूमिका अदा कर सकता है।

वहीं कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा को लेकर तीन जोन में क्षेत्र को बांटा गया है। चप्पे.चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। सुबह सात बजे से भारी वाहन हिंडन एयरफ ोर्स स्टेशन की ओर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कार्यक्रम में शीर्ष सेना के अधिकारियों सहित कारपोरेट्स भी शामिल हुए।

# ट्रेड शो देखने एक लाख लोग पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का सोमवार को पांचवां और अंतिम दिन। यह ट्रेड शो नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। रविवार की बात करें तो यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भीड़ ने तमाम रिकार्ड तोड़ दिए। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण करीब एक लाख लोग ट्रेड शो में पहुंचे।

ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले दिन की बात करें तो पहला दिन उदघाटन और विशिष्ट अतिथियों के आगमन में ही गुजरा। दूसरे दिन से ट्रेड शो में लोगों की भीड़ जुटना शुरू हुई। शो के दूसरे दिन 48000 लोग मेला देखने के लिए पहुंचे। उनमें करीब 33 हजार आगंतुक और 15 हजार आम जनता शामिल थी। तीसरे दिन मेले में आने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 62000 पहुंच गई। आगंतुकों की संख्या 19311 और आम जनता की संख्या करीब 42 हजार रही। वहीं, आगंतुकों की संख्या चौथे दिन और कम हो गई। रविवार, 24 सितंबर को 14253 आगंतुक बिजनेस ऑवर में पहुंचे, जबकि दोपहर तीन से रात आठ बजे के बीच 74000 लोग मेला देखने पहुंचे। रविवार की छुट्टी होने के कारण इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे कि पार्किंग भी हाउसफु ल हो गई। मेले में लोगों की सबसे अधिक भीड़ हॉल नंबर 9, 10, 11, 12, 14 और 15 में हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल पर रही। लोगों ने कपड़ों की भी जमकर खरीदारी दी। प्रदर्शकों ने भी इसका लाभ उठाया और छूट पर कपड़ों की बिक्री की। वहीं, खाने के स्टॉलों पर भी भीड़ रही। लोगों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के व्यंजनों का स्वाद चखा। उधर, आयोजकों ने मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया।

# एसआरएम संस्थान की मेस में उपजिलाधिकारी ने मारा छापा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सीकरी कलां स्थित एसआरएम संस्थान के हॉस्टल की मेस में उप जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ छापेमारी की। साथ ही खाद्य विभाग खाने का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा। गंदगी मिलने व मानकों का पालन ना होने पर मैस को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद दूसरे शिक्षण संस्थानों में भी हड़कंप है।

उप जिलाधिकारी संतोष राय ने बताया कि दो दिन पहले सूचना मिली कि एसआरएम संस्थान के हॉस्टल की मेस में पोहा में कॉकरोच मिला था। इसको को लेकर छात्रों ने हंगामा किया था। इसकी शिकायत जिला प्रशासन के अधिकारियों से की गई थी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी संतोष राय व खाद्य सुरक्षा विभाग को मैस में जाकर जांच करने के आदेश दिए थे। । मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी संतोष राय दोपहर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ एसआरएम की मेस में पहुंचे। उन्होंने बताया जब मेस पहुंचे तो गंदगी का अंबार लगा हुआ था। गंदगी में ही खाना बनाया जा रहा था।

## सर्राफा की मौत के मामले में गैर-इरादातन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के निवाड़ी रोड स्थित देवेन्द्रपुरी कॉलोनी में डॉक्टर को दिखाने आए युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादातन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मृतक के दो पुत्रों को ही गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। बता दें कि नगर की कृष्णानगर कॉलोनी निवासी दीपक कुमार काफी समय से अपनी लिव इन पार्टनर के साथ मेरठ की जाकिर कॉलोनी में रह रहे थे। वह अपनी लिव इन पार्टनर के साथ दो दिन पहले निवाड़ी रोड पर देवेन्द्रपुरी कॉलोनी में एक डॉक्टर को दिखाने के लिए आए थे।

# सड़क हादसों में महिला और बुजुर्ग की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना जेवर तथा नोएडा के सेक्टर 24 थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला और एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

बुजुर्ग की मौत उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार कार ने इको कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इको कार पलट गई। उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। थाना जेवर में धीरज पुत्र टेकचंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी मां मुन्नी सब्जी मंडी से सब्जी लेकर घर आ रही थी। जब वह जेवर कस्बे के शरीफ कमानी वाले की दुकान के सामने पहुंची तभी तेज गति से आ रहे कैंटर ने उनको टक्कर मार दी। गंभीर रुप से घायल महिला को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय महिला की मौत हो गई।

दूसरा हादसा सेक्टर 24 क्षेत्र में हुआ। फर्रुखाबाद निवासी विपिन कुमार ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि पिता छोटे लाल इको कार से दवा लेने ईएसआईसी अस्पताल आए थे। गिझौड में तेज गति से आ रही एक कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उनकी इको कार पलट गई। हादसे में पिता घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

## नहर नहाते समय नाबालिग की डूबने से मौत

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे रोड पर रहने वाले शौकीन का 17 वर्षीय सुहेल गंगनहर में नहाते समय डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से सुहेल के शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोटा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक 28 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह का कहना है मृतक की शिनाख्त सुमित पुत्र रमेश निवासी मनोटा के रूप में हुई है। तनावग्रस्त होने से सुमित ने रेल के सामने कूदकर आत्महत्या की है।

## लोनी हादसे में एक और की मौत, विस्फोटक बरामद

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपनगर कॉलोनी के एक मकान में 23 सितंबर की सुबह हुए विस्फोट के बाद वह बहुमंजिला भवन धराशाही हो गया था। घटना के समय ही जहां एक महिला की मौत हो गई थी वहीं अब उपचाराधीन दो महिलाओं आलिया व अनीसा व इमरान नामक व्यक्ति की मौत हो जाने से मरने वाले घायलों का आंकड़ा चार पर पहुंच गया।

इस मामले में डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव की टीम ने लोनी थाने के एसओ प्रताप सिंह की टीम के साथ मिलकर विस्फ ोटक सामग्री का थोक गोरखधंधा करने वाले विकास गोयल को दिल्ली स्थित उसके ठिकाने से दबोच लिया।

# सपा प्रवक्ता ने रमेश बिधूड़ी को कहा पशु समान, वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सांसद ने कुछ दिनों पहले बसपा सांसद के खिलाफ बोले थे अपशब्द

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी मामले में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने हवा देते हुए सांसद को रमेश बिधूड़ी को पशु समान बताया है। एक्स पर अपलोड किए गए जिस वीडियो में सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता व प्रखर किसान नेता राजकुमार भाटी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भाटी, भाजपा नेता व दिल्ली से सांसद रमेश बिधूडी को पशु समान बताते हुए सुने जा सकते हैं। वें कह रहे हैं कि रमेश बिधूडी हम शर्मिंदा हैं कि आपके जैसा व्यक्ति भी हमारे समाज में है। 40 सेकेंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रमेश बिधूडी के ऊपर सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी की टिप्पणी से सोशल मीडिया पर खूब बहस हो रही है। राजकुमार भाटी का समर्थन करता हुआ नजर आ रहा है।

# 30 लाख की धोखाधड़ी के बाद सीएमडी से मारपीट, धमकाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में इवेंट कराने के नाम पर एक कंपनी के सीएमडी से 30 लाख रुपये हड़पने के बाद मारपीट भी की गई।

सीएमडी ने इस मामले में थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसे डर है कि आरोपी उसके परिवार को भी नुकसान पहुंचा सकता है। थाना सेक्टर 39 में दिल्ली के लाजपत नगर में रहने वाले अजय राजपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वो बीएकेएस हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज एलएलपी नामक कंपनी सीएमडी हैं।

इंवेट कराने के नाम पर संजय कुमार सिंह नामक व्यक्ति ने उनसे 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में थाना सेक्टर 39 में संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इस मामले में संजय कुमार सिंह जेल गया था। मई माह में संजय सिंह जेल से बाहर आ गया था।

अजय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक व्यक्ति उनके लाजपतनगर दिल्ली स्थित आफि स में मिला और उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए कहा कि संजय कुमार सिंह खतरनाक आदमी है और अगर मुकदमा वापस नहीं लिया तो उसके व उसके परिवार के लिए ठीक नहीं

## किसानों की समस्याओं को लेकर पीएम-सीएम के को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम के माध्यम से पीएम और प्रदेश के सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की कि सूखे के कारण खरीफ फसल की बुवाई नहीं होने पर 25 हजार की दर से क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया जाए, बाढ़ग्रस्त को भी 25 हजार प्रति बीघा की राहत दी जाए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसके तोमर, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, गौरव यादव, विजय सिंह, आकाश चौधरी, जयपाल सिंह, अमित कुमार, रवि पांचाल, अरूण सिंह आदि मौजूद रहे।

# चढ़ूनी ने किया भूख-हड़ताल का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● शत्रु संपत्ति के विरोध में जारी है धरना अब ले रहा आंदोलन का रूप

शत्रु संपत्ति के विरोध में चल रहा धरना गाजीपुर बॉर्डर पर चले किसान आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। जाने.माने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने रधरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन की घोषणा की और कहा कि वह भी दोबारा धरने पर आकर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

वहीं प्रभावित लोगों ने निर्णय लिया है कि 13 अक्टूबर से वह अपने घरों को छोड़कर तहसील परिसर में तम्बू गाड़कर रहेंगे। इन दोनों घोषणाओं के बीच प्रशासनिक अधिकारियों में बेचैनी का माहौल बना है। प्रशासनिक अधिकारियों घोषित की गई 1800 बीघा शत्रु संपत्ति के विरोध विगत 10 अगस्त से तहसील परिसर में धरना चल रहा है।

सत्ताधारी दल को छोड़कर अन्य राजनैतिक दल और तमाम किसान यूनियन के पदाधिकारी प्रभावित लोगों को समर्थन दे चुके हैं। धरने को 46 दिन बीत चुके हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से धरना समाप्त कराने के लिए अभी तक किसी तरह कथित कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रभावित लोगों को आक्रोश है। रविवार को धरने की अध्यक्षता टीकम सिंह और संचालन राहुल गुर्जर ने किया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह अपने साथियों सोमपाल चौहान, मनोज नागर, सूबे सिंह, नरेश चौधरी, धर्मेंद्र त्यागी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और समर्थन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी 1800 बीघा संपत्ति को शुत्र घोषित करके एक लाख लोगों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि वह दोबारा आएंगे और धरना स्थल पर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठेंगे। शत्रु संपत्ति जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि 13 अक्टूबर से तहसील में अनिश्चित कालीन रहने का निर्णय लिया है।

# 5 ट्रिलियन इकोनॉमी में एक्वा कल्चर का होगा महत्वपूर्ण योगदान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत में एक्वाकल्चर क्रांति के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के जाने माने वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, व्यवसाइयों व तमाम गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। सतत जलीय कृषि भारत की वैश्विक नेता बनने की क्षमता शीर्षक पर आयोजित इस सेमिनार में जलीय कृषि समाधानों के लिए अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्म, सिस्टा 360 ने मुख्य भूमिका निभाई।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, सांसद एनण्केण् प्रेमचंद्रन ने कहा, किंग्स इंफ्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक साजी बेबी जॉन के मार्गदर्शन से टिकाऊ जलीय कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है। बेबी जॉन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई नीली क्रांति को अपनाने में अग्रणी थे। निर्बाध समन्वय के माध्यम से बेबी जॉन ने नीली क्रांति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया है।


एक्वा कल्चर पर आयोजित सम्मेलन में सांसद एनएकेण प्रेमचंद्रन व अन्य।

प्रेमचंद्रन ने कहा भारत सरकार की महत्वाकांक्षा 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने तक फैली हुई है, जिसके बाद 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की आकांक्षाएं हैं। जबकि जलीय कृषि क्षेत्र अब तक अपेक्षाकृत अछूता रहा है, मेरा दृढ़ विश्वास है कि 10 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य के लिए इसमें भारत को आगे बढ़ाने की अपार क्षमता है। इससे देश के मछुआरों की सामाजिक और आर्थिक भलाई का पोषण करना सुदृढ होगा। जो मछुआरे अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह इसी उद्योग पर निर्भर हैं, उन्हें निश्चित ही बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने फीडबैक के आधार पर मस्त्य पालन में मछुआरों का सहयोग किया है। इस अवसर पर सेमिनार का आयोजन करने वाली कंपनी किंग्स इंफ्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक साजी बेबी जॉन ने कहा हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं जहां जलीय कृषि न केवल टिकाऊ हो बल्कि इसमें शामिल प्रत्येक हितधारक के लिए लाभदायक भी हो। सिस्टा.360 इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता है। हमारी कंपनी जलीय कृषि को बढावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और भविष्य में करती रहेगी। सेमिनार का एक मुख्य फोकस समुद्री शैवाल की खेती और मूल्य वर्धित उत्पादों का विकास था, जो भारत के तटीय और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापक कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। आपको बता दें कि भारत के जलीय संसाधन, वर्तमान में अपनी क्षमता का केवल 5.10 प्रतिशत ही उपयोग कर रहे हैं। यदि इसमें दस गुना वृद्धि भी होती है तो इस महत्वपूर्ण बदलाव में भारत को एक ट्रिलियन.डॉलर की नीली अर्थव्यवस्था में बदलने से कोई नहीं रोक सकता। यदि सही दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएं तो भारत 2030 तक जलीय कृषि का वैश्विक केंद्र बन सकता है।

सिस्टा.360 के सीईओ चंद्र भट्ट ने कहा, हमारा मंच इनपुट खरीद से लेकर टिकाऊ उत्पादन और लाभदायक विपणन तक जलीय कृषि की जटिलताओं को सरल बनाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## टीटीपी प्लांट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम मे डीपीएस स्कूल के पास निर्माणाधीन टीटीपी प्लांट का नगर आयुक्त ने रात्रि में निरीक्षण किया। दरअसल इस प्लांट को समय से बनाने के लिए अब नगर निगम की अनुबंध कंपनी वबाग रात्रि में निर्माण कार्य कर रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक इस प्लांट के निर्माण कार्य को देखने के लिए रात्रि में पहुंचे। वहां उन्होंने इस प्लांट और उसकी तकनीकी को बारिकी से समझा। इंदिरापुरम में नगर निगम पीपीपी मोड़ पर 40 एमएलडी क्षमता का जल शोधन एवं वॉटर सप्लाई प्लांट बना रहा है। इस प्लांट को बनाने के लिए ही नगर निगम ने म्युनिसपल बॉन्ड के तौर पर 150 करोड़ रुपये मार्केट से उठाए थे।

## नोएडा में कंबल में लिपटा महिला का शव मिला, हड़कंप

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 33 स्थित शिल्पहाट के पास सड़क किनारे कंबल में लिपटा महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर पहचान छुपाने के उद्देश्य से शव को यहां फेंका गया है। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। डीसीपी नोएडा हरिश्चंद्र ने बताया कि शिल्पहाट के गार्ड ने सूचना दी कि प्रकाश अस्पताल से सेक्टर 35 के तरफ जाने वाली सड़क के किनारे एक महिला का शव कंबल में लिपटा हुआ पड़ा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास कराया लेकिन सफ्लता नहीं मिल पाई। जांच में महिला के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष के आसपास है।

## दिव्यांगों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** अपनी मांगों को लेकर गाजियाबाद एसोसिएशन ऑफद डीफ के कार्यकर्ताओं ने घंटाघर से लेकर जिला मुख्यालय तक रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। रैली के उपरांत डीएम को ज्ञापन सौंप कर मांगों के निस्तारण की मांग की। एसोसिएशन ने अपनी ज्ञापन में मांग की कि मूक बधिरों को जारी होने वाले प्रमाणपत्र में मूक शब्द नहीं लिखा है जबकि रेलवे यात्रा में नियमानुसार यह लिखा होना आवश्यक है तभी इसका लाभ मिल सकता है। इस कमी को दूर किया जाए, दिव्यांगों के प्रमाणपत्र जारी होने से पूर्व जांच के लिए जिला स्वास्थ्य केन्द्र पर उचित लैब नहीं है जिसकी वजह से आवेदकों को अन्य जिलों में जांच के लिए जाना पडता है। ज्ञापन देने वालों में एसोएिसशन के अध्यक्ष नीरज गोयल, महासचिव प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## सोसाइटी के एओए पंजीकरण में देरी से परेशानी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 75 स्थित इंडोसम के निवासी एओए के पंजीकरण नहीं होने से बिल्डर की मनमानी से परेशान हैं। सोसाइटी निवासियों के अनुसार 29 सितम्बर 2022 को रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसाइटीज के पोर्टल पर आवेदन करने और उप निबंधक कार्यालय के निर्देशन पर तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद भी अभी तक उप निबंधक द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। जिसके कारण बिल्डर रेजीडेंट के साथ मनमाना व्यवहार कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया की बिल्डर ने रजिस्ट्रेशन को कुछ और समय तक टलवाने के लिए लखनऊ से लेकर मेरठ तक लामबंदी कर रखी है। वहीं आक्रोशित सोसाइटी के लोग कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## मोदीनगर में तीन महिलाओं से ठगे पांच लाख

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिल्ली के सरकारी अस्पताल में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर तीन महिलाओं से सवा पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी ने महिलाओं को नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया। महिलाओं ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। नगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी कोमल, सोनिया व एलिश सोमवार को मोदीनगर थाने पहुंची और तहरीर दी। महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि मेरी दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में काफी जान पहचान है। महिलाओं को बताया कि गया कि कई पदों पर जगह निकली है और नियुक्ति हो जाएगी। आरोप है कि कोमल मित्तल से 1.5 लाख रुपए, सोनिया से 2.5 लाख रुपए व एलिश से 1.17 लाख रुपए ले लिए और कहा कि जल्द ही सभी को नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। पिछले दिनों उस व्यक्ति ने कोमल को क्लर्क व सोनिया और एलिश को अन्य पदों का नियुक्ति पत्र भी दिया और कहा कि अपनी नौकरी जाकर ज्वाइन कर लेना। दिल्ली पहुंचने पर पता चला कि वहां कोई नियुक्ति नहीं हुई है।

# सेवा और ध्यान के सद्गुण

## हिंगोरी का कहना है कि हालांकि वैज्ञानिकों ने आज दिमाग पर ध्यान और सेवा के असर को साबित करना शुरू कर दिया है, मगर अज्ञात अभी भी ज्ञात के मुकाबले कहीं अधिक हैं



मानव मस्तिष्क की जटिलता को समझना लंबे समय से मूल वैज्ञानिक जिज्ञासा बना हुआ है। हजारों साल पहले हमारे प्राचीन संतों ने जिस चीज की चर्चा की थी, वो धीरे धीरे सामने आ रही है। उदाहरण के लिए, जब जागृत लोग मौजूद होते हैं, तो संवाद विचारों के आदान प्रदान या टेलीपैथी के जरिए होता है। आज उन्नत कंप्यूटरों को दो अगले स्थानों में लोगों के दिमागों तक पहुंच बनाना दिखाता है कि एक व्यक्ति जो कल्पना कर रहा है उसे दूसरा देख सकता है, हालांकि कुछ-कुछ विकृत, लेकिन यह विचार की पर्याप्त स्पष्ट छवि है।

### सेवा

वर्षों से सेवा की भावना या दूसरों की सहायता करने के काम की अनगिनत धर्मग्रंथों व धर्मों में पैरवी की गई है। सिखधर्म, इस्लाम, ईसाइयत व अन्य सभी धर्मों ने दूसरों की सेवा तथा जरूरतमंद व वंचित को दान देने की महत्ता की शिक्षा दी है। न सिर्फ सेवा करने बल्कि तरीकों, कारणों व यहां तक कि आंतरिक प्रगति, जिनसे कि असलियत में सेवा का काम करते हुए, व्यक्ति गुजरता है, की जटिलता को कर्मसूत्र, किताब में रेखांकित किया है, चिंतन के लिए खासा भोजन प्रदान करता है। सामाजिक प्रशंसा पाने की मंशा के साथ दूसरों की सहायता करना इंसान का स्वभाव है। इसीलिए हम अनेक लोगों की खुले आम उनके परोपकारिक प्रयासों के लिए प्रशंसा होते देखते हैं। जैसे जैसे व्यक्ति आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ता है, उसकी सेवा के पीछे की भावना वो सब जो उसने पाया है उसके प्रति कृतज्ञता व दायित्व की भावना से कहीं आगे पहुंचती नजर आती है। और अंत में, यह एक आदत बन जाती है जिसमें व्यक्ति कार्य के प्रति कर्ता भावना जिम्मेदारी तक नहीं लेता है। मैं मानता हूं कि दूसरों की सहायता करना असलियत में प्राप्तकर्ता की शुभ कामनाओं व कृतज्ञता द्वारा अर्जित सकारात्मक कार्मिक कर्तव्य के कारण एक स्वार्थी काम है। इसलिए स्वार्थी कार्य होने के बजाय, सेवा स्वार्थ बन जाती है, हालांकि सकारात्मक रूप में और प्रदाता भी यहां ग्रहणकर्ता बन जाता है। अंतिम लक्ष्य है स्वयं कार्य का कर्ता से खुद को अलग कर लेना।

लेकिन दिमाग में दरअसल क्या होता है, जब व्यक्ति सड़क पर उतरता है और लोगों को भोजन खिलाता है या किसी बुजुर्ग महिला की सड़क पार करने में सहायता करता है? उत्तर सिर्फ अच्छा महसूस करने की तुलना में अधिक जटिल है। जो भावना हम सभी के भीतर वास करती है, उस क्षण एक सेल्फी ले लेती है, वे कौन हैं इसकी पूरी छवि को कैद कर लेती है, जो हर अच्छे काम के साथ बेहतर दिखने लग जाता है। लगभग सभी लोग अपनी सेल्फी द्वारा तुष्ट होने का उत्साह ग्रहण करते हैं, जो कि असलियत में सिर्फ उनका आत्मउत्साह होता है (आम तौर पर आध्यात्मिक स्तर के मुकाबल भौतिक स्तर पर ज्यादा) सेवा का प्रत्येक काम स्व-उत्साह और संबंधित व्यक्ति की आत्मछवि उभारता है। आप इसे 'सेवा में मेवा' कह सकते हैं।

हम जितना अधिक इंसानी मस्तिष्क का अध्ययन करते हैं उतना ही ज्यादा जानकारी इस दिशा में संकेत करती है। अध्ययन दिखाते हैं कि सेवा करना अमिगडाला में गतिविधि घटाती है। एमिगडाला वो क्षेत्र है जो भावनात्मक प्रतिक्रियाओं, खासतौर पर भय से जुड़ा होता है। न्यूरोलाजिस्ट भी मानते हैं कि जब हम दूसरों की सहायता करते हैं हमारा मस्तिष्क आक्सीटोसिन, सीरोटोनिन और डोपामाइन प्रसारित करता है, जिससे अच्छा महसूस होता है। इन हार्मोन्स में हमारे मूड को प्रोत्साहित करने तथा कार्टिसोल (तनाव वाले हार्मोन) के असर को बेअसर करने वाला असर होता है। इसके अलावा, शोध ने पाया है कि ऐसी गतिविधियों में भागीदारी दर्द की संवेदना को कमजोर भी कर सकती है। इसमें केवल एकल लाभ नहीं होता है। नियमित आधार पर करने पर, सकारात्मकता की सहज भावना जगती है जो फिर आपको सेवा के अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है, आपको इसे करने के शुरुआती दौर से आगे ले जाकर, जो कुछ आपने किया उससे अच्छा महसूस कराती है, उसे आदत के स्तर पर और अंततः जो कुछ आपने किया उसके बारे में न सोचने के मुकाम पर ले जाती है।

> हमारे धर्मग्रंथों के अनुसार, सेवा और ध्यान न केवल हमारे वर्तमान जीवन के पाठ्यक्रम को बदलते हैं, बल्कि भविष्य के जीवन के भी हैं और आध्यात्मिक प्रगति के पथ पर हमें निरंतर मदद करते हैं। ये हमें एक प्रकार का धन देते हैं जिसे हम आफ्टरलाइफ कर्म मुद्रा में ले जा सकते हैं

### ध्यान

हम सभी जानते हैं कि ध्यान या मेडिटेशन में शांतिदायक असर होता है और जो हममें शांति व आंतरिक संतुलन की भावना जगाता है। परिपक्व योगी लैब प्रयोगों से होकर गुजरे हैं जहां वे उल्लेखनीय ढंग से शारीरिक तापमान बदलने, अपने शारीरिक अंगों को जगाने व शांत करने में सक्षम हुए हैं जिसे पारंपरिक विज्ञान संभव नहीं मानता है।

हालांकि, मस्तिष्क पर ध्यान का असर कुछ ऐसा था जो तुलनात्मक रूप से हाल तक बहुत कम जाना गया है। नतीजे चौंकाने वाले हैं। यह पाया गया है कि ध्यान के अनुभवी अभ्यासकर्ताओं के दिमागों में अन्य लोगों से संरचनागत अंतर होते हैं।

ध्यानगत एवं भावनात्मक एकीकरण से संबंधित क्षेत्रों में सेरेब्रल कोर्टेक्स में देखने योग्य मोटाई होती है। स्वजागरूकता, करूणा और आत्ममंथन से जुड़े मस्तिष्क के हिस्से में ग्रे मैटर घनत्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। पश्च भाग, जो मानसिक अस्थिरता में लिप्त रहता है और आत्म प्रासंगिकता भिन्नता भी देखती है। वे लोग जो ध्यान करते हैं उनमें एकाग्रता की उच्च योग्यता होती है और बहुत मजेदार ढंग से स्व-प्रासंगिकता जो आत्म उत्साह से जुड़ती है। यह एक और मजेदार हिस्सा है जिसके बारे में किताब, आत्मसूत्र में चर्चा हुई है, जहां स्वाराधना की अवधारणा पर चर्चा होती है। हालांकि यह आंतरिक दिव्यता को महसूस करने की क्रिया है, वो यात्रा जो आत्मप्रेम से आरंभ होती है। जो चीज चर्चा में भी आई, वो यह कि जब हम खुद को सही चीजों करने वाले के रूप में देखते हैं मसलन दूसरों की सेवा करना, पेड़ लगाना या वातावरण पर सकारात्मक असर डालना, हमारी आत्मछवि पर सकारात्मक ढंग से असर पड़ता है। इससे हमें खुद को लेकर अच्छा महसूस होता है और इसीलिए स्व-उत्साह का हमारा स्तर उन्नत होता है।

इसीलिए यह कोई आश्चर्य नहीं है कि योगियों के मस्तिष्क या टीपीजे में टेम्पोरोपराइटलल जंक्शन में भी अंतर था। यह परानुभूति व करूणा के साथ संबंधित है। दोनों आध्यात्मिक विकास के उच्च स्तर के संकेतक। अन्य सभी अच्छाइयों के अलावा, हालांकि एक और थी, एमिगदाला में ग्रेमैटर घनत्व में महत्वपूर्ण घटोत्तरी जो भय, बेचैनी और तनाव में भूमिका निभाती है। जो चीज जानना अत्यंत दिलचस्प है वो यह कि ध्यान बुढ़ापा विरोधी क्रीमों व सेरम बाजार के लिए नमी का काम कर सकता है। ध्यान का एक सशक्त दुष्प्रभाव को ग्रे मैटर पर आयु संबंधी प्रभावों को दूर करने तथा हमारी संज्ञानात्मक क्रियाकलाप की कमी घटाने की इसकी योग्यता बनते पाया गया है जिससे संभवतया हमारी डिमेंशिया जैसे रोगों से ग्रसित होने की संभावना कम होती है। अब क्या यह एक कारण हो सकता है कि क्यों हमारे प्राचीन योगियों को यदि हजार साल का नहीं तो सौ साल का कहा जाता है। मेरा अनुमान है कि हमें बस इसकी भी खोज के लिए विज्ञान की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। हालांकि वैज्ञानिकों ने आज मस्तिष्क पर ध्यान और सेवा के असर को साबित करना बस शुरू किया है, अज्ञात अभी भी ज्ञात की तुलना में कहीं ज्यादा है। यदि हम अध्ययन करते जो हमारे धर्मग्रंथों व पुस्तकें कहती हैं, तो ये न केवल हमारे वर्तमान जीवन, बल्कि भावी जीवनों के क्रम को बदल देते और तेजी से आध्यात्मिक प्रगति के पथ में हमारी सहायता करते। हमें हमें एक प्रकार की संपदा देते हैं जिसे हम जीवन उपरांत कार्मिक मुद्रा में आगे ले जा सकते हैं। इसलिए अंतिम प्रश्न जो उठता है, अब आगे क्या? शुरुआत का सही समय है अभी। अब अपने आसपास देखें और यदि इच्छा मौजूद है, अनेक दरवाजे खुलेंगे।

**- लेखक हिंगोरी सूत्राज सीरीज आफस्प्रिचुअल बुक्स के रचनाकार हैं।**



अंतर्दृष्टि
**प्रमोद पाठक**

# प्रत्यक्ष हाथ को काम करने दें



कोरोना वायरस तूफान की मार खाई, अर्थव्यवस्थाएं अनभिज्ञ हैं और बचने के लिए भाग रही हैं। मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था के चैंपियन अक्सर सभी आर्थिक रोगों के रामबाण के रूप में एडम स्मिथ के अदृश्य हाथ सिद्धांत का हवाला देते हैं। इस बार कोई अंतर नहीं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था मुक्त बाजार में काम कर सकती है, जहां हर कोई व्यक्तिगत हित के लिए कोशिश करता है। वो लाइसेज फेयरे थे जिन्होंने दो सदियों पहले पैरोकारी की थी। अनेक ग्रहणकर्ता थे और मार्क्सवाद के ढहने से दुनिया मुक्त बाजार पैरोकारों के लिए वैश्विक बाजार बन गई, जो तबाही और प्रगति के नए मॉडलों की ओर ले जा रही है। सामाजिक डार्विनवाद नया मंत्र था। लेकिन, इंसान प्रस्ताव देता है, ईश्वर नकार देता है। इसलिए प्रकृति द्वारा एक भारी उथलपुथल इस व्यवस्था को हिला देती है। अर्थ व्यवस्थाएं नौ पिनों की तरह गिरती हैं जैसे ही महामारी दुनिया को चीत्कार की हालत में ले आती है। लेने वाला नहीं जानता है, मुक्त बाजार सिद्धांतकार कुछ भी समझ पाने की हालत में नहीं थे, जैसा कि आईएमएफ ने माना कि वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट में थी। वैश्विक भविषवाणियां अस्पष्टता दर्शा रही थीं, नौकरियां जाने का उत्तर तलाशना कठिन है। मानवता के लिए बड़ा प्रश्न है शांति कहां से पाएं। स्वाभाविक उत्तर अब प्रत्यक्ष हाथ में मौजूद नजर आता है, क्योंकि अप्रत्यक्ष पूर्णतया समाप्त हो रहा है। सरकारों का नियंत्रण व नेतृत्व ढांचा जो अनावश्यक समझा जाता था, उम्मीद की किरण बनता दिखता है। जैसे ही बड़ी सरकार वापस आती है, मौजूदा वैश्विक आर्थिक संकट से निपटने की रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। क्या करें और कैसे करें जैसे सवालों का समाधान हो। भारतीय इतिहास के पास कुछ तरीके हैं। लखनऊ (तत्कालीन अवध) के 1784 के अकाल ने तत्कालीन नवाब, आसिफुद्दौला के सामने ऐसी ही चुनौती पेश की थी। अकाल लंबे समय तक रहा, जिसने अमीर और गरीब दोनों को प्रभावित किया। नवाब पर अर्थव्यवस्था को चलाए रखने तथा जीवन और आजीविकाओं को बचाए रखने का बहुत दबाव था। उसने भव्य निर्माण परियोजना शुरू करने का फैसला किया। लेकिन इस परियोजना का एक अनोखा पहलू था। उस दौरान गरीब मजदूर दिन में निर्माण कार्य किया करते थे, कुलीनों व अमीरों को रात में निर्मित ढांचे को गिराने के लिए कहा जाता था। यह काम जारी रहा और नवाब इस संकट से पार पा गए। जिन लोगों की इतिहास में दिलचस्पी है, यही वो आर्थिक रणनीति थी, जो भारत में लखनऊ के प्रसिद्ध स्मारक, बड़ा इमामबाड़ा के निर्माण की निहित वजह थी। मजेदार बात यह कि अर्थव्यवस्था को प्रेरित करने के लिए नवाब की यह आर्थिक समझदारी कींस द्वारा प्रस्तावित सिद्धांत के बहुत पहले कारगर साबित हुई थी। नवाब ने जिसकी परिकल्पना की थी, और कींस 150 साल बाद जिसे साकार किया था, वो यह कि सरकारी खर्च का संकटग्रस्त अर्थवस्था के पुनर्जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। आर्थिक प्रोत्साहन एक प्रक्रिया है जिसे सरकारी खर्च द्वारा संचालित किया जाना चाहिए और जैसे ही सुधार आरंभ होता है, निजी पूंजीपति पैसा लगाना शुरू कर देते हैं। यही वह राजस्व बहुआयामी प्रभाव है जो अर्थव्यवस्था को मंदी से बाहर निकालता है। यही वो प्रत्यक्ष हाथ है जो संकट के दौर में काम आता है जब अप्रत्यक्ष हाथ विफल हो गए हों। नया दौर नए नजरियों की मांग करता है। जिस प्रकार अमरीका, यूरोपीय यूनियन और भारत जैसे लोकतंत्र अपनी अर्थव्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाने के लिए संघर्षरत हैं, सवा दो सौ साल पहले अपनाया गया भारतीय नवाब का नजरिया उपयोगी नजर आता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि बड़ी सरकारों को हमेशा भारी हाथ का उपयोग नहीं करना होता है। कभी कभी बड़ा दिल है जो महत्वपूर्ण असर डालता है। अदृश्य हाथ का सिद्धांत फिर, साफमौसम में काम करता है।

# कामयाबी के लिए सिर्फ इच्छाएं होना काफी नहीं

**दोस्तों**, इच्छाएं या चाहतें हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा होती हैं। दुनिया में आने और समझदारी के पहले पड़ाव से ही इंसान का इनसे साक्षात्कार हो जाता है। बल्कि यह कहें कि जीवन में प्रवेश करते ही, हम अपने अवचेतन में ही इच्छाओं के रथ पर सवार हो जाते हैं। शायद, जन्म लेते ही नवजात बच्चे द्वारा अपनी पहली रुलाई में मां को पुकारना, चाहत का पहला, हालांकि अवचेतन, कदम होता है। धीरे-धीरे इच्छाओं का यह सफर, जो शुरू तो अवचेतन से होता है, मगर धीरे-धीरे चेतन या चेतना का हिस्सा बनता जाता है, और जैसे जैसे यह चेतना के उत्तरोत्तर उन्नत धरातल पर पहुंचता जाता है, वैसे-वैसे इच्छाओं का दायरा व्यापक होते हुए व्यक्ति विशेष के साथ साथ पूरी सृष्टि या कायनात को अपने भीतर समेट लेता है।

**खैर वापस लौटते हैं जीवन में चाहतों या इच्छाओं की अहमियत की तरफ।**

इसमें संदेह नहीं कि हम जीवन में बहुत कुछ चाहते हैं। ये इच्छाएं या चाहतें ही हैं, जो हमें आगे बढ़ने के लिए नई मंजिलें या नए उद्देश्य प्रदान करती हैं, हमें उनको पाने के लिए उत्साहित करती हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, जिदंगी के प्रत्येक पड़ाव पर इच्छाओं या चाहतों की निरंतर नई खेप हमारे जीवन का हिस्सा बनती जाती है। जिनसे हमारी चाहतों का कद का दायरा, यहां तक की प्रारूप भी, उन्नत व व्यापक होता जाता है। यह जरूरी भी है, क्योंकि उम्र के साथ इच्छाओं या चाहतों का उन्नत होते जाना अनिवार्य है। ऐसा न होने पर, वही इच्छाएं, जो कभी प्रगति की वाहक बनी होती हैं, इंसान के लिए मानसिक गांठ बन जाती हैं जो फिर भविष्य में आगे बढ़ने के रास्ते में अवरोध बनती हैं।

वैसे इच्छाओं को अगर अपने समय या परिवेश या हालात का प्रारूप कहा जाए, तो



शायद अनुचित नहीं होगा। क्योंकि इच्छाएं हवा में या निरी कपोल कल्पना में नहीं पैदा होतीं। इंसान सहजतापूर्वक वही इच्छा करता है, जो उस समय या वस्तुगत परिवेश या परिस्थिति में उपजती है। हालांकि इसमें भी इच्छओं का दायरा वर्तमान के साथ भविष्य का सुदूर या कहें कि असंभव सा लगने वाला लक्ष्य भी अपने भीतर समेट लेता है, मसलन दुनिया में पूरी तरह सद्भाव व समानता हो, कोई लड़ाई झगड़े न हों, पूरी दुनिया वसुधैव कुटुंबकम हो, आदि इत्यादि। लेकिन तब ऐसी इच्छाओं का साकार होना, समय के विस्तृत कालखंड का हिस्सा बन जाता है। फिर वो इंसानी जीवनावधि के दायरे से परे हो जाता है। लेकिन क्या सिर्फ चाहत रखना या इच्छा मात्र होना, इंसान को कामयाबी की मंजिल पर पहुंचा सकता है? बिलकुल नहीं। किसी महान व्यक्तित्व ने कहा है इच्छाएं जब तक तार्किक योजना का हिस्सा नहीं बनतीं, वे सच के रूप में साकार नहीं हो सकतीं या सफलता का प्रारूप नहीं बन सकतीं। इच्छाओं को साकार करने के लिए व्यक्ति को उन्हें पूरा करने की योजना बनाना अनिवार्य है। योजना बनने पर ही उक्त इच्छा की व्यवहारिकता तौली जा पाती है। उसमें भावी चुनौतियों का आंकलन व उनसे निपटने के तरीके पर विचारमंथन होता है। इससे इच्छा, जो योजनाबद्ध हो जाने पर तात्कालिक लक्ष्य बनती है, के समग्र मूल्यांकन व विश्लेषण का अवसर मिलता है जो फिर इंसान का दूरगामी या जीवन लक्ष्य बनकर उभरती है, जिस पर ताउम्र चलने का इंसान फैसला करता है और कामयाबी का मुकाम हासिल करता है।

यानी, इसमें संदेह नहीं कि बिना चाहत के या बिना इच्छाओं के इंसान जीवन में प्रगति नहीं कर सकता। लेकिन इच्छाओं को तार्किक योजना का हिस्सा बनाकर ही जीवन में कामयाबी पाई जा सकती है। इच्छाएं अगर बीज की तरह हैं तो इंसान की एकाग्रता व तार्किक योजनाबद्धता उस पहरेदार की तरह हैं जो उसे आवश्यक नमी, धूप व बरसात प्रदान करने का आधार व सुरक्षा मुहैया कराती हैं।

# अपने डर को जीतो

**दोस्तों,** सोचकर कितना विचित्र लगता है कि हिंदी व्याकरण माला के दो अक्षर ड और र, जो स्वयं तो अक्षर-पंक्तियों में बीच में सहमे से रहते हैं, लेकिन जब आपस में मिलते हैं तो एक बिलकुल भिन्न दुनिया रच जाते हैं। जी हां, डर नामक शब्द देखने में दो अक्षरों का है मगर इंसानी चेतना में अपनी गहरा असर छोड़ता है। यह असर कभी तो इस कदर हावी होता है कि इंसान की सारी पहलकदमियां हाशिए पर चली जाती हैं, चुनौतियों के सारे पैंतरे बेमानी से लगने लगते हैं। दुनिया को वस्तुगत ढंग से समझने की जिज्ञासा और क्षमता उदासी ओढ़ लेती है और विपरीत से निपटने के सारे हौसले पस्त हो जाते हैं। इंसान निराशा और अवसादग्रस्तता के ऐसे कुएं में गिरता जाता है कि उसके जीवन का सामान्य पटरी पर लौट पाना बहुत ही कठिन होता है। यह प्रश्न सोचने का है कि आखिर डर की यह दुनिया क्यों और कैसे इंसानी जहनियत को अपना शिकार बनाती है? क्या डर या भय इंसान की अपनी सहज मौलिकता का हिस्सा है या जाने-अंजाने खयालों के किसी चोर दरवाजे से चुपचाप हमारे भीतर दाखिल हो जाता है? आखिर कब और कैसे इसकी शुरुआत होती है? और किनके जरिए सबसे पहले हमारी डर से मुलाकात होती है?

अगर हम सभी अपने बचपन को याद करें तो हमें काफी हद तक अपने इन प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। इंसान कोई पैदाइशी डरपोक नहीं होता। जीवन के शुरुआती पड़ाव यानी बचपन में उसके लिए हर रंग और अनुभव नवीनता लिए होता है। हम देखते हैं कि बच्चा जितना दिन के उजाले और रंगबिरंगी दुनिया से प्यार करता है उतना की अंधेरे की चांद-सितारों की दुनिया को भी। अंधेरे से भय का अहसास उसमें तब तक नहीं जड़ जमाता जब तक कि उसके सामने अंधेरे को, किसी भूत प्रेत या किसी जानवर की सूरत के बतौर, भय का जामा पहनाकर हमारे प्रियजनों द्वारा ही पेश नहीं किया जाता। अपने आसपास और स्वयं अपने बचपन के दिनों को याद करें तो हम पाएंगे कि हमारे सामने सबसे पहले हमारे अपनों ने डर की दुनिया परोसी थी। हालांकि कोई भी प्रियजन अपने बच्चे को डरपोक बनाना नहीं चाहता लेकिन जाने-अनजाने में बच्चे की जिज्ञासाओं व उसके मासूम व कभी कभी विचित्र व अबूझे सवालों का अनुत्तर उनसे यह कारनामा करा जाता है।

एक सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि हमारे सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश में बच्चों की जिज्ञासाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं दी जाती। प्रायः उनके सवालों को, उनकी जिज्ञासाओं को, कभी डांट फटकार तो कभी किसी अंजान भय के जरिए, नियंत्रित या दबाने का प्रयास किया जाता है। हालांकि यह भी सच्चाई है कि निंरतर उदार व बहुआयामी हो रही दुनिया ने आज की उदार और शिक्षित पीढ़ी को अपने बच्चों के प्रति उदार व संवेदनशील बनाया है। वह अधिकतम बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास करती है। लेकिन हमारा वृहद सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश अभी भी पुराने सामंती तौर तरीकों में जकड़ा होने के कारण बच्चों में, उनके माता पिता से इतर, किन्हीं चोर दरवाजों से डर की दुनिया परोसता है।

आखिर इस डर को कैसे जीता जा सकता है? क्या टीवी आदि में दिखाए जाने वाले माऊंटेनड्यू मार्का विज्ञापन के आधार पर ? जैसे आप कोई घुट्टी या ड्रिंक पीएं और डर गायब? जी नहीं। यह ऐसे आवेग के रूप में हमारे भीतर समाया रहता है, जो हमारी शारीरिक-मानसिक क्षमता से परे है, जिससे हम लड़ नहीं सकते। दूसरे शब्दों में डर अधीनता या गुलामी का जामा पहने होता है। और इसे अगर किसी चीज से नियंत्रित किया जा सकता है तो वह है तर्क और विवेक। जैसे जैसे तर्क और विवेक की दुनिया फैलती जाती है, डर की दुनिया सिमटती जाती है।

हमें अपने मानसिक जगत से डर को बेदखल करने के लिए तर्क और विवेक को चुनना होगा। क्योंकि डर के मूल कारणों तक हमें तर्क और विवेक ही पहुंचाते हैं। जैसे ही हमें अपने डर का कारण पता चलता है, वैसे ही डर गायब हो जाती है। और जब डर गायब होता है तो कुछ भी करने या पाने की हिम्मत अपने आप आ जाती है। फिर कामयाबी की बुलंदी छूना असंभव नहीं रह जाता।

# मुश्किल समय में सकारात्मक मानसिकता बनाए रखना महत्वपूर्ण: अय्यर

**एजेंसी।** इंदौर

**जब** किसी को बार-बार चोटों से जूझना पड़ता है तो संदेह पैदा हो सकता है, लेकिन श्रेयस अय्यर का कहना है कि यह अपनी क्षमताओं पर उनका अटूट विश्वास था जिसने उन्हें अकेलेपन के दौर से उबरने में मदद की।भारत ने एशिया कप जीता जिसमें अय्यर ने पीठ की सर्जरी के कारण छह महीने बाद वापसी की लेकिन टूर्नामेंट के बीच में पीठ में ऐंठन के कारण उन्हें दो सप्ताह के दौरान केवल एक बार बल्लेबाजी करने का मौका मिला।हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच में उन्होंने नौ गेंद पर 14 रन बनाए जिससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला और वह एक और मौके का बेसब्री से इंतजार कर



रहे थे। आखिरकार पिछले हफ्ते मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में यह मौका आया लेकिन वह रन आउट हो गए।

## यह मेरी बेहतरीन पारियों में से एक थी

**अय्यर** को इस बात की पूरी जानकारी थी कि उन्हें किस तरह की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है लेकिन एशिया कप के अधिकांश मैच नहीं खेल पाने के बावजूद वह शांत रहने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर यह काफी उतार-चढ़ाव भरा था। ईमानदारी से कहूं तो मैं खुद को धन्यवाद देना चाहता हूं। उस समय अपनी क्षमताओं और मानसिकता पर विश्वास करने के लिए। मैं थोड़ा अकेला महसूस कर रहा था लेकिन मेरे फिजियो, मेरे प्रशिक्षकों, मेरे परिवार को धन्यवाद। उन्होंने मेरा समर्थन किया, उनके आसपास रहने के लिए आभारी हूं। अय्यर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने तीसरे एकदिवसीय शतक को काफी ऊपर आंकते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरी बेहतरीन पारियों में से एक थी, खासकर चोट से उबरने के बाद। मैं वापसी करने और टीम के लिए प्रदर्शन करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था।

विश्व कप के लिए भारत के मध्यक्रम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे अय्यर ने हालांकि रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में दबाव के बीच शतक जड़ा।अय्यर ने 90 गेंदों पर 105 रन की मैच विजई पारी खेलने के बाद कहा, मैं मजबूती से वापसी करने के लिए बेताब था। मैं पिछले मैचों में मिली शुरुआत को अच्छी पारी में बदलने का इंतजार कर रहा था। आज मुझे मौका मिला, मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अपनी क्षमताओं पर संदेह नहीं कर रहा था क्योंकि मुझे पता था कि मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं, साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ मुझे जो शुरुआत मिली थी। बस एक पारी की बात थी और मुझे पता था कि यह करीब है, शुक्र है कि मैं इसे बड़ी पारी में बदल पाया। सभी मुकाबले हमें विश्व कप से पहले मिल रहे हैं, यह हमारे लिए एक अच्छा मंच है, खासकर मेरे लिए। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की प्रशंसा की जिनके साथ उन्होंने 200 रन की साझेदारी की जिससे भारत पांच विकेट पर 399 रन बनाने में सफल रहा।भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई दोनों टीम प्रबंधन विश्व कप को ध्यान में रखते हुए श्रृंखला में प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दे रहे हैं। भारत ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को पिछले पांच वनडे मैचों में लगातार पांचवीं शिकस्त देकर श्रृंखला अपने नाम कर ली।

# श्रीलंका के सचित्र सेनानायके को मैच फिक्सिंग मामले में जमानत मिली



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके को कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत से सोमवार को जमानत मिल गई। उन्हें खेल भ्रष्टाचार जांच ईकाई ने मैच फिक्सिंग के आरोपों में इस महीने गिरफ्तार किया था। अदालत ने उनके विदेश जाने पर भी रोक लगा दी थी। सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेले हैं। उन पर लंका प्रीमियर लीग 2020 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। अदालत ने उन्हें 50 लाख श्रीलंकाई रूपए के निजी मुचलकों पर जमानत दी।

## खेल एशियाड ग्रेम 2023

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता

### फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया, तितास ने 3 विकेट लिए

**एजेंसी** /हांगझोउ





**युवा** तेज गेंदबाज टिटास साधू के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सोमवार को श्रीलंका को 19 रन से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन ही बना सकी। चार दिन बाद अपना 19वां जन्मदिन मनाने जा रही साधू ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ और आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने खराब शुरूआत की लेकिन बाद में लय पकड़ ली। भारत शुरू से ही स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन क्रिकेट का स्तर और पिच दोनों खराब रहे। साधू ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट निकाल दिए जिनमें श्रीलंकाई कप्तान चामारी अटापट्टू का विकेट शामिल है।

भारतीय महिला टीम को झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद एक तेज गेंदबाज की कमी खल रही है। साधू ने प्रतिभा की बानगी पेश की लेकिन कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उसकी असल परीक्षा होगी।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दीप्ति से गेंदबाजी की शुरूआत कराई लेकिन अटापट्टू ने उसे आते ही छक्का और चौका जड़ा। दूसरे ओवर में साधू ने अनुष्का संजीवनी (1) को मिडआफ पर हरमनप्रीत के हाथों लपकवाया। उसने इसके बाद विष्मी गुणरत्ने (0) को आउट किया और अगले ओवर में अटापट्टू को रवाना किया। तीन विकेट 14 रन पर गंवाने के बाद हसिनी परेरा (25 रन) ने श्रीलंका को 50 रन के पार पहुंचाया। राजेश्वरी ने उनका विकेट लिया।

निलाक्षी डिसिल्वा (23 रन) और ओषाडी रणसिंघे (19) ने पांचवें विकेट के लिए 38 रन जोड़े। पूजा वस्त्राकर ने डिसिल्वा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा जबकि दीप्ति ने रणसिंघे का विकेट लिया। इससे पहले भारत के लिए स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) और जेमिमा रौड्रिग्ज (40 गेंद में 42 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े।

## भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण

**एजेंसी।** हांगझोउ

**विश्व** चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने निशानेबाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ यहां एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जो निशानेबाजी में भारत का चौथा पदक है। ऐश्वर्य ने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे। ऐश्वर्य ने तीसरे स्थान के शूट ऑफ में रुद्रांक्ष को पछाड़कर 228.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।ऐश्वर्या पार्क हाजुन को पछाड़कर रजत पदक जीतने की दौड़ में शामिल थे लेकिन अंतिम शॉट पर 9.8 अंक के साथ बाहर हो गए। दक्षिण कोरिया के इस निशानेबाज को अंतत: रजत पदक जीता जबकि चीन के शेंग लिहाओ ने 253.3 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।इससे पहले रुद्रांक्ष, ओलंपियन दिव्यांश पंवार और ऐश्वर्य की



तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में 1893.7 के कुल स्कोर के साथ चीन और दक्षिण कोरिया की मजबूत टीमों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुल स्कोर का पिछला विश्व रिकॉर्ड 1893.3 अंक का था जिसे एक महीने से भी कम समय पहले चीन की टीम ने अजरबेजान के बाकू में विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। दक्षिण कोरिया ने कुल 1890.1 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि 1888.2 अंक के साथ कांस्य पदक चीन की झोली में गया।

## भारतीय पुरूष टीम ने मलेशिया को हराया महिला टीम हारी



हांगझोउ। भारतीय टीमों के लिए बास्केटबॉल कोर्ट पर मिला जुला दिन रहा जब पुरूष टीम ने मलेशिया को हरा दिया लेकिन महिला टीम उजबेकिस्तान से हार गई। पुरूषों के वर्ग में भारत के सहज प्रताप सिंह सेखों ने दस अंक बनाए जिसकी मदद से पूल सी में भारत ने मलेशिया को 20 . 16 से मात दी। अब भारतीय टीम का सामना बुधवार को मकाउ से होगा। महिला वर्ग में भारत को पूल ए के मैच में उजबेकिस्तान ने 19 . 14 से हराया। भारत की वैष्णवी ने नौ अंक बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी।

# पीसीबी ने टीम की यात्रा से दो दिन पहले तक भारतीय वीजा नहीं मिलने पर आईसीसी से संपर्क किया

**एजेंसी।** इंदौर



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वीजा मुद्दों के कारण विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम की भारत यात्रा में देरी पर सोमवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के समक्ष गंभीर चिंता जताते हुए दावा किया कि इससे टीम की तैयारी प्रभावित हो रही है। पीसीबी ने आईसीसी को लिखा कि वह अब भी इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से वीजा मंजूरी का इंतजार कर रहा है। पाकिस्तान को अभ्यास मैच के लिए 27 सितंबर को हैदराबाद पहुंचने से पहले दुबई में दो दिवसीय टीम बॉन्डिंग सत्र आयोजित करना था। भारतीय वीजा पर अनिश्चितता के कारण दुबई के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम हैदराबाद में दो अभ्यास मैच के बाद विश्व कप के इतने ही मुकाबले खेलेगी। टीम को 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलना है।पीसीबी ने आईसीसी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस को संबोधित पत्र में दावा किया कि भारत में विश्व कप के लिए खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, प्रशंसकों और पत्रकारों को दिए जाने वाले वीजा पर उसकी चिंताओं पर तीन साल से अधिक समय से ध्यान नहीं दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया कि पाकिस्तान के साथ इस तरह का असमान व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।पीसीबी के प्रवक्ता ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, पिछले एक सप्ताह से पीसीबी को हमेशा यही कहा जा रहा है कि वीजा 24 घंटे में मिल जाएगा लेकिन हम अब भी इंतजार कर रहे हैं।

हमें ऐसे संकेत मिले हैं कि भारतीय गृह मंत्रालय से वीजा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया गया है। पाकिस्तान की टीम ने भारत में आखिरी बार 2016 टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण क्रिकेट टीमें एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंटों में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं। पीसीबी सूत्रों ने बताया कि दुबई यात्रा रद्द होने के बाद लगभग 35 सदस्ईय पाकिस्तानी दल के उड़ान टिकट फिर से बुक किए गए हैं। टीम को अगर समय पर वीजा मिला तो यह दल 27 सितंबर की सुबह लाहौर से दुबई होते हुए हैदराबाद के लिए रवाना होगी।

एक सूत्र ने कहा, जहां तक विश्व कप के लिए टीम की तैयारी का सवाल है, वीजा में देरी के कारण झटका लगा है। अभ्यास मैच में चार दिन से भी कम समय बचा है और खिलाड़ी अनिश्चितता की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, अगर खिलाड़ियों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो प्रशंसकों और पत्रकारों के वीजा आवेदनों का क्या होगा। पाकिस्तान के खेल से जुड़े वीजा आवेदकों को तीन मंत्रालयों (गृह, विदेश और खेल) से मंजूरी की आवश्यकता होती है।

## भारतीय पुरुष टीम से स्वर्ण पदक के लक्ष्य के साथ खेले: जेमिमा रौड्रिग्ज

**हांगझोउ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्ज ने पुरुष टीम से सोने के तमगे के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरने का आग्रह किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा ले रही है। टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 116 रन बनाने के बाद टिटास साधू (चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका की पारी को आठ विकेट पर 97 रन पर रोक दिया। इस शानदार जीत के बाद रोड्रिग्ज ने यहां पत्रकारों से कहा, हमने पुरुष टीम से बात की है। हमने उन्हें कहा है कि हम स्वर्ण पदक के साथ आ रहे हैं और आपको भी सोने का तमगा हासिल करना चाहिए। बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर रौड्रिग्ज 40 गेंद में 42 रन की पारी खेलने के साथ दूसरे विकेट के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (45 गेंद में 46 रन) के साथ 73 रन साझेदारी कर जीत की नींव रखी।भारत के कोच हृषिकेश कानिटकर भी देश के लिए पदक जीतने से खुश है।

# सिंगापुर के खिलाफ पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने पर ध्यान देगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**एजेंसी।** हांगझोउ

**पहले** मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में मंगलवार को जब पूल ए के अपने दूसरे मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की अपनी दर में सुधार करना होगा।स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार भारत ने अपने पहले मैच में उजबेकिस्तान को 16-0 से करारी शिकायत दी थी लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम जानती है कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करना है।विशेष कर जब पेनल्टी कार्नर की बात आती है तो भारतीय टीम ने कुछ अच्छे ड्रग फ्लिकर होने के बावजूद मौके गंवाए। इन खिलाड़ियों में हरमनप्रीत, वरुण कुमार, अमित रोहिदास और संजय शामिल हैं। हरमनप्रीत को पहले मैच में विश्राम दिया गया था।

इन खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत 14 पेनल्टी कॉर्नर में से केवल पांच पर ही गोल कर पाया था। सिंगापुर के खिलाफ अगले मैच से पहले मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के लिए यह चिंता का विषय होगा।भारत के लिए अच्छी बात यह है कि हरमनप्रीत मंगलवार को मैच में खेलेंगे और उनके कौशल को देखते हुए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का मुख्य जिम्मा उन्हीं का होगा। उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सकारात्मक पहलू उसकी अग्रिम पंक्ति का प्रदर्शन रहा।

# भारतीय महिला रग्बी टीम लगातार चार हार के बाद आठवें स्थान पर रही

**एजेंसी।** हांगझोउ

**भारतीय** महिला रग्बी टीम एशियाई खेलों में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में से एक भी जीत दर्ज करने में नाकाम रही। भारत को पूल एफ के अपने तीसरे मैच में सोमवार को यहां विश्व रैंकिंग में 35 वें स्थान पर काबिज सिंगापुर ने 15-0 से हराया।इससे पहले रविवार को टीम को हांगकांग ने 38-0 और जापान ने 45-



0 के बड़े अंतर से हराया था। भारतीय टीम इस तरह ग्रुप चरण के मैचों में एक भी अंक नहीं बना सकी। सातवें और आठवें स्थान के मैच में भी भारतीय टीम ने निराश किया।

# भारत को महिला हैंडबॉल में जापान ने हराया

**एजेंसी।** हांगझोउ

**भारतीय** महिला हैंडबॉल टीम को एशियाई खेलों के अपने शुरूआती मैच में सोमवार को यहां जापान से हार का सामना करना पड़ा। जापान ने ग्रुप बी के इस मुकाबले को 41-13 के बड़े अंतर से अपने नाम किया। भारत के लिए सिर्फ मोनिका अपने खेल से प्रभावित कर सकी। मोनिका ने चार गोल कर भारत को मैच के चौथे मिनट में बढ़त दिला दी थी। जापान ने



हालांकि इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 30 मिनट के पहले हाफ में 21-4 की बढ़त बना ली। टीम ने दूसरे हाफ में भी 20 अंक बनाकर भारत पर एकतरफा जीत दर्ज की। भारत के लिए प्रियांक और पी ठाकुर ने तीन-तीन गोल किए, जबकि एम शर्मा, भावना और एस ठाकुर ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ग्रुप चरण में अपने अगले मैच में बुधवार को हांगकांग से भिड़ेगी जबकि जापान का सामना नेपाल से होगा। इस ग्रुप में चीन की टीम भी है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसका आयोजन तीन अक्टूबर को होगा।

# बोपन्ना और युकी की अप्रत्याशित हार, अंकिता और रूतुजा प्री क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी।** हांगझोउ

एक बड़े उलटफेर में स्वर्ण पदक के दावेदार शीर्ष वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी सोमवार को टेनिस पुरूष युगल में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गए। भांबरी खेल के आखिरी हिस्से में लय हासिल करने के लिए जूझते नजर आए। उजबेकिस्तान के सर्जेइ फोमिन और खुमोयुन सुल्तानोव ने यह मुकाबला 2.6, 6.3, 10.6 से जीता। यह हार भारतीय जोड़ी को बहुत खलेगी क्योंकि बोपन्ना युगल में शीर्ष दस खिलाड़ियों में है और भांबरी भी शीर्ष सौ में हैं जबकि उजबेक टीम शीर्ष





300 में भी नहीं है।

दूसरे सेट में 3.4 स्कोर पर भांबरी ने डबलफाल्ट किया जिससे एक ब्रेक प्वाइंट गंवा दिया। बैकहैंड पर उनके कमजोर शॉट से उजबेक टीम ने बढत बना ली। सुपर टाइब्रेकर में उजबेक टीम ने 3.0 की बढत बना ली और जल्दी ही इसे 5. । कर लिया। बोपन्ना की सर्विस पर शानदार सर्विस रिटर्न के दम पर यह बढत 6.1 की हो गई। फोमिन ने बैकहैंड पर विनर लगाकर चार मैच प्वाइंट बनाए। भारतीय जोड़ी ने पहला मैच प्वाइंट बचा लिया लेकिन सुल्तानोव ने विनर लगाकर मुकाबला जीता। भारतीय कोच जीशान अली ने कहा कि बोपन्ना को मैच में भांबरी से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। उन्होंने कहा , इस स्तर पर ऐसे मैच में इतनी गलतियां नहीं कर सकते। आपको मौकों को भुनाना आना चाहिए। रोहन ने अच्छा खेला लेकिन उसे अपने साथी से सहयोग नहीं मिला जो इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। बोपन्ना ने पिछले सप्ताह अपने करियर का आखिरी डेविस कप मैच खेला था। 43 साल के बोपन्ना आखिरी बार एशियाई खेलों में चुनौती पेश कर रहे है। वह 2018 में दिविज शरण के साथ पुरुष एकल का स्वर्ण जीत चुके है। बोपन्ना ने बाद में रुतुजा भोसले के साथ मिश्रित युगल में उज्बेकिस्तान के अक्गुल अमामुराडोवा और मैक्सिम शिम की जोड़ी को शिकस्त दी। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 6-4, 6-2 की जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भांबरी मिश्रित युगल में अंकिता रैना के साथ चुनौती पेश करेंगे। इससे पहले भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी अंकिता ने शानदार शुरूआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रूतुजा भोसले को निचली रैंकिंग वाली अरूजान सगनडिकोवा के खिलाफ जीतने में काफी पसीना बहाना पड़ा।

# श्रीहरि लगातार दूसरे फाइनल में, लिकिथ और पुरूषों की चार गुणा 200 मीटर टीम भी पदक की दौड़ में

**एजेंसी।** नई दिल्ली

भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज एशियाई खेलों में सोमवार को पुरूषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में छठे स्थान पर रहकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गए।

पुरूषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में छठे स्थान पर रहे नटराज ने 25 . 43 सेकंड का समय निकाला और अपनी हीट में तीसरे जबकि कुल छठे स्थान पर रहे। लिकिथ सेल्वराज पुरूषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। उन्होंने। : 01 . 98 का समय निकाला। आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, कुशाग्र रावत और तनीश जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी पुरूषों की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में फाइनल में पहुंच गई।भारतीय टीम हीट में 7 : 29 . 04 का समय निकालकर छठे स्थान पर रही।

पूर्व कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े (पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), ओलंपियन माना पटेल (महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक), अनिल कुमार एस आनंद (पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), देसिंघु धिनिधि



(महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल) और हशिका रामचंद्र (महिलाओं की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले) फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।